दैनिक
# सत्ता सुधार
जनता के साथ जनता की आवाज
श्योपुर ■ शनिवार 23 नवंबर 2024 ■ वर्ष -19 ■ अंक-134 ■ पृष्ठ-16 ■ मूल्य-₹03

**सुविचार**
दु:ख और वेदना के अथाह सागर वाले इस संसार में प्रेम की अत्यधिक जरूरत है।
-डॉ. रामकुमार वर्मा

नागपुर में एग्रोविजन राष्ट्रीय कृषि मेला : केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा

# देश में मध्यप्रदेश की कृषि विकास दर अव्वल

## सीएम बोले- एक और एक ग्यारह बनकर काम करेंगे मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र

## सामाजिक व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित करने वाले डॉक्टर हैं गडकरी जी...

### मप्र के मंत्री-अफसरों का एक दल मेले अध्ययन के लिए भेजूंगा

**सत्ता सुधार ■ भोपाल/मुंबई**

देश की पुरानी संरचना में मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र एक साथ हुआ करते थे। सीमा विभाजन के साथ यह अलग जरूर हो गए, लेकिन इनके आपसी संबंध आज भी बरकरार हैं और गहरे भी हैं। कृषि से कल्याण और विकास की भावना के साथ अब यह दोनों राज्य एक और एक, ग्यारह होकर साथ चलेंगे।

यह बात मध्यप्रदेश के सीएम डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के नागपुर में आयोजित एग्रोविजन राष्ट्रीय कृषि मेले के शुभारंभ के दौरान कही। दरअसल, कृषि आधारित इस कार्यक्रम इंडियाज प्रीमियर एग्रो समिट का यह 15वां संस्करण था। समारोह में मौजूद केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मप्र की कृषि व्यवस्था को सबसे आगे बताया। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश की कृषि विकास दर देश भर में अव्वल है।

गडकरी ने कहा कि किसान कृषि की नई तकनीक से जुड़ें। बलिराजा के परिश्रम से आधुनिक तकनीक को जोड़ा जाए। विदर्भ के किसानों को कृषि क्षेत्र की नई तकनीक और व्यवसाय अवगत हों। उनकी आय में वृद्धि हो। खेती लाभदायक हो और किसान सुखी, संपन्न और समृद्ध हो इस उद्देश्य से हर साल नागपुर में अॅग्रो व्हिजन का आयोजन किया जाता है। 2009 में शुरू हुई मध्य भारत की यह एकमात्र भव्य कृषि प्रदर्शनी इस वर्ष अपने 15वें वर्ष में प्रवेश कर रही है, जिससे किसानों में नया आत्मविश्वास निर्माण हो रहा है। वहीं मुख्यमंत्री मोहन यादव ने जब मंच संभाला तो उन्होंने सबसे पहले केंद्रीय मंत्री गडकरी के प्रोत्साहन उद्बोधन के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा कि गडकरी की यह बातें प्रेरणादायक भी हैं और अधिक मेहनत करने की तरफ अग्रसर करने वाली भी हैं।

- हमने गौ-पालकों को गाय के स्थान पर गौरी देने की योजना बनाई
- गौ-पालक पांच गौरी ले जाएं और अपने घर पर उनको बड़ा करें
- गौ-पालक 2 गाय अपने घर में ही रख लें और तीन गाय हम खरीदेंगे
- गौ-पालक दूध का विक्रय करेंगे उससे उनकी आय में वृद्धि होगी



**अपने घर ही आया हूं...**

सीएम डॉ. मोहन यादव ने खुद को महाराष्ट्र की धरती पर आने को अपने घर आने से निरूपित किया। उन्होंने कहा कि बाजीराव से लेकर अहिल्या बाई और सिंधिया तक के संबंध इस प्रदेश से रहे हैं। इन सभी महानुभावों का मप्र में गहरा और अविस्मरणीय योगदान है। मप्र स्थापना से पहले मध्य प्रांत की राजधानी होने के नाते हम सभी इस प्रदेश की जनता रहे हैं। इसके चलते नागपुर और महाराष्ट्र हमारा अपना घर ही है।

**गाय मां की तरह सब समझती है...**

नागपुर में हुए इस एग्रोविजन विजन समारोह को मुख्यमंत्री ने विकास का नया अध्याय बताया। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र की तरह हमारे मप्र में भी गौवंश के संरक्षण के विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। इसके लिए प्रदेश सरकार ने कई योजनाएं बनाई हैं और उन पर काम किया जा रहा है। महाराष्ट्र में जिन्हें गौरा गौरी कहा जाता है, मप्र में उन्हें बछड़ा-बछड़ी कहते हैं। यह संवेदनशील गौमाता जन्म देने वाली माता के समान ही संवेदना रखती है। वह हमारी हर बात सुनती और समझती है, बस उनको शब्दों में व्यक्त नहीं कर पाती है।

**गौमाता से फायदे अनेक**

सीएम ने कहा कि घर घर दूध उत्पादन क्षमता बढ़ाने के हम प्रयास कर रहे हैं। इसके लिए लोगों को दूध देने वाली गाय सौंपकर उनके लालन पालन की जिम्मेदारी सौंप रहे हैं। दूध देना बंद करने के बाद इनको व्यवस्थित घर देने के लिए प्रदेश में बड़ी गौशालाएं बनाई जा रही हैं। इसी कड़ी में राजधानी भोपाल में करीब 15 हजार की क्षमता वाली गौशाला का निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा गौकास्ट आदि के व्यवस्थित उपयोग के लिए बड़े संयंत्र लगाने की योजनाएं भी शुरू की गई हैं।

**विकास के पथ पर चलेंगे साथ**

मुख्यमंत्री ने महाराष्ट्र की कृषि आधारित योजनाओं की तारीफ की और इनसे बहुत कुछ सीखने की बात भी कही। उन्होंने कहा कि इन सभी प्रोजेक्ट का परीक्षण और इनसे प्रशिक्षण लेने के लिए वे जल्दी ही मप्र से मंत्रियों का एक दल महाराष्ट्र भेजेंगे। कृषि आधारित योजनाओं से घर घर की आमदनी के जो प्रयास यहां किए जा रहे हैं, वह प्रशंसनीय हैं। उत्पादन बढ़ाने के साथ इनके लिए योग्य बाजार की कल्पना और प्रयास भी रेखांकित किए जाने जैसे हैं।

---

## ब्रीफ न्यूज

**दिल्ली विस चुनाव से पहले सीएम आतिशी को राहत**

**नई दिल्ली।** दिल्ली चुनाव से पहले सीएम आतिशी को बड़ी राहत मिली है। मानहानि केस में राउज एवेन्यू कोर्ट ने मजिस्ट्रेट के समक्ष कार्यवाही पर रोक लगा दी है। अब मामला 2 दिसंबर को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है।

**आसाराम ने की सजा को निलंबित करने की मांग**

**नई दिल्ली।** आसाराम बापू ने उम्र कैद की सजा को निलंबित करने की मांग सुप्रीम कोर्ट से की। उनकी याचिका पर कोर्ट ने गुजरात सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। पीठ ने कहा कि इस मुद्दे पर विचार चिकित्सा आधार पर ही किया जाएगा।

**राहुल-खड़गे को भेजा 100 करोड़ का मानहानि नोटिस**

**मुंबई।** महाराष्ट्र चुनाव से पहले हुए कैश कांड पर भाजपा महासचिव विनोद तावड़े ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी को 100 करोड़ का मानहानि नोटिस भेजा। तावड़े ने कहा कि भाजपा और मुझे बदनाम करने के लिए इन नेताओं ने झूठे आरोप लगाए।

**नीट पेपर लीक केस: पांचवीं पूरक चार्जशीट कोर्ट में पेश**

**पटना।** नीट पेपर लीक केस में सीबीआई ने 5वीं पूरक चार्जशीट पेश की है। चार्ज शीट में पांच आरोपियों के नाम शामिल हैं, जिनमें गिरोह के अमित कुमार सिंह का नाम भी शामिल है। अमित ने पेपर लीक की पूरी साजिश रची और उसे अंजाम दिया।

## विजयपुर में कांटे की टक्कर, बुधनी की कड़ी चुनौती

### नेताओं की बढ़ी धड़कन...महाराष्ट्र-झारखंड-यूपी-एमपी-वायनाड में मतगणना आज

- विस उपचुनावः विजयपुर-बुधनी उपचुनाव का परिणाम आज
- भाजपा-कांग्रेस दोनों दलों के नेता कर रहे अपनी जीत का दावा

**सत्ता सुधार ■ भोपाल/नई दिल्ली**



महाराष्ट्र -झारखंड विधानसभा और यूपी-एमपी विस उपचुनाव और वायनाड लोकसभा उपचुनाव के परिणाम 23 नवंबर को घोषित किए जाएंगे। उक्त राज्यों में चुनावी शोर थम चुका है। अब सभी की नजरें इन दोनों राज्यों के चुनाव परिणाम पर हैं। महाराष्ट्र में विधानसभा की 288 सीटें हैं। यहां मुख्य मुकाबला महायुति और महा विकास अघाड़ी के बीच है। महायुति में भाजपा, शिवसेना और एनसीपी हैं, जबकि महा विकास अघाड़ी में कांग्रेस, एनसीपी शरद पवार गुट और शिवसेना यूबीटी शामिल हैं। झारखंड में विधानसभा की 81 सीटें हैं। यहां मुख्य मुकाबला जेएमएम-कांग्रेस के नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन और भाजपा-आजसू के एनडीए गठबंधन के बीच है। वहीं वायनाड लोकसभा उपचुनाव में सब की नजरे टिकी हैं। प्रियंका गांधी का मुकाबला राज्य के सत्तारूढ़ एलडीएफ सत्यन मोकेरी और भाजपा की नव्या हरिदास से है। दोनों स्थानीय प्रत्याशी हैं। इधर, यूपी की नौ सीटों पर विस उपचुनाव की मतगणना की तैयारियां पूरी हो गई हैं। यूपी में भाजपा और सपा में मुख्य मुकाबला माना जा रहा है। सुबह 8 बजे से काउंटिंग शुरू हो जाएगी। इसके बाद सुबह 9 बजे से रुझान आने लगेंगे। मतगणना के दौरान कंट्रोल रूम से सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी। पर्याप्त पुलिस बल भी तैनात रहेगी।

**सुबह 8 बजे से मतगणना**

सुबह 8 बजे से मतगणना आरंभ होगी। विजयपुर विधानसभा में मतगणना शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज श्योपुर में होगी। यहां 327 मतदान केंद्रों में मतों की गणना के लिए 16 टेबल लगाई जाएंगी, जबकि मतगणना 21 राउंड में कराई जाएगी। वहीं, बुधनी विधानसभा की मतगणना शासकीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज सीहोर में होगी। यहां 14-14 टेबल लगाई जाएंगी। 363 मतदान केंद्रों में मतों की गणना के लिए 2 कक्षों में 14-14 टेबल लगाई जाएंगी। यहां पर मतगणना 13 राउंड में कराई जाएगी।

वहीं मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले की विजयपुर और सीहोर जिले की बुधनी विधानसभा में उपचुनाव का परिणाम आज आएंगे। पहले बुधनी और फिर विजयपुर विधानसभा का परिणाम घोषित होगा। बुधनी विस सीट में भाजपा से रमाकांत भार्गव और कांग्रेस के राजकुमार पटेल के बीच टक्कर है। जबकि विजयपुर में कांग्रेस के मुकेश मल्होत्रा, भाजपा के मंत्री रामनिवास रावत के सामने हैं।


छत्तीसगढ़ में जवानों का बड़ा ऑपरेशन

## सुकमा में मुठभेड़, फिर 10 नक्सली ढेर

### सभी शव और हथियार किए गए बरामद

**एजेंसी ■ सुकमा**

छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के नक्सल प्रभावित कोंटा विकासखंड के भेज्जी थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता हाथ लगी है। भेज्जी के जंगल में नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने दस नक्सलियों को मार गिराया। मुठभेड़ में मारे गए सभी 10 नक्सलियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। इस कार्रवाई के दौरान जवानों ने एक इंसास राइफल, एक एके-47, एक सेल्फ-लोडिंग राइफल समेत कई हथियार और भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद किया। मुठभेड़ स्थल से बरामद स्वचालित हथियारों को



देखकर यह संभावना जताई जा रही है कि इस मुठभेड़ में नक्सलियों के बड़े नेता भी मारे गए हो सकते हैं। पुलिस ने मुठभेड़ की पुष्टि की है।

**जंगल में घातक मुठभेड़**

डीआरजी, सीआरपीएफ और एसटीएफ की संयुक्त टीम ने यह अभियान चलाया। कोंटा मुख्यालय से 25 किमी दूर और भेज्जी थाना से 5 किमी दूर स्थित भंडारपदर की पहाड़ियों में यह मुठभेड़ हुई। नक्सली इलाके में बैठक के लिए पहुंचे थे, जिसकी सूचना मिलने पर सुरक्षा बलों ने ऑपरेशन को अंजाम दिया। मुठभेड़ के बाद इलाके में सुरक्षा और कड़ी कर दी गई है।

**इनका कहना है**

सुरक्षा बलों को अदम्य साहस और समर्पण के लिए बधाई। छत्तीसगढ़ से नक्सलियों का सफाया निश्चित है। केंद्रीय गृह मंत्री के द्वारा मार्च 2026 तक राज्य से नक्सलियों के सफाये के लक्ष्य की पूर्ति के लिए राज्य सरकार सुनियोजित तरीके से काम कर रही है। बस्तर में शांति, विकास और प्रगति का दौर लौट चुका है और हम आगे भी इस दिशा में ठोस कदम उठाते रहेंगे।

**विष्णुदेव साय**, सीएम, छग

ज्ञानवापी केस : अगली सुनवाई 17 दिसंबर को होगी

## सुप्रीम सुनवाई के बाद मुस्लिम पक्ष को नोटिस

**एजेंसी ■ वाराणसी**

ज्ञानवापी के एएसआई सर्वे होने से बचे हुए शेष आठ तहखानों, वजूखाने में प्राप्त शिवलिंग व तीनों कथित गुंबदों के पूरक सर्वेक्षण पर आदेश आ गया। सुप्रीम कोर्ट ने वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद के अंदर वजुखाना का एएसआई सर्वेक्षण कराने के लिए हिंदू पक्ष द्वारा दायर याचिका पर मुस्लिम पक्ष को नोटिस जारी किया। हिंदू पक्ष का दावा है कि वजुखाना के अंदर एक शिवलिंग है, जबकि मुस्लिम पक्ष का कहना है कि यह एक फव्वारा है। कोर्ट के आदेश पर इस क्षेत्र को पहले सील कर दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने आज हिंदू पक्ष की याचिका पर जवाब देने के लिए मुस्लिम पक्ष को दो सप्ताह का समय



दिया। इसके अलावा हिंदू पक्ष द्वारा ज्ञानवापी मस्जिद से संबंधित सभी मामलों को वाराणसी के जिला न्यायालय के बजाय इलाहाबाद उच्च न्यायालय में स्थानांतरित करने के लिए एक और याचिका दायर की गई है, जहां वर्तमान में इस मामले की सुनवाई हो रही है। कोर्ट ने मुद्दे को नहीं उठाया और केस को आगे की सुनवाई के लिए टाल दिया। अगली सुनवाई 17 दिसंबर को होगी।

**अति-प्रदूषण पर आतिशी सरकार को 'सुप्रीम' फटकार**

इधर, सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में प्रदूषण को लेकर शुक्रवार को दिल्ली की आप सरकार को फटकार लगाई। अदालत ने कहा- दिल्ली सरकार की कोशिशों से हम संतुष्ट नहीं हैं। सरकार ने ट्रकों की एंट्री रोकने के लिए भी कुछ नहीं किया है। 113 एंट्री पॉइंट पर सिर्फ 13 सीसीटीवी क्यों हैं। केंद्र सरकार इन सभी एंट्री पॉइंट्स पर पुलिस तैनात करे। एक लीगल टीम बनाई जाए जो यह देखे कि क्या वाकई में वाहनों की एंट्री पर रोक लगाई जा रही है या नहीं। इसके लिए हम बार एसोसिएशन के युवा वकीलों को तैनात करेंगे।

## अडाणी विवाद के बीच बाजार में लौटी रौनक

### पांच महीने के बाद सेंसेक्स 1961 अंक चढ़ा और निफ्टी 23900 के पार

- ब्लू चिप शेयरों में खरीदारी से बाजार को संजीवनी
- ब्रेंट क्रूड बढ़कर 74.37 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंचा
- बैंक ऑफ अमेरिका के तीन अफसरों का इस्तीफा

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

अदाणी विवाद के बीच शुक्रवार का कारोबारी सत्र घरेलू शेयर बाजार को रास आया। हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन सेंसेक्स 1,961.32 अंक चढ़कर 79,117.11 पर बंद हुआ। दूसरी ओर, निफ्टी 50 गुरुवार को पांच महीने के निचले स्तर पर पहुंचने के बाद उबरते हुए




23,900 अंकों के पार 557.35 (2.39 फीसदी) अंकों की बढ़त के साथ 23,907.25 पर बंद हुआ। अमेरिकी श्रम बाजार के मजबूत आंकड़ों से घरेलू शेयर बाजार उत्साहित दिखा। उछाल के बाद, बीएसई पर सूचीबद्ध सभी शेयरों का संयुक्त बाजार पूंजीकरण 7.2 लाख करोड़ रुपए बढ़कर 432.57 लाख करोड़ हो गया। सेंसेक्स शुक्रवार को 2.54 प्रतिशत मजबूत होकर फिर से 79,000 के स्तर पर पहुंचने में सफल रहा। यह तेजी वैश्विक बाजारों में मजबूती और निचले स्तरों पर खरीदारी के कारण आई। बीएसई का सेंसेक्स उछलकर 79,117.11 अंक पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी 557.35 अंक या 2.39 प्रतिशत बढ़कर 23,907.25 अंक पर पहुंच गया। वहीं बीएसई पर अंबुजा सीमेंट्स में 3.50 फीसदी, एसीसी में 3.17 फीसदी, अदाणी एंटरप्राइजेज में 2.16 फीसदी, अदाणी पोर्ट्स में 2.05 फीसदी, अडानी टोटल गैस में 1.18 फीसदी और एनडीटीवी में 0.65 फीसदी की तेजी रही।

**उपलब्धि** सेना के बेड़े में शामिल हुईं 550 पिस्तौल, एक बार में करती है 33 राउंड फायर

## अब आतंकियों की खैर नहीं! सेना को मिली स्वदेशी 'अस्मि'

### मेड इन इंडिया...लेफ्टिनेंट जनरल एमवी सुचिंद्र कुमार ने खुद की समीक्षा

**एजेंसी ■ जम्मू**

जम्मू-कश्मीर में बढ़ती आतंकी वारदातों पर दुश्मन को सबक सिखाने के लिए सेना ने कमर कस ली है। दहशतगर्दों के मंसूबों को नेस्तनाबूद करने के लिए जांबाजों के बेड़े में एक ऐसी पिस्तौल को शामिल किया है, जो पल भर में दुश्मन को ढेर कर देगी। वजन में हल्की और कैरी करने में आसान व अनेकों खूबियों से लैस भारतीय निर्मित अस्मि पिस्तौल सेना की उत्तरी कमान को मिल गई है। उत्तरी सेना कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल एमवी सुचिंद्र कुमार ने शुक्रवार को नई शामिल की गई अस्मि मशीन पिस्तौल की समीक्षा भी की। भारतीय सेना ने इस महीने की शुरुआत में उत्तरी कमान में 550 स्वदेशी रूप से विकसित अस्मि मशीन पिस्तौल शामिल की थीं।




**100 फीसदी भारतीय निर्मित हथियार**

खास बात है कि अस्मि पिस्तौल 100 फीसदी भारतीय निर्मित हथियार है। अस्मि को उत्तरी थिएटर में नजदीकी लड़ाई और विशेष अभियानों के लिए इस्तेमाल करना है। उत्तरी कमान में ऑपरेशनल तैयारियों को तेजी देने के लिए आधुनिक हथियार सेना के बेड़े में शामिल किए जा रहे हैं। अस्मि पिस्तौल से आतंकियों पर लगाम कसना आसान हो जाएगा। भारत में निर्मित हथियार को शामिल करना भारतीय सेना की आत्मनिर्भर भारत के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस हथियार को भारतीय सेना के कर्नल प्रसाद बंसोड़ ने रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन के सहयोग से विकसित किया है।

**सब-मशीन गन भी यह पिस्तौल:** हथियार का निर्माण हैदराबाद में लोकेश मशीन्स लिमिटेड द्वारा स्वदेशी रूप से किया जा रहा है। सेना ने कहा कि पिस्तौल का अनूठा सेमी-बुलपप डिजाइन जवान को एक हाथ से संचालन करने को आसान बनाता है। यह पिस्तौल और सब-मशीन गन दोनों के रूप में कार्य कर सकती है। विनिर्देशों के अनुसार इस बंदूक में आठ इंच की बैरल और 9 मिमी गोला बारूद फायर करने वाली 33-राउंड मैगजीन है, उत्तरी कमान के परिचालन क्षेत्र में नजदीकी लड़ाई और विशेष अभियानों के लिए विशेष बलों को हथियार देने के लिए तैयार है।

**अस्मि की खूबियां**

- दावा है कि 100 मीटर तक सटीक निशाना लगा सकती है। एक मैगजीन 33 गोलियां आती हैं।
- मशीन पिस्टल के लोडिंग स्विच दोनों तरफ है, जिससे इसे पिस्टल भी बना सकते हैं और सब-मशीन गन भी।
- यह गन पूरी तरह से मेड इन इंडिया है। जवान इस गन को आसानी से छिपा भी सकता है।

## कनाडा के बदले सुर! बोला-निज्जर हत्या में पीएम मोदी का नाम नहीं

### कनाडाई मीडिया ने कहा- मोदी को साजिश के बारे में पता था

**एजेंसी ■ टोरंटो**

कनाडा सरकार ने उन मीडिया के दावों को खारिज किया है, जिनमें कहा गया था कि पीएम मोदी को खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की प्लानिंग की जानकारी थी। कनाडाई अखबार की रिपोर्ट की एक रिपोर्ट में दावा किया गया था कि विदेश मंत्री एस जयशंकर और एनएसए अजीत डोभाल भी इस बारे में जानते थे। ट्रूडो सरकार की तरफ से शुक्रवार को बयान जारी



करके साफ किया गया कि इस बात का कोई सबूत नहीं है कि कनाडा में आपराधिक गतिविधियों से भारत के प्रधानमंत्री, विदेश मंत्री और एनएसए का लिंक है। 14 अक्टूबर को नागरिकों की सुरक्षा को खतरे की वजह से अफसरों ने कनाडा में जारी आपराधिक गतिविधियों के पीछे भारत सरकार के एजेंटों का हाथ होने की बात कही थी।

## ब्रीफ न्यूज़

### संविधान के 75 साल पूरे होने पर प्रदेश में चलेगा अभियान

**भोपाल।** देश में 15 अगस्त 1947 को देश की आजादी के बाद तैयार किया गया संविधान 26 नवम्बर 1949 को अपनाया गया था। इसके बाद देश में 26 जनवरी 1950 को संविधान लागू किया गया था। संविधान को अपनाने के 75 वर्ष पूरे होने पर संविधान की जानकारी के प्रति जन-जागरूकता के लिए 26 नवम्बर 2024 से वर्ष भर चलने वाला 'हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान अभियान' चलाने का निर्णय लिया है। इस संबंध में संसदीय कार्य विभाग ने शासन के समस्त विभागाध्यक्ष, संभागीय आयुक्त और कलेक्टर्स को पत्र जारी कर निर्देश जारी किए हैं। अभियान के दौरान जन-सामान्य को संविधान की प्रस्तावना, संविधान का निर्माण और देश के संविधान पर गर्व करने जैसे बिन्दुओं पर मुख्य रूप से जानकारी दी जाएगी।

### व्हाइट टॉपिंग से सड़कों की गुणवत्ता में होगा सुधार

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में सड़कों की गुणवत्ता को बेहतर बनाने और यातायात को सुगम बनाने के लिए लोक निर्माण विभाग आधुनिक तकनीकों के उपयोग पर विशेष ध्यान दे रहा है। विभाग ने सड़क निर्माण की अत्याधुनिक व्हाइट टॉपिंग तकनीक को अपनाने का निर्णय लिया है। इस दिशा में पायलट प्रोजेक्ट के तहत 21 जिलों में चयनित 41 मार्गों पर इस तकनीक को लागू किया जाएगा। वाइट टॉपिंग सड़क निर्माण की एक आधुनिक तकनीक है, जिसमें पुरानी डामर सड़कों पर कंक्रीट की मोटी परत चढ़ाई जाती है। यह प्रक्रिया सड़कों को न केवल मजबूत और टिकाऊ बनाती है, बल्कि उनकी आयु 20 से 25 सालों तक बढ़ा देती है।

### फिर कूनो में दहाड़ेंगे चीते बाड़े में छोड़ने की तैयारी

**भोपाल।** मप्र में चीतों की धरती कूनो नेशनल पार्क में अब चीते खुलकर जिएंगे। उन्हें बड़े बाड़े से खुले जंगल में छोड़ने की तैयारी शुरू हो गई है। अब चीते खुले जंगल में ही रहेंगे, जिससे पर्यटक को आसानी से उनके दीदार हो सकेंगे। एक बार फिर चीतों को खुले जंगल में छोड़ा जाएगा। बारिश का सीजन खत्म हो चुका है और हल्की ठंड का सिलसिला भी शुरू हो गया है। जानकारी के अनुसार चीते अलग-अलग चरणों में बाड़े से छोड़े जाएंगे। अभी तारीख तय नहीं हुई है। बता दें कूनो नेशनल पार्क में 12 वयस्क और 12 चीता शावक हैं। सभी को बड़े बाड़े में रखा है। वहीं अब पर्यटकों को उनके दीदार हो सकेगा।

### हाथियों के प्रबंधन का अध्ययन दल पहुंचा अन्नामलाई

**भोपाल।** संजय टाइगर रिज़र्व के नेतृत्व में अधिकारियों की 18 सदस्यीय टीम तमिलनाडु में मानव हाथी संघर्ष प्रबंधन अध्ययन दौरे पर तीसरे दिन टीम ने अन्नामलाई टाइगर रिजर्व का भ्रमण किया, अन्नामलाई के डीएफओ ने वालपराई क्षेत्र में मानव-हाथी संघर्ष के प्रबंधन और इसे कम करने के तरीकों पर प्रेजेंटेशन दिया। संघर्ष प्रबंधन रणनीतियों को विकसित करने में इलाके की जानकारी और हाथी का व्यवहार महत्वपूर्ण कारक है। अन्नामलाई टाइगर रिजर्व ने हांका न लगाने की नीति को अपनाया है और इन उपायों के माध्यम से पिछले दो सालों में हाथियों से संबंधित मृत्यु को शून्य कर दिया गया है।

# प्रदेश के उत्पादों की धूम-लोगों के आकर्षण का केन्द्र बना मध्यप्रदेश मंडप

सत्ता सुधार ■ भोपाल



भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला प्रगति मैदान दिल्ली में मध्यप्रदेश मण्डप में शासकीय विभागों/निगम मण्डलों, स्वसहायता समूहों तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम इकाईयों, स्टार्टअप तथा हस्तशिल्पियों द्वारा भाग लिया गया है। मण्डप में डिण्डोरी के गोंड आर्ट, छतरपुर के टेराकोटा एवं बैतूल के बेलमेटल शिल्प का सजीव प्रदर्शन किया जा रहा है। इस सजीव प्रदर्शन में दर्शक काफी रूचि ले रहे हैं। इस वर्ष भी यह मण्डप लोगों के आकर्षण का केन्द्र बना हुआ हैं। इस मण्डप में ही उन्हें मध्यप्रदेश के पर्यटन का आनन्द जैसा भी हो रहा है।

मंडप में मध्यप्रदेश के जीआई उत्पादों को गैलरी में आकर्षक रूप से प्रदर्शित किया गया है। जिनमें से कई उत्पादों के विक्रय स्टॉल भी लगाये गये हैं। दर्शक रतलाम के नमकीन, मुरैना की गजक, बाग प्रिन्ट एवं उज्जैन के बटिक प्रिन्ट के वस्त्र, चन्देरी एवं महेश्वरी साड़ियां की खरीद कर लुत्फ उठा रहे हैं।

इस वर्ष मेले का यह 43वां संस्करण है। इस मेले में विभिन्न राज्य, केन्द्र शासित प्रदेश, भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों के अलावा विभिन्न राष्ट्रों द्वारा भाग लिया जाता है। आम नागरिकों के लाभ के लिए राज्यों तथा केन्द्र शासित प्रदेशों द्वारा कल्याणकारी योजनाओं, नीतियों एवं उपलब्धियों को प्रदर्शित करने तथा व्यापार, उद्योग एवं सेवाओं को बढावा देने का यह मेला एक मंच है। मेले से स्वदेशी वस्तुओं के निर्यात, अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन, निवेश को बढ़ावा मिलेगा, जिससे अर्थव्यवस्था और अधिक विकसित होगी। इससे हमारा देश वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र का दर्जा हासिल कर लेगा।

मध्यप्रदेश मण्डप में मेले की थीम के अनुरूप प्राचीन सांस्कृतिक एवं कलात्मक धरोहर के साथ तेजी से बढते एवं विकसित होते मध्यप्रदेश के स्वरूप को प्रदर्शित किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की घोषणा के अनुरूप एक जनवरी 2025 से प्रारम्भ होने वाले विकास के चार मिशन- युवा शक्ति, नारी शक्ति, गरीब कल्याण एवं किसान कल्याण को दर्शाया गया है।

मेले में लोग मप्र के विभिन्न जीआई उत्पादों एवं अन्य उत्पादों की खुल कर खरीदी कर रहे हैं। प्रदेश की एमएसएमई इकाईयां/स्वसहायता समूह, शिल्पी तथा कारीगर मेले में भाग लेकर संतुष्ट है। मप्र मण्डप में विभिन्न स्टाल एवं उत्पाद लोगों के आकर्षण का केन्द्र बने हुये हैं। आज दक्षिणा स्व-सहायता समूह के स्टॉल पर पारम्परिक वेशभूषा में समूह के महिला सदस्य उपस्थित थे।

# गीता को आचरण और व्यवहार में धारण कर प्राप्त की जा सकती है सफलता

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने की शिक्षा प्रतियोगिता में विद्यार्थियों से भाग लेने की अपील

सत्ता सुधार ■ भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भगवान श्रीकृष्ण का मध्यप्रदेश की धरती उज्जैन पधार कर आचार्य सांदीपनि जी से शिक्षा प्राप्त करना सनातन संस्कृति की अद्वितीय घटना है। महाभारत जैसे भीषण युद्ध के बीच शास्त्र सम्मत मार्ग दिखाते हुए कर्मवाद की शिक्षा देने का उनका प्रयास और विश्व को श्रीमद् भगवद गीता की देन अद्वितीय है। शास्त्र के रूप में स्थापित भगवद गीता विद्वतजन, ऋषि मुनि से लेकर जन-सामान्य तक के मन में जिज्ञासा भी उत्पन्न करती है और समाधान भी प्रदान करती है। गीता को आचरण और व्यवहार में धारण कर मानव, अपने जीवन को कर्मवाद से जोड़कर सद्मार्ग का अनुसरण करते हुए सफलताएं प्राप्त कर सकता है। इस वर्ष गीता जयंती पर इस्कॉन के साथ मिलकर स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा भगवद गीता पर केंद्रित प्रतियोगिता कराने का निर्णय लिया गया है। गीता के श्लोकों का वाचन, अध्ययन-मनन और भगवद गीता में लोगों की रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से यह अकादमिक अभियान चलाया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विद्यार्थियों से अधिक से अधिक संख्या में इस प्रतियोगिता में भाग लेने की अपील की।

उल्लेखनीय है कि भगवद गीता आधारित मूल्य शिक्षा प्रतियोगिता, स्कूल शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग के विक्रमादित्य शोधपीठ द्वारा इस्कॉन के सहयोग से आयोजित की जा रही है। इसका उद्देश्य छात्रों में स्थायी नैतिक मूल्यों का संचार करना, चरित्र निर्माण को प्रेरित करना और आज के युवाओं में व्याप्त विभिन्न व्यसनों के खतरों के बारे में जागरूकता फैलाना है।

### 26 से 29 तक होंगी प्रतियोगिताएं

जिला स्तरीय प्रतियोगिता के अंतर्गत कक्षा-9 से 12 तक के छात्रों के लिए ऑनलाइन क्विज-प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रत्येक कक्षा की प्रतियोगिता के लिए पृथक-पृथक दिवस निर्धारित किए गए हैं, जिसमें 26 नवंबर को कक्षा -9वीं, 27 नवंबर को कक्षा-10वीं, 28 नवंबर को कक्षा-11वीं और 29 नवंबर को कक्षा-12वीं के छात्रों के लिये क्विज प्रतियोगिता होगी। सभी परीक्षाएं स्कूल में दोपहर 12 बजे से 1 बजे तक आयोजित की जाएंगी।

### व्यक्तित्व के विकास है लक्ष्य

राज्य स्तरीय विजेताओं को मुख्यमंत्री द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। यह मूल्य शिक्षा प्रतियोगिता छात्रों के शैक्षिक पाठ्यक्रम को आवश्यक नैतिक मूल्यों जैसे सत्यनिष्ठा, सहानुभूति, सम्मान और उत्तरदायित्व से समृद्ध बनाने के लिए डिजाइन की गई है। साथ ही उन्हें व्यसनों के हानिकारक प्रभावों के प्रति जागरूक करना और जिम्मेदार एवं नैतिक रूप से भविष्य के जागरूक नागरिकों के रूप में उनके व्यक्तित्व के विकास का प्रयास भी इस पहल का लक्ष्य है।

## सीएम आज करेंगे प्रदेश की पहली हाइटैक गौ-शाला का भूमि-पूजन

### भोपाल के बरखेड़ी डोब में बनेगी, 10 हजार गायों की होगी क्षमता

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बरखेड़ी डोब, भोपाल में 10 हजार गायों की क्षमता वाली हाइटैक गौ-शाला का भूमि-पूजन शनिवार सुबह 10 बजे करेंगे। इस अवसर पर पशुपालन एवं डेयरी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल भी उपस्थित रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में प्रदेश में गौ-संरक्षण एवं गौ-संवर्धन वर्ष मनाया जा रहा है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए भोपाल के बरखेड़ी डोब में 10 हजार गायों की क्षमता वाली अत्याधुनिक गौ-शाला के निर्माण की योजना है। गौ-शाला लगभग 25 एकड़ क्षेत्र में बनाई जा रही है। इसमें गायों के आधुनिक तरीके से रख-रखाव के साथ ही उनके उपचार के लिए सभी संसाधनों से युक्त चिकित्सा वार्ड का भी निर्माण किया जाएगा। गौ-शाला में सीसी टीवी के माध्यम से निरंतर मॉनीटरिंग की व्यवस्था रहेगी।

करीब 15 करोड़ रुपए की लागत की गौ-शाला का निर्माण कार्य ग्रामीण यांत्रिकी विभाग द्वारा कराया जाएगा, वहीं नगर निगम एवं पशुपालन विभाग नोडल एजेंसी होंगे। गौ-शाला को स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट और जिला पंचायत द्वारा वित्तपोषण किया जाएगा। गौ-शाला का संचालन नगर निगम द्वारा किया जाएगा। गौ-शाला का निर्माण तीन चरणों में होगा, जिसमें प्रथम चरण में लगभग 2000 पशु क्षमता का निर्माण किया जाएगा। इस अत्याधुनिक गौ-शाला में पशु आहार आदि कन्वेयर बेल्ट के माध्यम से पहुंचाया जाएगा।

गोबर से सामग्री तैयार होगी। गौ-शाला में रहने वाले पशुओं एवं सड़कों पर घायल एवं बीमार होने वाले पशुओं के उपचार के लिए चिकित्सा वार्ड भी बनाया जा रहा है।

#### ये हैं गौशाला की विशेषताएं

- गायों के उपचार के लिए चिकित्सा वार्ड बनाए जाएंगे।
- गोबर एवं गौमूत्र से विभिन्न सामग्री तैयार की जाएगी ।
- जैविक खाद निर्माण के लिए संयंत्र भी लगाया जाएगा।
- 15 करोड़ की लागत से लगभग 25 एकड़ क्षेत्र में बनाई जाएगी।
- भूसा, हरा घास, पशु आहार आदि कन्वेयर बेल्ट से पहुंचाया जाएगा।
- सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से गायों की 24x7 मॉनिटरिंग की जाएगी।
- यह गौशाला 10 हजार गायों की क्षमता वाली अत्याधुनिक गौ-शाला होगी।

## फ्लोरीकल्चर अपनाकर आत्मनिर्भर बनें किसान : मंत्री कुशवाह

### प्रदेश में फूलों का उत्पादन बढ़कर हुआ 4 लाख 71 हजार मैट्रिक टन



सत्ता सुधार ■ भोपाल

उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने कहा है कि फ्लोरीकल्चर के माध्यम से किसान भाई अच्छा लाभ कमा सकते हैं। गत चार सालों में मध्यप्रदेश में फूलों के उत्पादन क्षेत्र में 5 हजार हैक्टेयर की वृद्धि हुई है। इसके परिणाम स्वरूप प्रदेश के किसानों द्वारा 4 लाख 71 हजार मीट्रिक टन से अधिक फूलों का उत्पादन किया गया है जो एक रिकॉर्ड है।

मंत्री कुशवाह ने कहा कि प्रदेश में छोटे किसान जिनके पास एक या आधा हैक्टेयर भूमि है, वे भी फूलों के उत्पादन से अच्छी आय अर्जित कर सकते हैं। फूलों की खेती कम समय में तैयार हो जाती है और यह केशक्रोप होती है। इससे कृषकों को फसल का तुरंत नगद भुगतान प्राप्त हो जाता है। मध्यप्रदेश के फूलों की नई दिल्ली, मुम्बई, नागपुर, अहमदाबाद, जयपुर जैसे महानगरों में अच्छी मांग है। उद्यानिकी विभाग द्वारा फूलों के उत्पादन करने वाले कृषकों को प्रोत्सहित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश की नर्सरियों को हाई टैक किया जा रहा है। इसके लिए ई-नर्सरी पोर्टल भी बनाया गया है। इनसे फूल-फल उत्पादक को अच्छी किस्म के बीज और पौधे रियायती दरों में प्राप्त हो रहे है। प्रदेश में 100 दिवसीय कार्ययोजना में 20 हजार किसानों और युवाओं को आधुनिक तकनीकों में प्रशिक्षित किया गया है। इसी कड़ी में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत ग्वालियर में 13 करोड़ रुपए लागत से पहली हाई टैक फ्लोरीकल्चर नर्सरी विकसित की जा रही है। यह नर्सरी फूलों की खेती में नवीनतम तकनीकों का प्रयोग किया जाएगा।

#### फूलों के उत्पादन में हुई प्रगति

संचालक उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण ने बताया कि प्रदेश में गत चार सालों में फूलों के उत्पादन में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। वर्ष 2021-22 में प्रदेश में 35 हजार 720 हैक्टेयर में फूलों की खेती की गई जिसमें 4 लाख 12 हजार 730 मैट्रिक टन उत्पादन हुआ था। जबकि वर्ष 2023-24 में 41 हजार 49 हैक्टेयर में 4 लाख 71 हजार 584 मैट्रिक टन फूलों का उत्पादन हुआ जो 2021-22 की तुलना में 58 हजार 854 मैट्रिक टन अधिक है।

## नहीं भा रहा कांग्रेसियों को जीतू का संग नेतृत्व को लेकर छिड़ी जंग : केसवानी

सत्ता सुधार ■ भोपाल



पिछले साल दिसंबर में विधानसभा चुनावों में पार्टी की हार के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद से जीतू पटवारी की कांग्रेस की राज्य इकाई के भीतर आलोचना हो रही है। उनके कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद पीसीसी कार्यालय में पहली बार पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी, स्टेट वर्किंग कमेटी, स्थायी आमंत्रित एवं विशेष आमंत्रित सदस्यों की गुरुवार को बैठक हुई। लेकिन इस बैठक में कांग्रेस पार्टी के कई दिग्गज नेता नहीं पहुंचे। पटवारी को अकेले छोड़े जाने का सामना करना पड़ रहा है। बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, दिग्विजय सिंह, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, अरुण यादव, अजय सिंह, कमलेश्वर पटेल समेत कई बड़े नेता शामिल नहीं हुए।

कांग्रेस की बैठक में बड़े नेताओं की अनुपस्थित पर भाजपा ने जम कर जीतू पटवारी पर तंज कसा है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश केसवानी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा, 'तेल लेने गई कांग्रेस पार्टी बोलने वाले जीतू पटवारी का ढंग देखिए, कमलनाथ, दिग्विजय सिंह और उमंग सिंघार जैसे नेता नहीं आए तो बैठक को भंग कर देते। अपने पोस्ट में उन्होंने लिखा की, कांग्रेसियों को जीतू का संग नहीं भा रहा है। कांग्रेस खेमे में नेतृत्व को लेकर जंग छिड़ी हुई है। खाली कुर्सियों ने कर दिया जीतू को तंग। देख कर जीतू का ढंग कांग्रेस का उड़ गया रंग..'

## अरविंद, अजय और मकवाना में से कोई एक होगा अगला डीजीपी





यूपीएससी ने तीन नामों का बनाया पैनल बनाया, फैसला करेंगे सीएम

**भोपाल।** मप्र का नये पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) बनाए जाने के लिए संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने गुरुवार को बैठक कर तीन नामों का पैनल तैयार कर दिया है। यह पैनल यूपीएससी द्वारा राज्य सरकार को भेजा जा रहा है। इस पैनल में से किसी एक को राज्य सरकार प्रदेश का नया डीजीपी बना सकती है। प्रदेश का नया पुलिस महानिदेशक कौन होगा, इसका अंतिम फैसला सीएम डॉ. मोहन यादव करेंगे। यूपीएससी के पैनल में मध्यप्रदेश कैडर के वरिष्ठतम आईपीएस डीजी होमगार्ड अरविंद कुमार, मप्र पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष व स्पेशल डीजी कैलाश मकवाना और ईओडब्ल्यू डीजी अजय शर्मा शामिल हैं। मप्र सरकार ने एमपी कैडर के 9 वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों के नाम यूपीएससी को डीजीपी का पैनल बनाने के लिए भेजा था। संघ लोक सेवा आयोग की बैठक में प्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग जैन, डीजीपी सुधीर सक्सेना, केंद्रीय गृह मंत्रालय के संयुक्त सचिव और यूपीएससी के प्रतिनिधि दिनेश दास शामिल हुए। जिन तीन नामों का पैनल यूपीएससी द्वारा बनाकर राज्य सरकार को भेजा जा रहा है, उनमें तीनों डीजीपी बनने के लिए पूरी तरह से योग्य हैं, लेकिन अरविंद कुमार की सेवानिवृत्त में एक साल से कम का समय होने के कारण डीजीपी बनने के लिए अजय शर्मा और कैलाश मकवाना के बीच संभवतः अंतिम फैसला होना है। हालांकि यह मुख्यमंत्री को तय करना है कि डीजीपी किसे बनाया जाए।

## जल, जंगल और जमीन संरक्षण मानव अस्तित्व के लिए जरूरीः मंत्री पटेल

### भू-दृश्य बहाली पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम

सत्ता सुधार ■ भोपाल



पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि भू-दृश्य बहाली (लैंडस्केप रिस्टोरेशन) पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यदि इसे व्यापक रूप से अपनाया जाए, तो यह न केवल पर्यावरणीय संतुलन बहाल करेगा बल्कि सतत विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने में भी मदद करेगा। यह पर्यावरण संरक्षण तक ही सीमित नहीं है बल्कि यह स्थानीय समुदायों के लिए आर्थिक विकास के अवसर भी पैदा करती है। इससे कृषि उत्पादन में वृद्धि होती है, जल संसाधनों का संरक्षण होता है और स्थानीय लोगों को रोजगार के नए अवसर मिलते हैं। मंत्री पटेल ने शुक्रवार को निवास कार्यालय में 'मध्यप्रदेश में भू-दृश्य बहाली का विस्तार' विषय पर बैठक में विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव मलय श्रीवास्तव सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे। मंत्री पटेल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों से जल, जंगल और जमीन संरक्षण के कार्य को बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने कहा कि जल, जंगल और जमीन संरक्षण मानव अस्तित्व के लिए जरूरी है। हम संरक्षण कार्य को आजीविका के साथ जोड़कर दूरगामी परिणाम प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने जमीन संरक्षण के लिए जैविक खेती को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि कृषकों को जैविक उत्पादन करने के लिए प्रेरित किया जाए, साथ ही उनके उत्पादों के विपणन के लिये समुचित व्यवस्था की जाए, जिससे कृषकों को निश्चित आय हो सके।

मंत्री पटेल ने कहा कि जिन जिलों में भू-दृश्य बहाली के लिये कार्य किए गए है, उनकी विस्तृत इंपैक्ट रिपोर्ट तैयार की जाएं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बदलते भू-दृश्य पर हमें कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रदेश के कुछ जिलों का चयन किया गया है, आगामी समय में सभी जिलों में यह कार्य किया जाएगा। बैठक में बताया गया कि सीधी और बड़वानी जिले में भूदृश्य बहाली के लिए कई कार्य किए गए हैं। प्रदेश में वर्तमान मे 10 जिलों में इस परियोजना का विस्तार किया जा रहा है।

भू-दृश्य बहाली आज के समय में पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण विषय है। जलवायु परिवर्तन, भूमि क्षरण और जैव विविधता की कमी जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए विश्व में इस दिशा में कई प्रयास हो रहे हैं। भू-दृश्य बहाली का उद्देश्य क्षतिग्रस्त और परित्यक्त क्षेत्रों को उनके प्राकृतिक स्वरूप में पुनः स्थापित करना है, ताकि वे फिर से पर्यावरणीय और आर्थिक गतिविधियों के लिए उपयोगी बन सकें।

**बैठक** कांग्रेस ने की प्रदेश में चल रहे अडाणी प्रोजेक्ट की जांच की मांग

# भाजपा सरकार हम दो हमारे दो वाली नीति पर चल रहीः पटवारी

सत्ता सुधार ■ भोपाल



देश के बड़े उद्योगपति गौतम अडाणी पर अमेरिका में एफआईआर होने के बाद जहां कांग्रेस देशभर में सरकार को घर रही है, वहीं मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी और प्रदेश प्रभारी जितेंद्र भंवर सिंह ने भी सरकार को कटघरे में खड़ा किया है। अडाणी के मध्यप्रदेश में चल रहे प्रोजेक्ट के जांच की मांग कांग्रेस ने की है। भोपाल में शुक्रवार को कांग्रेस प्रदेश कार्य समिति की बैठक के दूसरे दिन प्रदेश प्रभारी जितेंद्र भंवर सिंह ने कहा कि कुछ लोगों को देश का सारा धन दिया जा रहा है। यह बात अब साबित होने लगी। जिस तरह से अडाणी का शेयर बढ़ा है और जनता को भ्रमित किया गया है उसके लिए मोदी सरकार जिम्मेदार है। बीजेपी प्रवक्ता अडाणी प्रवक्ता के तौर पर काम कर रहे हैं।

जितेंद्र भंवर सिंह ने कहा कि बिजली कंपनियों में भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। अफसरों ने कब कितना पैसा लिया है इसका पूरा खुलासा एफबीआई ने किया है। अडाणी और मोदी सरकार का चोली दमन का रिश्ता है। सारे फायदे वाले काम अडाणी और उनके सहयोगियों को दिए जा रहे हैं। रक्षा संबंधी सौदे से जुड़े काम हो या मुंबई के धारावी में एक लाख करोड़ की जमीन। देश के सारे बड़े काम अडाणी को दिए जा रहे। इतने बड़े मामले सामने आने के बाद ही ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स को कुछ दिखाई नहीं दे रहा है।

पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने कहा कि बीजेपी के नेता हमेशा अडाणी का बचाव करते रहे हैं। भाजपा सरकार हम दो हमारे दो वाली नीति पर चल रही है। जिनके खिलाफ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर केस दर्ज हुए हैं वह सब पीएम नरेंद्र मोदी के दोस्त हैं। पटवारी ने कहा कि 2234 करोड़ की रिश्वत ऊर्जा विभाग के अफसरों को दी गई है। बहुत हुआ भ्रष्टाचार अबकी बार मोदी सरकार का नारा अब खूब करो भ्रष्टाचार चल रही मोदी सरकार में बदल गया है। अडाणी ने मीडिया से लेकर सरकारी संस्थानों पर अलग-अलग तरीके से कब्जा जमाया है। न्यूयॉर्क टाइम्स के लेख में अडाणी पर लगे आरोपों का खुलासा किया गया है।

### कर्ज माफी और फायदा अडाणी को

जीतू पटवारी ने कहा कि अडाणी पर अमेरिका में कार्रवाई हो सकती है तो उनके खिलाफ भारत में कार्रवाई क्यों नहीं हो सकती। पटवारी ने आगे कहा कि मोदीजी नारा लगाते हैं, देश नहीं बिकने दूंगा उनका नारा अब अडाणी के लिए होगा कि देश नहीं छूटने दूंगा। 10 साल में साढ़े 16 लाख करोड़ की कर्ज माफी और फायदा अडाणी को दिया गया है। देश में बिजली की कीमत 10 साल में 5 से 7 गुना बढ़ी है। उसके पीछे षड्यंत्र है।

## नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार की हटाई कुर्सी, सियासत शुरू

**भोपाल।** मध्य प्रदेश कांग्रेस में जब से कमलनाथ को हटाकर जीतू पटवारी को प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। पार्टी के अंदर घमासान मचा हुआ है जहां ज्यादातर नेता पटवारी को स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं। वहीं कुछ जमीन नेता भी पद नहीं मिलने से नाराज हैं। इस समय कांग्रेस में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है ! दरअसल, शुक्रवार को प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक बुलाई गई है। इसे लेकर मंच पर नेताओं की कुर्सी लगाई गई। लेकिन बैठक शुरू होने से पहले ही विधान सभा नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार की कुर्सी हटा दी गई। अब इसे लेकर सियासत शुरू हो गई है। भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने कांग्रेस पार्टी और पीसीसी चीफ जीतू पटवारी पर हमला बोला हैं। वहीं एक दिन पहल गुरुवार को कांग्रेस के पॉलिटिकल अफेयर समिति और एग्जीक्यूटिव कमेटी की बैठक हुई थी। इन दोनों बैठकों से दिग्गज नेताओं ने दूरी बनाई थी। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में शुक्रवार को नवनियुक्त प्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी की पहली बैठक हुई। बैठक के लिए मंच पर नेताओं के नाम की कुर्सियां लगाई गई थी। मंच पर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार की भी कुर्सी रखी गई थी लेकिन गुरुवार की बैठक में शामिल नहीं होने पर की मीटिंग से उमंग सिंघार की कुर्सी हटा दी गई।

## ब्रीफ न्यूज

### 5 लाख से अधिक बकाया विधुत बिल वालों को राशि जमा करने के बाद मिलेंगे शस्त्र

**श्योपुर।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा पुलिस अधीक्षक श्री वीरेन्द्र जैन को पत्र लिखकर कहा गया है कि निर्वाचन के दौरान जमा कराये गये शस्त्र वापिस करने की प्रक्रिया के दौरान उन लाईसेंसधारियों के शस्त्र वापस न किये जाये, जिनके ऊपर 5 लाख से अधिक की राशि के विधुत बिल बकाया है। ऐसे शस्त्र लाईसेंसधारियों को शस्त्र तभी वापस किये जाये, जब वह विधुत बिल जमा करने का अदेय प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें। उक्त संबंध में बिजली विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई 5 लाख से अधिक राशि के बकायादारो की सूची भी सभी थाना प्रभारियों को भेजे जाने के संबंध में पत्र के साथ भेजी गई है। उक्त सूची के अनुसार विधुत बिल जमा कर अदेय प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर ही उनके शस्त्र वापिस किये जायें।

### 3 आरोपियों पर 1-1 हजार का ईनाम घोषित

**श्योपुर।** पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र जैन द्वारा मप्र पुलिस रेगुलेशन के पैरा क्रमाक 80-बी(1) में प्रदत्त शक्तियो का उपयोग करते हुए 3 आरोपियों पर 1-1 हजार का रूपये का ईनाम घोषित किया गया है। पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी आदेश के अनुसार आरोपी सत्यनारायण पुत्र रामनिवास नायक, आरोपी संतराम पुत्र दामोदर नायक एवं आरोपी फोटो पुत्र दामोदर नायक निवासीगण ग्राम सोठवा पर 1-1 हजार रूपये का ईनाम घोषित किया गया है। उक्त आरोपियों पर थाना देहात में धारा 109(1), 191(2), 191(3), 296, 115(2) बीएनएस के तहत अपराध क्रमांक 227/24 पंजीबद्ध है।

### कल्याण संयोजक पद के लिए आवेदन आमंत्रित

**श्योपुर।** कल्याण संयोजक एएसएफ श्योपुर अंतर्गत एक रिक्त पद पर नियुक्ति के लिए 30 नवंबर तक आवेदन आमंत्रित किये गये है। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी विंग कमांडर सुरंगलीकर (सेवानिवृत्त) जिला सैनिक कल्याण कार्यालय कलेक्ट्रेट मुरैना ने बताया कि श्योपुर में रिक्त पद की नियुक्ति के लिए इच्छुक भूतपूर्व सैनिक अपने आवेदन 30 नवंबर 2024 को दिन में 12 बजे तक जमा करा सकते है। दोपहर 12 बजे के बाद आवेदन स्वीकार नही किये जायेगे।

### प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान अंतर्गत बैठक 25 को

**श्योपुर।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान अंतर्गत 25 नवंबर को सांय 04 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई है। सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण लालजी राम मीणा ने बताया कि बैठक में वनमंडला अधिकारी सामान्य वन मंडल, सीईओ जिला पंचायत सहित स्वास्थ्य, महिला बाल विकास, जिला योजना, शिक्षा, आयुष, कृषि, मत्स्य, पशुपालन, दूरसंचार, लोक निर्माण, पीएचई, अक्षय ऊर्जा, फूड, विधुत मंडल, पीएमजीएसवाय आदि विभागो के अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

---

### बडौदा में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी झलकारी बाई की जयंती पर निकला चल समारोह

# वीरांगना झलकारी बाई को श्रद्धांजलि देने उमड़ा जनसैलाब, जीवनवृत्त पर डाला प्रकाश

सत्ता सुधार ■ श्योपुर





अंग्रेजों से देश को आजादी दिलाने का प्रण लेकर अपना जीवन न्यौछावर करने वाली वीरांगना झलकारी बाई की जयंती पर कोली माहौर समाज ने बड़ौदा के कुंड चैक पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में सभी राजनैतिक दलों के नेता और सजातीय बंधुओं ने उपस्थित होकर वीरांगना को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान नगर में विशाल चल समारोह निकाला गया। कृषि उपज मंडी से शुरू हुआ चल समारोह अस्पताल रोड, बसस्टैंड, भेरू दरवाजा, किला रोड, छोटा बाजार, रतोदन दरवाजा, गणेश बाजार, कंपनी दरवाजा होते हुए कुंड चैक पहुंचकर श्रद्धांजलि सभा में परिवर्तित हो गया। श्रद्धांजलि सभा को सजातीय बंधुओं सहित राजनेताओं ने भी संबोधित किया। समाजसेवी डॉ. अशोक आचार्य ने झलकारी बाई के जीवनवृत्त पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, झलकारी बाई को कोई औपचारिक शिक्षा तो प्राप्त नहीं हो पाई, लेकिन उन्होनें घुड़सवारी और हथियारों का प्रयोग करने में महारत हांसिल करके खुद को एक अच्छे योद्धा के रूप में विकसित किया है। कांग्रेस नेता रितेश सिंह तोमर ने झलकारी बाई को देश का गौरव बताते हुए कहा कि, अंग्रेजों से आजादी की लड़ाई लड़ रही झांसी की रानी लक्ष्मी बाई का जितना योगदान देश की आजादी में रहा, उतना ही झलकारी बाई का भी रहा है। उन्होंने कहा कि, झलकारी बाई अच्छी तरह समझती थी कि अगर अंग्रेजों को भारत से भगाना है तो रानी लक्ष्मीबाई का मौजूद रहना जरूरी है। इसीलिए उन्होंने रानी लक्ष्मीबाई का वेशधारण कर युद्ध में अंग्रेजों के अपने पीछे लगाकर रानी लक्ष्मीबाई को बचाया और खुद के प्राणों की आहूति दी। नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि राजू सुमन, अंशु शुक्ला ने झलकारी बाई को राष्ट्रीय नायिका निरूपित करते हुए कोली समाज से आव्हान किया कि वह उनकी जयंती पर समाज उद्धार के लिए शपथ ले, यहीं उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। राष्ट्र का गौरव वीरांगना झलकारी बाई की 194वीं जयंती कोली समाज ने शौर्य दिवस के रुप में मनाई। इस दौरान कोली युवा संगठन बड़ौदा के अध्यक्ष सुरेन्द्र माहौर, कोषाध्यक्ष नरेन्द्र, मनीष, गोविंद माहौर, कल्याण, मदन माहौर आदि ने सजातीय बंधुओं का आभार जताया।

#### छात्रावास पर मनाई झलकारी बाई जयंती

घ्उधर जिला मुख्यालय के सलापुरा स्थित कोली माहौर समाज छात्रावास में झलकारी बाई की जयंती पर सजातीय बंधुओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। कोली माहौर छात्रावास सघ्मिति द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे सजातीय बंधुओं ने झलकारी बाई के जीवनवृत्त पर प्रकाश डालते हुए समाज सुधार के लिए भी प्रेरित किया। इस दौरान छात्रावास समिति के अध्यक्ष रामकिशन माहौर, कोषाध्यक्ष रमेशचंद माहौर, परमानंद माहौर, बाबूलाल माहौर, द्वारिका प्रसाद माहौर आदि मौजूद रहे।

**झांकी मोहा मन :** झलकारी बाई की जयंती पर कोली युवा संगठन ने चल समारोह में झलकारी बाई की झांकी भी प्रदर्शित की। घोड़े पर सवार झलकारी बाई का पात्र निभा रही बालिका का श्रृंगार हूबहू झलकारी बाई की तरह किया गया। हाथ में तलवारकृढाल और चेहरे पर तेज लिए बाजार से निकली झांकी पर नगर में जगहकृजगह पुष्पवर्षा कर लोगों ने वीरांगना झलकारी बाई के प्रति आस्था व्यक्त की।

---

# पॉलीटेक्निक कॉलेज में आज सुबह 8 बजे से होगी वोटों की गिनती





सत्ता सुधार ■ श्योपुर

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी किशोर कुमार कन्याल के नेतृत्व में विधानसभा क्षेत्र विजयपुर की मतगणना आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम अनुसार कल 23 नवंबर को होगी। मतगणना स्थल शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज श्योपुर में मतगणना के लिए सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई है। मतगणना सुबह 08 बजे से शुरू होगी। सबसे पहले पोस्टल बैलेट की गणना का कार्य शुरू होगा। इसके आधे घंटे उपरांत सुबह 8.30 बजे ईव्हीएम में डाले गये मतो की गिनती का कार्य शुरू होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी किशोर कुमार कन्याल द्वारा मतगणना की व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देते हुए सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा अधिकारियों को व्यवस्थाओ के संबंध में दिशा-निर्देश दिये गये। इस अवसर पर अपर कलेक्टर डॉ अनुज कुमार रोहतगी, रिटर्निंग आफिसर विजयपुर विधानसभा क्षेत्र मनोज गढवाल, तहसीलदार वीरपुर श्रीमती प्रेमलता पाल, श्योपुर श्री अर्जुन सिंह भदौरिया, विजयपुर श्रीमती मनीषा मिश्रा, नायब तहसीलदार श्री केके शर्मा, श्रीशैलेन्द्र देव सिंह, नवीन भारद्वाज सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। विजयपुर विधानसभा क्षेत्र में ईव्हीएम से मतगणना के लिए 16 टेबिल लगाई गई है। ईव्हीएम से मतो की गणना के लिए 21 राउड संपन्न होगे। विजयपुर विधानसभा क्षेत्र में कुल 327 मतदान केन्द्रो में से मतदान केन्द्र क्रमांक 15 बागचा विस्थापित होने से वर्तमान मे मतदाता विहीन होने से 326 मतदान केन्द्रों पर गत 13 नवंबर को वोटिंग हुई थी। पोस्टल बैलेट के माध्यम से डाले गये मतों की गिनती के लिए दो एवं सर्विस वोटर द्वारा ईटीपीबीएस के माध्यम से डाले गये मतो की गिनती के लिए एक टेबिल लगाई गई है, आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा क्षेत्र में रेंडमली किन्ही 5-5 मतदान केन्द्रों की वीवीपीएटी मशीनो की पर्चियों की गणना भी होगी, इसकी गणना के लिए मतगणना कक्ष में अलग से व्यवस्था की गई है। पोस्टल बैलेट एवं ईव्हीएम मशीनो से गणना के लिए अलग-अलग एआरओ भी नियुक्त किये गये है। रिटर्निंग ऑफिसर मनोज गढवाल ने बताया कि अभ्यर्थियों अथवा उनके निर्वाचन अभिकर्ताओं की उपस्थिति में 23 नवंबर को प्रातः 7:30 बजे स्ट्रांग रूम खोला जाएगा तथा 8 बजे से मतगणना का कार्य शुरु होगा इसलिए मतगणना एजेंट सुबह 7 बजे तक मतगणना स्थल पर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करलें, प्रातः 7 बजे गणना एजेंट को मतगणना कक्ष में प्रवेश दिया जाएगा। होम वोटर्स के तहत 212 एवं कर्मचारियों द्वारा 30 वोट डाले गये हैं। ईटीपीबीएस के माध्यम से प्राप्त मतों की गिनती के लिए भी पृथक से टेबिल लगायी गयी है। अभी तक ईटीपीबीएस के माध्यम से 13 सेवा मतदाताओं के पोस्टल बैलेट पोस्ट ऑफिस के माध्यम से प्राप्त हुये हैं। मतगणना दिनांक 23 नवंबर को मतगणना शुरु होने से पूर्व तक यदि और ईटीपीबीएस मत पोस्ट ऑफिस से प्राप्त होते हैं तो उन्हें भी गिनती में लिया जाएगा।

#### सुरक्षा के रहेंगे पुख्ता प्रबंध

पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र जैन ने बताया कि मतगणना स्थल पर मतगणना के दौरान सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किये गये है, मतगणना केन्द्र पर प्रवेश अधिकृत परिचय पत्र के माध्यम से दिया जायेगा। इसलिए सभी अधिकारी, कर्मचारी, निर्वाचन अभिकर्ता तथा अन्य व्यक्ति अपने-अपने प्रवेश पत्र लेकर आये। मेटल डिटेक्टर सहित अन्य सुरक्षा जांच के बाद मतगणना केन्द्र में प्रवेश दिया जायेगा। मतगणना दिवस पर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए सुरक्षा के पर्याप्त प्रबंध किये गये है। मतगणना के दिन केन्द्रीय विद्यालय परिसर में पार्किंग की व्यवस्था रहेगी।

---

# आज होगा विजयपुर उपचुनाव के भाग्य का फैसला

### दोनो प्रत्याशियों की साख दांव पर

सत्ता सुधार ■ श्योपुर

मध्य प्रदेश की विजयपुर विधानसभा के उपचुनाव का नतीजा आज आयेगा। यूं तो प्रदेश में विजयपुर के अलावा बुधनी में भी उपचुनाव सम्पन्न हुआ हैं, लेकिन प्रदेश में सबसे अधिक अगर चर्चा है तो वो सीट है विजयपुर, जहां प्रदेश के वन एवं पर्यावरण मंत्री रामनिवास रावत भाजपा के प्रत्याशी हैं, जिनके लिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव समेत पूरी सरकार एक पैर पर यहां चुनाव प्रचार में जुटी रही, तो वहीं कांग्रेस के आला नेताओं ने यहां चैखट चैखट पर सिर पटका हैं और कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश मल्हौत्रा के लिए वोट मांगा है। यह सीट हाईप्रोफाइल सीट बन गई हैं क्योंकि इस सीट पर सबसे बड़ा मुद्दा गद्दारी और विकास का हावी रहा। इसलिए यह सीट दोनो ही पार्टियों के लिए साख बन गई है। आज मतगणना से विजयपुर के भाग्य का फैसला होगा कि यहां से कांग्रेस अपनी सीट को बचा पाती है या फिर भाजपा अपने मंत्री रामनिवास रावत को विजयश्री दिलाने में कामयाब रहती हैं। श्योपुर जिले की विजयपुर विधानसभा में उपचुनाव सम्पन्न हो चुका है और सबकी निगाहें आज मतगणना दिवस पर टिकी हुई हैं, कांग्रेस जहां शुरूआत से ही यहां बूथ कैप्चरिंग सहित हिंसा का आरोप सत्ताधारी पार्टी पर लगाकर मतदाताओं को डराने धमकाने का आरोप लगा रही हैं तो वहीं भाजपा चुनाव के शांतिपूर्ण और ठीक तरीके से सम्पन्न होने का दम्भ भर रही हैं। इसके अलावा कांग्रेस के कार्यकर्ता तो स्ट्रॉग रूम के बाहर पैहरा तक दे रहे थे। मतगणना के साथ ही फैसला हो जायेगी की ताज किसके सिर चढेगा, लेकिन फैसले को लेकर जहां भाजपा आश्वस्त हैं तो वहीं कांग्रेस भी दावा कर रही है, यह सीट कांग्रेस के खाते में ही आएगी।



#### कांग्रेस के लिए भी कठिन चुनौती

यह सीट कांग्रेस की पारम्परिक सीट मानी जा सकती हैं क्योकि इस सीट पर कांग्रेस 6 बार चुनाव जीती है जिसमें विधायक रामनिवास रावत को हर बार टिकिट मिला और वे जीते, लम्बे समय बाद कांग्रेस ने आदिवासी चेहरा उतारते हुए मुकेश मल्हौत्रा को टिकिट दिया हैं, जिसका फायदा आदिवासी वोट बैंक के साथ कांग्रेस का मूलवोट बैंक भी जुड़ा, लेकिन चुनावी आंकडो में कांग्रेस कितना लाभ ले पाती हैं, यह देखना बाकी हैं, हालांकि यहां चुनाव प्रचार का दारोमदार पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह समेत प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी, विधायक जयवर्धन सिंह, लोस प्रत्याशी नीटू सिकरवार समेत तमाम नेताओं ने सम्हाला लेकिन क्या फायदा मिला यह रिजल्ट में पता चलेगा।

---

# मतगणना अधिकारियों एवं कर्मचारियों का रेंडमाईजेशन की प्रक्रिया संपन्न

सत्ता सुधार ■ श्योपुर




भारत निर्वाचन आयोग की ओर से विजयपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक संजीव गडकर, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी किशोर कुमार कन्याल की उपस्थिति में मतगणना कार्य में लगाये गये अधिकारियों, कर्मचारियों के रेंडमाईजेशन की प्रक्रिया संपन्न की गई। इस अवसर पर विजयपुर विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग आफिसर मनोज गढवाल, इलेक्शन सुपरवाईजर लोकेन्द्र यादव, एनआईसी से कपिल पाटीदार, सोनालिका रॉय, लाईजनिंग आफिसर सोहनकृष्ण मुदगल आदि अधिकारी उपस्थित रहें। एनआईसी कक्ष श्योपुर में संपन्न हुई रेंडमाईजेशन प्रक्रिया के माध्यम से 72 गणना अधिकारियों, गणना सहायको एवं माईक्रो आब्जर्वर नियुक्त किये गये है।

# शहर के किला स्थित राधाकृष्ण मंदिर पर हुआ अन्नकूट

सत्ता सुधार ■ श्योपुर

श्योपुर। दीपावली के पश्चात शहर में शुरू हुई अन्नकूट महाप्रसाद की श्रृंखला अभी भी जारी है। गुरूवार को शहर के किला क्षेत्र में स्थित श्रीराधा कृष्ण मंदिर पर अन्नकूट महाप्रसाद का आयोजन किया गया जिसमें सैंकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर के पुजारी लक्ष्मण राव ने बताया कि प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी अन्नकूट महाप्रसाद का आयोजन किया गया। श्रीराधाकृष्ण भगवान की अनुकंपा से अन्नकूट महाप्रसाद का भोग दोपहर 3 बजे लगाया गया, जिसके बाद श्रद्धालुओं को अन्नकूट महाप्रसाद का वितरण शुरू किया गया। किला परिसर में स्थित मंदिर पर आयोजित आयोजन में बडी संख्या में लोग पहुंचे, भगवान के दर्शन करते हुए अन्नकूट महाप्रसाद को ग्रहण किया।



---

## मांग

### ईंट भट्टों से निकलने वाले धुएं पर रोक लगाते हुए कार्रवाई किए जाने की मांग की

# सपा ने पूर्व रक्षा मंत्री यादव की जयंती मनाने के बाद सौंपा ज्ञापन





सत्ता सुधार ■ श्योपुर

समाजवादी जिला इकाई श्योपुर ने शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के संरक्षक एवं पूर्व रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव की जयंती मनाई। इसके बाद कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिला प्रशासन को ज्ञापन। ईट भट्टों से निकलने वाले धुएं पर रोक लगाते हुए कार्रवाई किए जाने की मांग की है। पार्टी जिलाध्यक्ष सरदार मुख्तार सिंह के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेखित है कि, पालीरोड, बड़ौदा रोड पर ईट भट्टें संचालित हो रहे हैं। कई ईट भट्टे नियमों को ताक पर रख कर चल रहे हैं। इन ईट भट्टों से निकलने वाला धुआं मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए हानीकारक है। फसलों के लिए किसानों को खाद नहीं मिल रहा है, जिस वजह से उन्हे लाइन में लगना पड़ रहा है। निजी दुकानदारा महंगे दाम पर खाद बेच रहे हैं।

#### पूर्व रक्षा मंत्री यादव की मनाई जयंती

समाजवादी पार्टी श्योपुर द्वारा समाजवादी पार्टी के संरक्षक एवं पूर्व रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव की जयंती मनाई। कार्यक्रम में उन्होने बताया कि मुलायम सिंह यादव का जन्म 22 नवंबर 1939 को सैफई में हुआ था। 10 अक्टूबर 2022 को उनका निधन हो गया था। मुलायम सिंह की आज जयंती है और उनकी जयंती के अवसर पर पार्टी के नेता और कार्यकर्ता उन्हें याद कर रहे हैं। जिलाध्यक्ष सरदार मुख्तार सिंह सहित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला।

# ईवीएम के कंट्रोल यूनिट का डिस्पले पैनल देख सकेंगे उम्मीदवार एजेंट

**श्योपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा विजयपुर के लिए 23 नवंबर को होने वाली मतगणना के दौरान ईवीएम के कंट्रोल यूनिट पर रिजल्ट बटन दबाते समय प्रत्याशियों के एजेंट को डिस्पले पैनल दिखाया जायेगा। मतगणना सुपरवाइजर यह सुनिश्चित करेंगे कि एजेंटों को डिस्पले पैनल दिखाया जाए ताकि वे प्रत्येक प्रत्याशी के पक्ष में डाले गए वोट की गिनती कर सकें, जो कंट्रोल यूनिट के डिस्पले पैनल पर प्रदर्शित होंगी। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए आवश्यकता होने पर मतगणना सहायक को कंट्रोल यूनिट को इस प्रकार उठाकर रखना होगा कि डिस्पले पैनल न सिर्फ मतगणना का सुपरवाइजर बल्कि मतगणना टेबिल पर बैठे दूसरे मतगणना सहायक, माइक्रो आब्जर्वर और जाली की दूसरी ओर बैठे प्रत्याशी के एजेंट को भी दिखाई दे। यदि कोई एजेंट ईवीएम पर एक बार से अधिक रिजल्ट देखने की इच्छा व्यक्त करता है तो मतगणना सुपरवाइजर को उसके संतोष के लिए फिर से रिजल्ट दिखाना होगा। आयोग ने यह निर्देश भी दिए हैं कि जब प्रत्येक मतदान की टेब्ल्युलेशन शीट (फार्म 17 सी) रिटर्निंग आफीसर की मेज पर आ जाती है तो रिटर्निंग आफीसर का कर्तव्य होगा कि रिटर्निंग आफीसर टेबिल पर बैठे प्रत्याशी, उसके एजेंट, मतगणना एजेंट को प्रत्येक मतदान केंद्र के प्रत्येक प्रत्याशी को रिजल्ट को नोट करने दें।

## ब्रीफ न्यूज

### अमेरिका में पढ़ने वाले छात्रों में भारत सबसे आगे, चीन को पीछे छोड़ा

**नई दिल्ली।** अमेरिका में पढ़ रहे भारतीय स्टूडेंट्स की संख्या सबसे ज्यादा है। 2009 के बाद पहली बार अमेरिका में पढ़ने वाले विदेशी छात्रों की संख्या मामले में भारत ने चीन को पीछे छोड़ दिया है। एक ताजा रिपोर्ट के मुताबिक 2023-2024 में अमेरिका में करीब 3.3 लाख भारतीय छात्र पढ़ाई कर रहे हैं, जो अमेरिका में पढ़ने वाले 11 लाख विदेशी छात्रों में 29.4 फीसदी हैं। पिछले अकादमिक साल में इंटरनेशनल छात्रों की संख्या में भारतीय छात्रों की संख्या 25.4 फीसदी थी। इस तरह 15 साल में पहली बार भारत इस सूची में टॉप पर है। 2023-2024 में अमेरिका में पढ़ने वाले चीन के छात्रों की संख्या 2.77 लाख है, पिछले वर्ष में 27.4 फीसदी की तुलना में इस बार यह घटकर 24.6 फीसदी रह गई। रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका में भारत के पोस्ट ग्रेजुएट छात्रों की संख्या 1.96 लाख है जिसमें पिछले साल के मुकाबले 18 फीसदी का इजाफा हुआ है। भारत के अंडरग्रेजुएट छात्रों की संख्या में 13 फीसदी की बढ़ोतरी हुई।

### मैट गेट्ज़ ने अटॉर्नी जनरल के पद के लिए अपना नामांकन वापस लिया

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को एक बड़ा झटका तब लगा जब पूर्व फ्लोरिडा रिपब्लिकन कांग्रेस सदस्य मैट गेट्ज़ ने गुरुवार को अमेरिकी अटॉर्नी जनरल के पद के लिए अपना नामांकन वापस लेने का निर्णय लिया। गेट्ज़ का यह फैसला उस समय आया जब उनके खिलाफ यौन आरोपों को लेकर विवाद और जांच का मुद्दा गरमाया था। गेट्ज़ ने अपने 'एक्स' अकाउंट पर पोस्ट किए गए एक बयान में कहा, 20 नवंबर को मेरी सीनेटरों के साथ बेहतरीन बैठकें हुईं।


लेबनान में इजरायली हमले के बाद बेरुत के एक दूरदराज के इलाके में धूआं निकलते हुए।

# खूबसूरती में लंदन फिर टॉप पर, लगातार 10वीं बार जीता वैश्विक खिताब

## 22 हजार से ज्यादा लोगों ने लंदन को सबसे बेहतरीन शहर माना

**एजेंसी ■ लंदन**

लंदन ने लगातार 10वीं बार दुनिया के सबसे खूबसूरत और कई सुविधाओं के साथ शहर ने टॉप रैंकिंग हासिल किया है। इस वार्षिक रैंकिंग में लंदन ने न्यूयॉर्क, पेरिस और टोक्यो को पीछे छोड़कर अपना टॉप स्थान बरकरार रखा है। यह रैंकिंग रेजोनेंस नामक ग्लोबल एडवाइजरी फर्म द्वारा जारी की जाती है, जो रियल एस्टेट, पर्यटन और आर्थिक विकास जैसे क्षेत्रों में काम करती है। इस रिपोर्ट में उन शहरों का आकलन किया गया है, जिनकी आबादी 10 लाख से ज्यादा है। इस साल के विश्लेषण में 30 देशों के 22 हजार से ज्यादा लोगों की राय को शामिल किया गया, जिससे पहली बार सार्वजनिक धारणा को भी मूल्यांकन का हिस्सा बनाया गया। रैंकिंग में कई कारकों का विश्लेषण किया गया, जिसमें सांस्कृतिक विविधता, बिजनेस इंफ्रास्ट्रक्चर, नाइटलाइफ, पर्यावरण की गुणवत्ता, रीजनल एयरपोर्ट की कनेक्टिविटी, शिक्षा और पर्यटन का स्तर शामिल है। लंदन की सांस्कृतिक धरोहर, मजबूत व्यवसायिक बुनियादी ढांचा और वैश्विक अपील इसे बाकी शहरों से अलग बनाती है। रेजोनेंस के अध्यक्ष और सीईओ ने कहा कि महामारी के दौरान लोगों की प्राथमिकताएं बदली है। वे न केवल किफायती, बल्कि बेहतर जीवन स्तर और आकर्षक सुविधाओं वाले शहरों की तलाश कर रहे हैं। रैंकिंग के लिए शहरों का विश्लेषण कई मापदंडों पर किया जाता है, जिसमें सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व, खरीदारी और नाइटलाइफ का अनुभव, शिक्षा के उच्च स्तर वाले विश्वविद्यालयों की उपस्थिति, आर्थिक विकास और बिजनेस के लिए अनुकूल माहौल होता है। लंदन की पहचान न केवल एक ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थल के रूप में है, बल्कि यह एक प्रमुख व्यापारिक केंद्र भी है।

# युद्ध से गाजा बना बच्चों का कब्रिस्तान स्वास्थ्य, सुरक्षा, शिक्षा से हो रहे वंचित

## संयुक्त राष्ट्र एजेंसी प्रमुख जनरल फिलिप लाजारिनी ने जताई गहरी चिंता

**एजेंसी ■ गाजा**

गाजा में इजराइली के हवाई हमलों में मारे गए हजारों लोगों और भयावह परिस्थितियों के बीच फिलिस्तीनी शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) के प्रमुख जनरल फिलिप लाजारिनी ने गहरी चिंता जताई है। विश्व बाल दिवस पर उन्होंने गाजा को बच्चों के लिए कब्रिस्तान बताया है। उन्होंने कहा कि इजराइली हमलों में यहां बच्चे न केवल मारे जा रहे हैं और घायल भी हो रहे हैं, बल्कि उन्हें सुरक्षा, शिक्षा और सामान्य बचपन के अधिकारों से वंचित भी हो गए हैं। उन्होंने कहा कि गाजा के बच्चों का बचपन छिन चुका है। वे एक खोई हुई पीढ़ी बनने के कगार पर हैं, क्योंकि उन्होंने एक और स्कूल का साल खो दिया है। वेस्ट बैंक के बच्चों की स्थिति का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि वे डर और चिंता के साए में जीने को मजबूर हैं।



फिलिस्तीनी समूहों ने गाजा और वेस्ट बैंक में बच्चों की सुरक्षा तय करने के लिए अंतरराष्ट्रीय कार्रवाई की मांग की है। फिलिस्तीनी विदेश मंत्रालय ने कहा कि इजराइली कार्रवाइयों से सबसे ज्यादा असुरक्षित बच्चे हैं, जो अपने जीवन के मौलिक अधिकारों से वंचित किए जा रहे हैं। मंत्रालय ने चेतावनी दी कि गाजा में लाखों बच्चे खाने और स्वच्छ पानी की कमी का सामना कर रहे हैं।

### इजराइल को हथियारों की आपूर्ति रोकने को लेकर बाइडन अपनी ही पार्टी में घिरे

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन को अब अपनी ही पार्टी के अंदर विरोध झेलना पड़ रहा है। कुछ डेमोक्रेटिक सांसदों ने इजराइल को हथियारों की आपूर्ति रोकने के बिल को समर्थन देने का मन बना लिया है, जिससे बाइडन प्रशासन दबाव में है। यह कदम बाइडन के लिए बड़ा झटका होगा, क्योंकि डोनाल्ड ट्रंप ने हमेशा इजराइल को हथियारों की आपूर्ति के खिलाफ अपनी स्थिति बनाई थी और इसे अपनी चुनावी अभियान का हिस्सा भी बनाया। अमेरिकी सीनेट ने इस बिल को रोक दिया है। बाइडन प्रशासन पहले से ही डेमोक्रेटिक सीनेटरों को इस विधेयक के खिलाफ वोट देने के लिए मनाने की कोशिश की थी, लेकिन पार्टी के कुछ सदस्य इस बिल को आगे बढ़ाने के पक्ष में थे। यह विधेयक इजराइल को 20 अरब डॉलर से ज्यादा के हथियारों की आपूर्ति को रोकने का प्रस्ताव करता था। सीनेटर बर्नी सैंडर्स, पीटर वेल्च, जेफ मर्कले और ब्रायन शैट्ज द्वारा प्रस्तुत इस विधेयक पर मतदान हो चुका है।

# भारत में रह रहीं हसीना के खिलाफ बांग्लादेश में मुकदमों की बाढ़





**एजेंसी ■ ढाका**

बांग्लादेश में राजनीतिक संकट गहराता जा रहा है। प्रधानमंत्री शेख हसीना इस समय भारत में शरण लिए हुए हैं, जबकि देश में अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने उनके खिलाफ कई कानूनी मुकदमे दर्ज करवा दिए हैं। यह स्थिति इतनी गंभीर है कि शेख हसीना के स्वदेश लौटने पर उनके जीवन का अधिकांश समय अदालतों में बीत सकता है। मोहम्मद यूनुस ने न केवल शेख हसीना बल्कि उनकी पार्टी अवामी लीग पर भी शिकंजा कसने की कोशिश की है। यूनुस का प्रयास है कि आगामी चुनावों में अवामी लीग की भागीदारी पर प्रतिबंध लगाया जाए। हालांकि, इस मामले में अप्रत्याशित मोड़ तब आया जब शेख हसीना की कट्टर राजनीतिक विरोधी बांग्लादेश नेशनल पार्टी की अध्यक्ष खालिदा जिया ने यूनुस की योजना का विरोध किया। बीएनपी, जो बांग्लादेश की सबसे मजबूत विपक्षी पार्टी मानी जा रही है और आगामी चुनावों में सत्ता में आने की प्रबल दावेदार है, ने कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सभी दलों की भागीदारी आवश्यक है।



नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

तानसेन संगीत समारोह २०२४
उत्सव के १०० वर्ष


डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

पूर्वरंग : तानसेन समारोह

प्रदेश के बाहर ( संगोष्ठी एवं सांगीतिक प्रस्तुतियाँ )
22 नवम्बर, जवाहर कला केन्द्र, जयपुर
24 नवम्बर, महा. सयाजीराव वि.वि., वड़ोदरा
26 नवम्बर, इं. कला संगीत वि.वि., खैरागढ़
30 नवम्बर, म. गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी

प्रदेश में ( संगोष्ठी एवं सांगीतिक प्रस्तुतियाँ )
22 - 24 नवम्बर, 2024 - भोपाल
05 दिसंबर, 2024 - रीवा
06 दिसंबर, 2024 - गुना
07 दिसंबर, 2024 - शिवपुरी
07 दिसंबर, 2024 - ओरछा
11 दिसंबर, 2024 - खंडवा
12 दिसंबर, 2024 - भोपाल
14 दिसंबर, 2024 - ग्वालियर

फिल्म-प्रदर्शन
04 -08 दिसंबर, 2024 - भारत भवन, भोपाल
तानसेन एवं अन्य संगीत मनीषियों पर केंद्रित फिल्मों का प्रदर्शन

मुख्य समारोह
शुभारंभ 15 दिसंबर 2024 सायं 7.00 बजे
तानसेन समाधि परिसर, हजीरा
15-19 दिसंबर, 2024
प्रातः एवं सायंकालीन सभाएँ
तानसेन समाधि परिसर
हजीरा, बेहट, गुजरी महल - ग्वालियर
सौ से अधिक श्रेष्ठ संगीतज्ञों, गायकों की प्रस्तुतियाँ
जापान, इटली, इजराइल, फ्रांस के कलाकारों की सहभागिता

अन्य आकर्षण
• राष्ट्रीय तानसेन सम्मान अलंकरण
• राष्ट्रीय राजा मानसिंह तोमर सम्मान अलंकरण
• तानसेन केन्द्रित पुस्तक/स्मारिकाओं का लोकार्पण
• संगीत सभाओं का लाइव चित्रांकन
• 99 वर्षों की तानसेन समारोह की यात्रा का सांगीतिक आस्वादन
• शास्त्रीय और लोक संगीत में उपयोगी वाद्यों की प्रदर्शनी
• तानसेन सम्मान से अलंकृत विभूतियों की छवियाँ
• संगीत की शास्त्रीय विधाओं पर संवाद
• गुरु-शिष्य परम्परा केन्द्रित परिचर्चा
• संगीत घरानों केन्द्रित सेमिनार

विस्तृत जानकारी वेबसाइट www.tansensamaroh.com पर उपलब्ध है

Follow us- MP Culture App culturedepartmentmadhyapradesh
Tansensamaroh@gmail.com https://tansensamaroh.com/ @Tansen Samaroh

मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग का प्रतिष्ठा आयोजन
आप सभी सादर आमंत्रित हैं
प्रवेश निःशुल्क
D-11104/24
*कार्यक्रम परिवर्तनीय

# पार्टियों के लिए चुनाव जीतने का एकमात्र फंडा मुफ्त रेवड़ी कल्चर

प्रदेश सरकार अटल ग्रह ज्योति स्कीम में बिजली सब्सिडी घटाने की तैयारी में है। वर्तमान पात्रता 150 यूनिट है जिसे 100 करने का प्रस्ताव है जिससे लगभग 62 लाख उपभोक्ता स्कीम से बाहर हो जाएंगे। किसानों को झटका देने की तैयारी भी है जिन्हें लगभग दोगुनी महंगी बिजली मिलेगी। करदाता के पैसे से मुफ़्त रेवड़ी बांटकर वोटों की फसल काटने के लिए सारे देश में मिसाल बन चुकी सरकार का यह कदम आश्चर्यजनक है। लगता है कि चुनाव की वैतरणी पार कर लेने के बाद अब सरकार को अपनी जेब में हुए छेद की फ़िक्र सताने लगी है।

मध्यप्रदेश सरकार की मुफ़्त पैसा बांटने वाली लाड़ली बहना जैसी ग्यारंटीड चुनावी सक्सेस वाली योजना ऐसी मिसाल है जिसका विधानसभा चुनावों में देश के तमाम राजनीतिक दलो ने अंधानुकरण किया है। ताजा नज़ीर महाराष्ट्र की है जहां भाजपा, शिंदे शिवसेना और अजित पवार की साझा सरकार ने एन चुनाव के पहले बहनों के वोट बटोरने का न सिर्फ ऐसा ही दांव खेला है बल्कि एक कदम आगे बढ़कर भाइयों को भी इसमें शामिल कर लिया है। बहरहाल महाराष्ट्र वित्तीय रूप से सुदृढ़ राज्य है और अपनी औद्योगिक और व्यापारिक अधोसंरचना के चलते ऐसी योजनाएं चलाने में सक्षम साबित हो सकता है। मध्यप्रदेश की अर्थव्यवस्था मूल रूप से कृषि आधारित है। औद्योगीकरण के लिए जरूरी अधोसंरचना का शुरू से अभाव रहा है और अभी तक का इतिहास देखें तो इस दिशा में हुए प्रयास ज्यादा सफल नहीं रहे हैं। औद्योगीकरण आकर्षित करने के तमाम सरकारी आयोजनों के बावजूद स्थापित उद्योग मूलतः मध्यम और लघु श्रेणी के ही हैं। आर्थिक बदहाली के कारण समय पर सब्सिडी न मिलने से ये उद्योग भी बदहाली का शिकार हैं। नतीजतन उनसे पैदा होने वाले रोजगार की संभावनाएं धूमिल हो रही हैं। मुफ़्त रेवड़ी कल्चर पर होने वाली बहस में अक्सर प्रश्न उठता है ¬ इनसे सरकारें मतदाता को भ्रष्ट बनाती हैं या मतदाता का लालच सरकारों को ऐसे भ्रष्टाचार के लिए मजबूर करता है ? इनमें होने वाला गड़बड़ झाला परिचय का मोहताज नहीं है। कन्यादान योजना में दी जाने वाली एकमुश्त रकम की लालच में विवाहित जोड़ों का पुनः विवाह और दहेज में दिए




जाने वाले सामान की सरकारी खरीद में भ्रष्टाचार की खबरें सुर्खियां रही हैं। सरकारी खर्च पर दी जाने वाली मंगलसूत्र जैसी पवित्र वस्तु की खरीद में जमकर भ्रष्टाचार होता रहा है। निजी शिक्षण संस्थानों में पढ़ने वाले वंचित वर्गों के छात्रों की छात्रवृत्ति के वितरण में भी करोड़ों का भ्रष्टाचार होता रहा है।

# ला ईलाज हो चुका स्मॉग प्रदूषण

उत्तर भारत का एक बड़ा क्षेत्र इन दिनों स्मॉग यानी ज़हरीले धुयें युक्त कोहरे जिसे धूम कोहरा भी कहा जाता है, की चपेट में है। यह कोई पहला अवसर नहीं है जबकि स्मॉग यानी ज़हरीले धुयें की ख़बरें मीडिया में सुर्ख़ियां बटोर रही हों। बल्कि लगभग दो दशक से यह स्थित प्रत्येक वर्ष पैदा हो रही है। हाँ इतना ज़रूर है कि प्रदूषण दिन प्रतिदिन और भी न केवल बढ़ता जा रहा है बल्कि और भी ज़हरीला भी होता जा रहा है। इसका घोर प्रदूषण युक्त वातावरण का ख़ामियाज़ा हमें तरह तरह से भुगतना पड़ रहा है। कहीं विमानों की उड़ानें प्रभावित हो रही हैं तो कहीं ट्रेंस परिचालन में बाधा आने के चलते रेल गाड़ियां लेट हो रही हैं। गत दिनों ख़राब मौसम के कारण ही दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर 15 विमानों का मार्ग बदला गया जबकि 100 से अधिक उड़ानों में देरी हुई। सड़कों पर दुर्घटनाओं में इज़ाफ़ा होने लगा है। स्वास्थ्य कारणों से बच्चों के स्कूल बंद कर दिए जाते हैं तो अस्पतालों में सांस और दमा के मरीज़ों की संख्या बढ़ जाती है। यहाँ तक कि एक स्वस्थ व्यक्ति भी ऐसे वातावरण में सांस लेने में दिक़्क़त महसूस करने लगता है। लोगों को खुजली हो रही है और आंखों में जलन व आँखों से पानी आने की शिकायतें आ रही हैं। मास्क लगाना या न लगाना दोनों ही स्थिति में लोगों को सांस लेने में परेशानी हो रही है। पड़ोसी देश पाकिस्तान में भी बढ़ते प्रदूषण की वजह से हालात गंभीर बने हुए हैं। पिछले दिनों पाकिस्तान के लाहौर में स्मॉग यानी ज़हरीले धुएं की इतनी मोटी चादर बिछ गई जो अंतरिक्ष से भी दिखाई देने लगी। अब ख़बर तो यहां तक है कि स्मॉग यानी ज़हरीले धुएं से पैदा होने वाले इस प्रदूषण को कम करने के लिए वहां लॉकडाउन लगाने तक की योजना बन रही है।



सवाल यह है कि गत लगभग 2 दशक से निरंतर प्रदूषित होते जा रहे इस ज़हरीले धुएं युक्त वातावरण और अनेक माध्यमों से इनसे होने वाले आर्थिक नुक़सान व स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं के लिये ज़िम्मेदार कौन है। सर्दियों की शुरुआत में हमेशा टी वी व अख़बारों में यह सुर्ख़ियां बनती हैं कि प्रदूषण का स्तर क्या है। विशेषज्ञों के अनुसार स्वच्छ हवा वाले वातावरण के लिये 50 तक त्त्क्छ होना चाहिये। 50 से कम त्त्क्छ (एयर क्वालिटी इंडेक्स ) स्वास्थ्य के लिये ठीक रहता है। जबकि दिल्ली राजधानी क्षेत्र (एन सी आर ) से लेकर केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ तक का एयर क्वालिटी इंडेक्स पिछले दिनों 500 के क़रीब पहुँच गया। सरकार से लेकर जनता तक इस अति प्रदूषित वातावरण से निजात पाने के लिये केवल प्रकृति के भरोसे बैठी हुई है कि या तो बारिश हो तो इस ज़हरीली हवा से निजात मिले या फिर तेज़ हवा इस वातावरण से निजात दिलाये। जबकि प्रदूषण से त्राहि त्राहि करती यही जनता या जनता द्वारा चुनी उसकी सरकार इस समस्या से निपटने का कोई भी कारगर उपाय ढूंढ नहीं पाती।

**निर्मल रानी**

कभी स्कूल्स में छुट्टी कर,कभी निर्माण कार्य रूकवाकर तो कभी सम-विषम नंबर के अनुसार वाहन चलने का निर्देश देकर ऐसी समस्याओं से निजात के उपाय तलाशे जाते हैं। जबकि प्रदूषण फैलाने के ज़िम्मेदार वाहनों की संख्या प्रतिदिन लाखों की तादाद में बढ़ती जा रही है। उद्योगों से प्रदूषित धुआं निरंतर निकलता रहता है। पूरे देश की सड़कें धुल मिटटी से पटी पड़ी हैं। खेतों में फ़सलों के अवशेष बेरोकटोक जलाये जा रहे हैं। जगह जगह आम लोग कूड़े के ढेर में बेख़ौफ़ होकर आग लगाते हैं जिनमें रबड़,पॉलीथिन,प्लास्टिक आदि सब कुछ जलाया जाता है। इसी तरह आतिशबाज़ी चलाने के लिये चाहे अदालतें मना करें या सरकारें, कोई भी मानने को तैयार नहीं। बल्कि हर साल आतिशबाज़ी का चलन व इनकी खपत बढ़ती ही जा रही है। यदि आप दीपावली पर आतिशबाज़ी चलाने को लेकर ज्ञान देने लगे तो समझो आप को सनातन विरोधी होने का प्रमाण पत्र तो उसी क्षण मिल जायेगा। गुरपूरव पर होने वाली आतिशबाज़ी पर सवाल उठाया तो दीपावली का सवाल खड़ा होगा। इसी तरह शब् बरात हो या नया साल,रोज़ होने वाले शादी ब्याह कोई भी आयोजन आतिशबाज़ी से अछूता नहीं है। और ज़ाहिर है ऐसी आतिशबाज़ीयों का एक ही परिणाम है, ज़हरीला धुआं,जान लेवा प्रदूषण,स्मॉग यानी ज़हरीले धुयें युक्त कोहरे की चादर और अंततः बदलता मौसम व ग्लोबल वार्मिंग।

जिसतरह बारिश के दिनों में शहरों में समुचित जल निकासी का प्रबंध न होने के चलते शहरों व क़स्बों में बाढ़ जैसी स्थिति बन जाती है और इससे संबंधित ख़बरें लेख व परिचर्चाएं वर्षा ऋतू के दौरान पढ़ने सुनने को मिलती हैं। परन्तु बारिश ख़त्म होते ही जनता व सरकार सभी हाथ पर हाथ रखकर बैठ जाते हैं और अगले साल की बारिश व इससे होने वाली तबाही की प्रतीक्षा करने लगते हैं। ठीक उसी तरह हर साल दीपावली के बाद और सर्दियों के आग़ाज़ में हर वर्ष यही प्रदूषण व ज़हरीले धुएं की चर्चा सुर्ख़ियों में आ जाती है। इस विषय को लेकर हमारे समाज की जागरूकता व समझ का अंदाज़ा इसी बात से लगाया जा सकता है कि न तो कोई अतिशबाज़ियों से परहेज़ के लिए तैयार है न ही यह मानने के लिये तैयार है कि पराली या खेतों में फ़सलों के अवशेष जलने से प्रदूषण फैलता है। धनाढ्य या नव धनाढ्य लोग मात्र एक सवारी के साथ सड़कों पर कारें दौड़ाते फिरते हैं। सड़कों पर बे रोकटोक धुंआ करना तो गोया लोगों के मौलिक अधिकारों में शामिल हो गया है। यहाँ तक कि रोज़ाना कई जगह खुद नगर पालिका के कर्मचारी झाड़ू देने के बाद जगह जगह इकठ्ठा किये गये कूड़े के ढेर में अपने ही हाथों से माचिस लगा देते हैं। गोया पढ़ा लिखा हो या अनपढ़,ग़रीब हो या अमीर,वैश्विक स्तर पर प्रदूषण बढ़ने के लिये सभी ज़िम्मेदार हैं।

# पग-पग नीर से किसानों के चेहरों पर आई रौनक

## मध्य प्रदेश में निरंतर बढ़ रहा है सिंचाई का रकबा

▪ पंकज मित्तल

**मध्य प्रदेश सरकार किसान हितैषी सरकार है। इसे सबसे ज्यादा फिक्र अपने अन्नदाता की रहती है। सरकार निरंतर हर खेत तक पानी पहुंचाने के कार्य कर रही है।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और जल संसाधन मंत्री तुलसी राम सिलावट के नेतृत्व में प्रदेश के जल संसाधन विभाग की विभिन्न वृहद, मध्यम एवं सूक्ष्म सिंचाई परियोजनाओं के माध्यम से मध्य प्रदेश में निरंतर सिंचाई का रकबा बढ़ रहा है। खेतों में पानी आने से जहां किसान पहले दो फसल ले पाते थे, अब तीसरी फसल भी लेने लगे हैं। साथ ही कृषि उत्पादन में भी वृध्दि हुई है। प्रदेश की धरती पर पग - पग नीर से किसानों के चेहरों पर रौनक आ गई है।

प्रदेश में सिंचाई के रकबे में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। वर्ष 2003 में जहां प्रदेश का सिंचाई रकबा लगभग 3 लाख हेक्टेयर था, आज बढ़कर लगभग 50 लाख हेक्टेयर हो गया है। प्रदेश की निर्मित और निर्माणाधीन सिंचाई परियोजनाओं से प्रदेश में वर्ष 2025-26 तक सिंचाई का रकबा लगभग 65 लाख हेक्टेयर होने की संभावना है। सरकार ने वर्ष 2028-29 तक प्रदेश की सिंचाई क्षमता 1 करोड़ हेक्टर तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया है और उसके लिए प्रदेश में तेज गति से कार्य किया जा रहा है। सरकार ने विभाग के लिए बजट में भी पर्याप्त राशि का प्रावधान किया है। वर्ष 2024-25 के बजट में सिंचाई परियोजनाओं के निर्माण एवं संधारण के लिए 13596 करोड रुपए का प्रावधान किया गया है।

प्रदेश की सिंचाई परियोजनाओं में केन - बेतवा लिंक परियोजना एक महत्वाकां राष्ट्रीय परियोजना है। इसमें केन नदी पर दौधन बांध, आनुषंगिक कार्य एवं लिंक नहर का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। इस परियोजना के अंतर्गत बेतवा कछार में बीना कॉम्पलेक्स, कोठा बैराज तथा लोअरओर परियोजनाओं का निर्माण किया जाना सम्मिलित है। परियोजना से मध्य प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र के छतरपुर, पन्ना, टीकमगढ़, निवाड़ी एवं दमोह जिलों में माइक्रो इरिगेशन से केन कछार में 4.5 लाख हेक्टेयर, बेतवा कछार के विदिशा, रायसेन, सागर, शिवपुरी एवं



दतिया जिलों में 2.06 लाख हेक्टेयर तथा उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र के बांदा, महोबा और झांसी जिलों में 2.5 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई और पेय जल की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। परियोजना से उत्पन्न होने वाली 103 मेगावाट जल विद्युत तथा 27 मेगावाट सौर ऊर्जा पर पूरा अधिकार मध्यप्रदेश का होगा।

इस परियोजना के प्रथम चरण की सभी तकनीकी एवं वैधानिक स्वीकृतियां जैसे केंद्रीय जल आयोग और जल संसाधन मंत्रालय भारत सरकार से तकनीकी वित्तीय स्वीकृति, पर्यावरण की स्वीकृति, वन्य जीव स्वीकृति, वन प्रकरण की सैद्धांतिक एवं अंतिम स्वीकृतियां, जनजाति परिवारों के लिए पुनर्वास एवं पुर्नव्यवस्थापन की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है।

परियोजना के द्वितीय चरण की डीपीआर राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण द्वारा वर्ष 2014 में तैयार की गई। इसके अंतर्गत मध्य प्रदेश द्वारा बेतवा कछार में अंतिम रूप से प्रस्तावित तीन परियोजनाएं बीना परिसर से 96 हजार हेक्टेयर, कोठा बैराज से 20000 हेक्टेयर तथा लोअरओर परियोजना से 90000 हेक्टेयर सिंचाई प्रस्तावित है। साथ ही परियोजनाओं से 66.7 मिलियन घन मीटर पेयजल एवं मांग आधार पर उद्योगों हेतु जल का प्रावधान रखा गया है। परियोजना की सभी वैधानिक स्वीकृतियां प्राप्त हो चुकी है। मध्य प्रदेश में द्वितीय चरण की परियोजना का कार्य प्रगति पर है।

परियोजना के कार्यान्वयन के लिए मध्य प्रदेश शासन, उत्तर प्रदेश शासन एवं जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार के बीच एक त्रिपय सहमति ज्ञापन प्रधानमंत्री की उपस्थिति में हस्ताक्षरित किया गया। परियोजना के क्रियान्वयन के लिए केंद्रीय मंत्रिपरिषद द्वारा 44 करोड़ 605 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है। परियोजना को 8 वर्षों में पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

निर्माणाधीन पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना प्रदेश की एक अन्य महत्वपूर्ण परियोजना है, जिसके लिए मध्य प्रदेश, राजस्थान और केंद्र सरकार के बीच त्रिप समझौता हुआ है। इस परियोजना से प्रदेश के 13 जिलों को लाभ मिलेगा। केन-बेतवा लिंक परियोजना, संशोधित पार्वती-कालीसिंध-चंबल परियोजना और नर्मदा घाटी की अन्य प्रस्तावित महत्वपूर्ण परियोजनाओं से प्रदेश में 19 लाख 25 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा बढ़ेगी। प्रदेश में पर ड्रॉप मोर क्रॉप के उद्देश्य की पूर्ति के लिए 133 बृहद एवं मध्यम प्रेशराइज्ड सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली आधारित परियोजना निर्माणाधीन हैं। प्रदेश में 1320 करोड रुपए की लागत वाली चितरंगी दाब युक्त सूक्ष्म सिंचाई परियोजना स्वीकृत हुई है। इस परियोजना से सिंगरौली जिले में 32125 हेक्टेयर सिंचाई क्षेत्र विकसित होगा। इसी प्रकार 4197 करोड़ 58 लाख रुपए की लागत की जावद नीमच दाबयुक्त सूक्ष्म सिंचाई परियोजना को भी स्वीकृत किया गया है। नीमच जिले में इस परियोजना से 18600 हेक्टेयर सिंचाई क्षेत्र विकसित होगा।

## राजकाज



### जीत की दावेदारी लेकिन कौन बनेगा सीएम?

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के बाद किसके सिर पर सजेगा मुख्यमंत्री का ताज, यह देखने वाली बात है, लेकिन जीत के दावे तो हो ही रहे हैं। सत्तारूढ़ महायुति और विपक्षी महाविकास अघाड़ी दोनों ने दावा किया कि 23 नवंबर को जब वोटों की गिनती होगी तो जनादेश उनके पक्ष में ही आएगा। महाराष्ट्र कांग्रेस प्रमुख नाना पटोले की मानें तो उनकी पार्टी की अगुवाई में राज्य में महाविकास अघाड़ी की सरकार बनने जा रही है। अब यह अलग बात है कि उनका दावा उनके अपने सहयोगी दल शिवसेना (उद्धव ठाकरे) के गले ही नहीं उतरा है।

### सवालों के जवाब तलाशेगी महिला संवाद यात्रा

बिहार में महिला संवाद यात्रा के चर्चे बहुत रहे हैं। दरअसल मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने चुनावी तानाबाना बुनने की शुरुआत के साथ ही महिला संवाद यात्रा के बहाने किसी निर्णय की तलाश में निकलने वाले हैं। इस यात्रा को आम यात्रा से हटकर बताया जा रहा क्योंकि यात्रा अनेक सवालों के जवाब हासिल करने निकलेगी। शराबबंदी नीति से लेकर विधायकों के रिपोर्ट कार्ड तक के जवाब लिए जाने की बात कही जा रही है। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर यह सब किया जा रहा है, इसलिए नीतीश कुमार ने जिस तरह महिलाओं पर भरोसा किया और उन्होंने जीविका दीदी, आशा दीदी को जीवन की राह दी इस यात्रा से मालूम भी चल जाएगा कि सही मायने में वो बड़े दूत बने या नहीं।

### क्या सऊदी ने इमरान को सत्ता से हटवाया?

जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और पीटीआई संस्थापक इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी का आरोप है कि सऊदी अरब ने उनके पति के खिलाफ साजिश रची और उन्हें जेल तक पहुंचा दिया। बुशरा बीबी का यह वीडियो संदेश अब तेजी से वायरल हो रहा है, क्योंकि इसमें पाकिस्तान के तत्कालीन सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा का भी नाम सामने आ रहा है। इसका सबूत पेश करतीं बुशरा बीबी ने याद दिलाया कि जब इमरान सऊदी अरब की धार्मिक यात्रा पर मदीना नंगे पांव गए थे तभी जनरल बाजवा को फोन आने शुरू हो गए थे।

### पुतिन के निशाने पर अब अमेरिका और ब्रिटेन

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अब सीधे-सीधे अमेरिका और ब्रिटेन की सैन्य सुविधाओं को निशाना बनाने जैसी अहम धमकी दे डाली है। पुतिन की धमकी यूक्रेन की तरफ से अमेरिकी और ब्रिटिश मिसाइलों को रूस के अंदर दागे जाने के बाद सामने आई है, इसलिए इसका महत्व सभी जान रहे हैं। ऐसे में हमले की आशंका से भयाक्रांत अमेरिका और ब्रिटेन क्या कुछ करेगा यह भी देखने वाली बात होगी। पुतिन का कहना है कि यूक्रेन के एटीएसीएमएस और स्टॉर्म शैडो मिसाइलों के प्रयोग के जवाब में ब्रिटेन और अमेरिका के अंदर स्थित सैन्य सुविधाएं रूसी सेना के लिए वैध लक्ष्य बन सकती हैं।

## फीचर



# संगीत में भी हैं कई संभावनाएं

**संगीत अब केवल शौक नहीं रहा यह एक बाजार के रुप में विकसित हो गया है। तेजी से बदलते परिदृश्य में संगीत का क्षेत्र एक महत्वपूर्ण पेश बन गय है।**

युवाओं में इस क्षेत्र का रुझान तेजी से बढ़ता जा रहा है। संगीत को अपना करियर बनाने की इच्छा रखने वाले युवाओं के लिए महज संगीत में रुचि रखना ही काफी नहीं है। इसके अलावा उन्हें सृजनात्मक प्रतिभा का धनी, धुन का पक्का, मेहनती, संगीत की समझ, वाद्ययंत्रों का की जानकारी होनी चाहिये। इसके लिए ट्रेनिंग के साथ ही ग्रेजुएशन, पोस्ट ग्रेजुएशन के अतिरिक्त सर्टिफिकेट डिप्लोमा एवं पार्ट टाइम प्रकार के कोर्स्हो सकते हैं। नामी विश्वविद्यालयों से लेकर संगीत अकादमियों तक में इस प्रकार के ट्रेनिंग कोर्सेज स्कूली बच्चों और युवाओं के लिए उपलब्ध हैं। वर्तमान में देश-विदेश में युवाओं में म्यूजिक बैंड बनाने और परफॉर्म करने का ट्रेंड जोर पकड़ता जा रहा है। इस प्रकार के बैंडस में वोकल आर्टिस्ट (गायक) और इंस्ट्रूमैंट्रल आर्टिस्ट (वाद्ययंत्र कलाकार) दोनों का ही समन्वयन होता है। स्कूलों, कॉलेजों और अन्य छोटे स्तरों पर इस प्रकार के सैकड़ों हजारों बैंडस आज अस्तित्व में आ चुके हैं।


आम तौर पर यही माना जाता है कि संगीत को करियर का आधार बनाकर ज्यादा कुछ करने की संभावनाएं सीमित हो जाती हैं पर वास्तविकता पर बात करें तो कम से कम आज के संदर्भ में स्थितियां बहुत भिन्न हैं और तमाम नए विकल्प उबरकर सामने आ रहे हैं।

म्यूजिक इंडस्ट्री ¬ इस उद्योग में कई प्रकार के म्यूजिक आधारित प्रोफेशनलों की अहम भूमिका होती है, इनमें विशेष तौर पर म्यूजिक सॉफ्टवेयर प्रोग्रामर, कंपोजर, म्यूजिशियन, जैसे कार्यकलापों के अलावा म्यूजिक बुक्स की पब्लिशिंग, म्यूजिक अलबम रिकार्डिंग म्यूजिक डीलर, म्यूजिक स्टूडियो के विभिन्न विभागों इत्यादि का उल्लेख किया जा सकता है।

## प्रेरणा

# अहिंसा का स्वरूप

सामान्यतः अहिंसा को निषेधार्थक माना जाता है। 'न हिंसा -अहिंसा'- हिंसा का अभाव अहिंसा है, यह इसकी एकांगी परिभाषा है। इसको सर्वांगीण रूप से परिभाषित करने के लिए इसके विधेयार्थ और निषेधार्थ दोनों को समझना जरूरी है। किसी प्राणी के प्राणों का वियोजन नहीं करना, इस सूत्र का हिंसा के संदर्भ में जितना मूल्य है, उससे भी अधिक मूल्य है किसी भी प्राणी के प्रति अनिष्ट चिंतन के बहिष्कार का। असत् विचार हिंसा है। असत् वचन सा है। जितना कुछ झूठ बोला जाता है, वह हिंसा की प्रेरणा से ही बोला जाता है। असत् चिंतन और असत् वाणी की तरह असत् व्यवहार मात्र हिंसा है, चाहे वह किसी के भी प्रति हो। मनुष्य की प्रवृत्ति सत् और असत् दोनों प्रकार की होती है। जिस प्रवृत्ति के साथ असत् शब्द का योग हो जाता है, वह हिंसा-संवलित ही होती है। दूसरों के प्रति द्वेष की भावना, ईर्ष्या, उन्हें गिराने का मनोभाव और उनकी बढ़ती हुई प्रतिष्ठा को रोकने के सारे प्रयत्न हिंसा में अंतर्गर्भित हैं।



दूसरों के मन में भय उत्पन्न करना, उनके सामने दुखद परिस्थितियां उभार देने, उनके विकास के मार्ग में बाधा पहुंचाना आदि प्रवृत्तियां भी हिंसा की परिधि में समाविष्ट हैं। इन प्रवृत्तियों का सर्वथा निरोध अहिंसा का आदर्श है। यह अहिंसा का नेगेटिव पक्ष है। अपने पॉजिटिव पक्ष में अहिंसा समता, मैत्री, संयम आदि उदात्त वृत्तियों से अनुबंधित है। यहां अहिंसा का वाच्यार्थ न मारने तक की सीमा में आबद्ध नहीं है। जहां यह प्रतिबद्धता जुड़ जाती है, अहिंसा का व्यापक अर्थ एक छोटे-से संदर्भ में समा जाता है। समता का धरातल असीम है।

## अपनी बात



बागेश्वर धाम सिद्ध पीठ से रामराजा सरकार की नगरी ओरछा के लिए बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की पदयात्रा शुरू हो गई। शास्त्री ने कहा कि वह शालीनता के साथ पदयात्रा में चलें। एक दूसरे का ख्याल रखें। यह एकता यात्रा सभी सनातनियों को जोड़ने के लिए शुरू की गई है। धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि अब हमें जात-पांत खत्म कर मंदिरों और मस्जिदों में भी राष्ट्रगीत गाया जाना चाहिए ताकि यह पता चल सके कि इस मातृभूमि से किसे प्रेम है और कौन नफरत करता है।



राहुल गांधी ने कहा कि अडाणी जी 2 हजार करोड़ रुपए का स्कैम कर रहे हैं। बाहर घूम रहे हैं, क्योंकि पीएम मोदी उन्हें बचा रहे हैं। गौतम अडाणी ने अमेरिका में क्राइम किया है, लेकिन भारत में उन पर कुछ नहीं हो रहा है। अडाणी की प्रोटेक्टर सेबी की चेयरपर्सन माधबी बुच पर केस होना चाहिए। वहीं राहुल के आरोपों पर भाजपा ने पलटवार किया।

# डीएपी खाद संकट और किसानों की दुर्दशा के लिए केंद्र और प्रदेश सरकार जिम्मेदार : लक्ष्मण सिंह

## आत्मनिर्भर भारत की बात करने वाले डीएपी पर आत्मनिर्भर क्यों नहीं हो पा रहे

सत्ता सुधार ■ गुना

पूर्व सांसद एवं पूर्व विधायक कांग्रेस के वरिष्ठ नेता लक्ष्मण सिंह ने शुक्रवार को बमौरी विधानसभा क्षेत्र के झागर पहुंचकर दिवंगत किसान के परिजनों से मुलाकात की है। परिजनों से मिलने के बाद लक्ष्मण सिंह ने डीएपी खाद की किल्लत के लिए राज्य सरकार और प्रशासन पर निशाना साधा है। साथ ही किसानों की दुर्दशा के लिए सहकारी विभाग में हुए घोटाले को जिम्मेदार ठहराया है। बता दें कि गुना दौरे पर आए लक्ष्मण सिंह सबसे पहले झागर ग्राम में कुछ दिन पहले ही जान गंवाने वाले किसान भगवत सिंह किरार के परिजनों से मिलने पहुंचे। उन्होंने परिजनों



को ढांढस बंधाया। इसके बाद जिला मुख्यालय पर आकर पत्रकारों से बातचीत की। इस दौरान लक्ष्मण सिंह ने केंद्र और राज्य सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा है कि एक तरफ भाजपा की सरकारें आत्मनिर्भर भारत की बात कर रही हैं, जिसमें कोई बुराई नहीं है लेकिन आत्मनिर्भरता उर्वरक क्षेत्र में भी आना चाहिए। इसके लिए भारत में संसाधनों की कमी नहीं है। खाद की किल्लत से जूझ रहे किसानों की परेशानी को दूर करने के लिए लक्ष्मण सिंह ने राज्य सरकार से मांग की है। पूर्व विधायक ने कहा है कि किसानों की दुर्दशा के लिए सूदखोर भी जिम्मेदार हैं, जिनके खिलाफ सभी को आवाज उठाना चाहिए। सहकारी बैंकों में लगातार घोटाले होने के बावजूद सरकार चुप बैठी है। उन्होंने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी को सलाह दी कि वे प्रदेशभर में शिवपुरी और गुना जिलों में सहकारी घोटालों पर सरकार को घेरें और किसानों को एकजुट करें। सरकार को जवाब देना होगा कि आखिर एक सहकारी बैंक का चपरासी 100 करोड़ का मालिक कैसा बन गया और सहकारी बैंकों के पास नगदी क्यों नहीं है। लक्ष्मण सिंह ने प्रदेश कांग्रेस के वर्तमान हालातों पर भी बेबाकी से राय व्यक्त की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से भी कहाकि वे भावुक होने की बजाए सरकार की गलत नीतियों का विरोध करें।

## ब्रीफ न्यूज

### पुरानी रंजिश पर युवक के साथ मारपीट

**गुना।** जिले के धरनावदा थानांतर्गत ग्राम खोडापांज में पुरानी रंजिश पर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी संतोष पुत्र आनंद गुर्जर ने घायल अवस्था में अपने परिजन बुन्देल सिहं गुर्जर, रामेश्वर गुर्जर, प्रकाश गुर्जर के साथ पुलिस को शिकायत दर्ज कराई कि गत शाम वह अपने घर की लाईट जोड़ने डीपी पानी की टंकी के पास गया था। उसके साथ उसके रिश्ते के भाई दीपक, कृष्णपाल भी साथ गये थे। तभी डीपी के पास हमारे गांव के कल्याण सिहं गुर्जर, रामदयाल, करण, दिनेश आदि लाठी-लुहांगी लिए मिले और उससे कहने लगे कि यहां क्यों आये हो। जिस पर फरियादी ने कहा कि मैंने बिजली का बिल जमा कर दिया है तो लाईट जोड़ने आया था। इसी बात पर दोनों ने गाली गलौंच कर मारपीट शुरू कर दी। जिसमें उसे चोट लगकर खून निकल आया। सभी ने मिलकर उनकी जमकर मारपीट की। फिलहाल मामले में पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपियों पर धारा 296,115(2),118(1),351(3), 3(5) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

### आईटी सिटी बैंगलोर तक ट्रेन चलाने की मांग, केंद्रीय मंत्री सिंधिया को लिखा पत्र

**गुना।** देश का आईटी शहर बैंगलोर तक ट्रेन चलाए जाने की मांग जोर पकडऩे लगी है। अब भारतीय डाक कर्मचारी संघ ग्रुप सी द्वारा क्षेत्रीय सांसद एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को पत्र लिखकर गुना से बेंगलोर तक के लिए सीधी ट्रेन चलाने की मांग की है। संघ के संभागीय अध्यक्ष सचेन्द्र तिवारी के अनुसार गुना, अशोकनगर एवं शिवपुरी क्षेत्र के हजारों वासी बैंगलोर कनार्टक जो कि आईटी हब के नाम से विश्व में मशहूर हो चुकी है, उसमें विभिन्न कंपनियों में नौकरी करते हैं। हजारों की संख्या में गुना के वांशिदें बैंगलोर में व्यवसाय भी करते हैं। गुना से बैंगलोर जाने के लिए अभी भोपाल एवं विभिन्न महानगरों में जाना पड़ता है जिसमें समय एवं धन का अनावश्यक व्यय होता है। श्री तिवारी ने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से गुना से सीधे बैंगलोर के लिए एक ट्रेन चलवाने की मांग की है, जिससे समूचा संसदीय क्षेत्र लाभांवित हो सके।

### कृषि कार्य के दौरान मृत्यु के प्रकरण में आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**गुना।** कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह द्वारा कृषि कार्य के दौरान हुयी मृत्यु के प्रकरण में 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि मृतक के वैध वारिसान को स्वीकृत किये जाने के जारी करने के आदेश जारी किए हैं। जारी आदेशानुसार अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनुभाग आरोन के प्रतिवेदन अनुसार स्व. श्रीमति सुमन बाई पत्नि श्री लाखन सिंह रघुवंशी निवासी ग्राम रूसल्ला तहसील आरोन जिला गुना की दिनांक 06 अगस्त 2024 को कृषि कार्य के दौरान विद्युत करंट लगने से मृत्यु हो जाने के फलस्वरूप म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल एवं मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना में संशोधन आदेश के तहत आर्थिक सहायता राशि रूपये 04 लाख रूपये की स्वीकृति के लिये अनुशंसा की गई।

## गुना, राघौगढ़ और म्याना से तीन मोटर सायकिलें चोरी

**गुना।** जिला मुख्यालय सहित जिले के राघौगढ़ एवं म्याना थानांतर्गत तीन मोटर सायकिलें चोरी होने की घटनाएं सामने आई हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के जिला अस्पताल परिसर में खड़ी मोटर सायकिल अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। फरियादी फरियादी प्रदीप पुत्र रामहेत जारोलिया निवासी सिसोदिया कालोनी ने बताया कि गत शाम वह अपनी मोटरसाईकल क्रमांक एमपी 08 एमएम 1835 को जिला अस्पताल गुना में आजीविका केन्टीन के सामने रखकर वह अस्पताल में अंदर चला गया था। जब वह रात को अस्पताल से वापस आया तो उसकी मोटर सायकिल गायब थी। जिसे कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। मामले में पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात चोर पर प्रकरण दर्ज किया है। जबकि राघौगढ़ थानांतर्गत साडा कॉलोनी में घर के सामने खड़ी मोटर सायकिल को अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी जगदीश पुत्र रामचरण ओझा निवासी साडा कालोनी ने अपने पड़ोसी राकेश पुत्र प्रेमनारायण सेलर के साथ थाने में शिकायत दर्ज कराई कि गत शाम उसने अपनी मोटर साईकिल हीरो स्पेलेण्डर प्रो काले रंग को अपने घर के सामने खडी कर घर पर चला गया था। फिर रात करीबन 9 बजे जब वह बाहर आया तो उसकी बाईग गायब थी। जिसे उसने आसपास काफी तलाश किया, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। जिसे कोई अज्ञात चोर चोरी करके ले गया।

इसी तरह म्याना थानांतर्गत तरावटा कंजा की रेलवे पुलिया के पास बाईक को खड़ी कर लघुशंका कर रहे व्यक्ति की मोटर सायकिल अज्ञात चोर पलक झपकते ही चोरी कर ले गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी नितेश पुत्र हरिगोविंद शर्मा निवासी तरावटा ने बताया कि वह जियो पेट्रोल पंप पर काम करता है। गत सुबह करीब 05.50 बजे वह अपने घर से जियो पेट्रोल पंप पर ड्यूटी के लिये जा रहा था। जैसे ही वह तरावटा कंजा की रेलवे पुलिया पर रूककर अपनी मोटरसाईकिल साईड में खड़ी करके पास ही झाडियों में पेशाब करने लगा, इतने में ही कोई अज्ञात चोर उसकी हीरो स्पलेण्डर काले सफेद रंग की चोरी कर ले गया। मामले में पुलिस ने अज्ञात चोरों पर प्रकरण दर्ज किए हैं। उक्त मोटर सायकिल का अभी रजिस्ट्रेशन भी नहीं हुआ था।

## ईनाम घोषित होते ही गुशमुदा युवती दस्तयाब

**गुना।** शहर की केंट थाना पुलिस द्वारा क्षेत्र से गुमशुदा युवती को खोज निकाला। एसपी द्वारा हाल ही में युवती की दस्तयाबी पर 10 हजार का इनाम घोषित किया था। उल्लेखनीय है गुमशुदा युवति गुना के नानाखेडी में किराये से रहकर पढाई कर रही थी, जो 16 नवंबर 24 के दोपहर से किसी को भी बिना कुछ बताए कहीं चली गई थी। परिजन द्वारा जिसका सभी संबंधित स्थानों पर पता कर लिया गया, लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चलने पर गुमशुदा युवती के भाई की इसकी सूचना कैंट थाने पर दी गई। जिसकी सूचना पर थाने में गुमइंसान क्रमांक 190/24 कायम कर जांच में लिया गया था। एसपी की ओर से प्रकरण की गुमशुदा युवति की दस्तयाबी पर 10 हजार रुपये का ईनाम भी उद्घोषित किया गया था। पुलिस द्वारा गुमशुदा युवती की सघनता से तलाश की गई एवं इस हेतु अपना मुखबिर तंत्र सक्रिय कर विभिन्न तकनीकि उपकरणों की मदद से भी युवती को खोजने के लगातार प्रयास किये गये । जिसके फलस्वरूप गुमशुदा के संबंध में शुक्रवार को मिली जनाकरी पर पुलिस द्वारा तत्परतापूर्वक कार्यवाही कर गुमशुदा युवति को सकुशल दस्तयाब कर लिया गया एवं विधिवत कार्यवाही उपरांत युवति अपने परिजनों साथ गई। पुलिस की इस कार्रवाई में टीआई अनूप कुमार भार्गव, प्रधान आरक्षक प्रदीप धाकड़, आरक्षक अभिनेष रघुवंशी, आरक्षक माखन चौधरी, आरक्षक सागर आस्के, महिला आरक्षक रश्मि सेन एवं सायबर सेल से आरक्षक कुलदीप भदौरिया की विशेष भूमिका रही है । इस टीम गुना पुलिस अधीक्षक द्वारा उदघोषित इनाम राशि से पुरूष्कृत किया जावेगा ।

## पशु चिकित्सालय में फैली अव्यवस्थाओं पर आक्रोषित विहिप कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

सत्ता सुधार ■ गुना

जिला पशु चिकित्सालय में व्याप्त अव्यवस्थाओं के खिलाफ शुक्रवार को लामबंद विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंगदल के कार्यकर्ताओं ने उप संचालक को ज्ञापन सौंपा। जिसमें पशु चिकित्सालय में फैली अव्यवस्थाओं पर आक्रोष जाहिर शीघ्र व्यवस्थाएं सुधारने की मांग की। विहिप के अनुसार इन सुविधाओं की कमी से गौमाता की सेहत और सुरक्षा खतरे में पड़ रही है। यहां बीमार गौ माता के ऑपरेशन करने के लिए लाइट तक की ठीक से व्यवस्था नहीं है। वहीं ऑपरेशन उपरांत सुरक्षित जगह पर गेट न होने के कारणअस्पताल कैंपस में आवारा कुत्तों द्वारा बीमार गौ माता को घायल कर दिया जाता है। ज्ञापन में विहिप ने बताया कि हाल ही में पशु चिकित्सालय में उनके द्वारा लाई गई गौ माता का ऑपरेशन करवाया गया। जिसमें



अस्पताल की सुविधाओं की कमी देखकर हमें अत्यधिक चिंता हुई। जिसकी जानकारी पूर्व में हमारें द्वारा अस्पताल में दे दी गई है। अस्पताल के अंदर लाइट की पूर्ण व्यवस्था न होना निदंनीय है। जिससे ऑपरेशन करना मुश्किल हो रहा है। इसके अलावा अस्पताल के गेट पर सुरक्षा की कोई व्यवस्था न होने के कारण कुत्ते और अन्य आवारा जानवर अंदर आ-जा रहे है। इसी कारण से पीड़ित गौ माता को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। ज्ञापन में विहिप ने पशु चिकित्सालय में लाइट की व्यवस्था करने, गौमाता के ऑपरेशन उपरान्त रखाव की अच्छी एवं सुरक्षित जगह पर रखने की मांग की। इसके अलावा स्वच्छता और सैनिटेशन की व्यवस्था भी करने की मांग की। ज्ञापन सौंपने वालों में जिला धर्म प्रचार प्रमुख राजेंद्र कुशवाह, जिला गौरक्षा नरेंद्र सिंह कुशवाह, जिला सेवा प्रमुख आशीष रघुवंशी, प्रखंड मंत्री प्रदीप कुशवाह, प्रखंड सहसंयोजक अजय कुशवाह, अमित शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## सड़क दुर्घटना में किसान की मौत

**गुना।** जिले के सिरसी थाना अंतर्गत खतौरा दहरदा रोड पर एक सड़क दुर्घटना में 40 वर्षीय ग्रामीण की मौत हो गई। मृतक खेती किसानी का काम करता था। प्राप्त जानकारी के अनुसार सिरसी थाना अंतर्गत ग्राम चंदेरा का रहने वाला 40 वर्षीय ज्ञान सिंह पुत्र कमरजी यादव गत दिवस दोपहर में बाइक से चंदेरा से इमलावदी जा रहा था। इसी दौरान खतौरा दहरदा रोड पर बामोर खुर्द की पुलिया के पास ट्रक क्रमांक एमपी 07 एचबी 5711 ने उसकी बाइक में



टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची डायल 100 की टीम ने उसे उपचार के लिए नजदीक के बदरवास चिकित्सालय में ले जाकर भर्ती कराया था, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे गुना रैफर कर दिया गया था, इसी दौरान यहां लाते में रास्ते में उसने दम तोड़ दिया था। जिस पर शुक्रवार सुबह जिला चिकित्सालय में पोस्टमार्टम के बाद मृतक का शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है, वहीं इस आशय की सूचना पर से इंदार पुलिस द्वारा बाइक को टक्कर मारने वाले ड्रायवर को गिरफ्तार करने के साथ ही ट्रक को भी थाने में खड़ा करा दिया गया है।

## जमीन के बंटवारे को लेकर भिड़े एक ही परिवार के दो पक्ष, क्रॉस मामला दर्ज

**गुना।** जिले के मधुसूदनगढ़ थानांतर्गत ग्राम थुनियाकुंडल में जमीनी विवाद में एक ही परिवार के दो पक्ष आपस में भिड़ गए। जिसमें दोनों ओर से जमकर लाठी-डंडे और धारदार हथियार चले। मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रॉस प्रकरण दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विवाद में पहले पक्ष के फरियादी तखत सिंह भील ने घायल अपने छोटे भाई इंदर सिंह भील के साथ थाने में शिकायत दर्ज कराई कि उनका और उनके परिवार के हरनाथ सिंह भील आदि से जमीन के बंटवारे का विवाद चल रहा है। गत दिवस उसके भाई इंदर ने हरनाथ से कहा था कि अपन पहले जमीन का बंटवारा कर लेते हैं, उसके बाद पानी फेरेंगें। इस बात पर हरनाथ ने कोई ध्यान नहीं दिया और खेत पर पानी फेरने चला गया। शाम वह और उसका छोटा भाई खेत पर पहुंचे, यहां हरनाथ खेत पर मोटर चला रहा था। उसके साथ में नेपाल सिंह भील और राजन सिंह भील, शिवराज भील थे। जब उन्होंने हरनाथ से कहा कि तुमने मोटर चालू क्यों की है, बंटवारे के बाद मोटर चलाना। इसी बात पर हरनाथ और नेपाल भील , शिवराज भील, राजन भील चारों ने गाली गलौंच कर लाठी-डंडे और फर्सी से हमला कर दिया। जिसमें वह दोनों घायल हो गए। मामले में पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपियों पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

इधर मामले में दूसरे पक्ष ने भी अपनी शिकायत दर्ज कराई है। दूसरे पक्ष के फरियादी हरनाथ सिंह भील ने अपने ताऊ राजेन्द्र सिंह के साथ थाने में शिकायत दर्ज कराई कि उनके परिवार का चाचा इंदर भील सुबह से कह रहा था कि मेरे हिस्से की जमीन बांट दो। जिस पर उसने कहा कि अभी तत्काल में कैसे बंटेगी, आराम से से बांट लेंगे। जिसके बाद वह अपने खेत पर पानी फेरने चला गया था।

## जिले के 07 भण्डारण केंद्र, एमपी एग्रो और 10 पैक्स समितियों सहित प्राइवेट डीलर्स के माध्यम से डीएपी खाद के वितरण की कराई जायेगी व्यवस्था

**गुना।** जिले के लिए एनएफएल कंपनी की डीएपी खाद की एक और रैक प्राप्त हो गई है। जिला विपरण अधिकारी ने बताया कि कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह के निर्देशन में गुना जिले के लिए एनएफएल कंपनी के डीएपी खाद की रैक गुना रैक पॉइंट पर लग चुकी है। जिससे जिले को कुल 1908 मेट्रिक टन डीएपी खाद प्राप्त होगा। 1908 मेट्रिक टन का 75त्न के मान से 1435 मेट्रिक टन गुना जिले के भंडारण केंद्रो सहकारी भंडारण केंद्र गुना, बमोरी, आरोन, राघोगढ़, मधुसूदनगढ़, बीनागंज कुंभराज से वितरित किया जाना है। इसके अलावा 05 फीसदी यानी 70 मेट्रिक टन एमपी एग्रो गुना द्वारा एवं शेष 250 मेट्रिक टन गुना जिले की पैक्स समितियों- मगराना, परवाह, मूडराखुर्द, गावरी, नेगमा, चकदेवपुर, मुरादपुर, ढोलवाज, बरखेड़ीगिर्द, झागर सहित 10 समितियों के माध्यम से वितरित किया जाएगा। उप संचालक कृषि ने बताया कि शेष का 25 प्रतिशत मात्रा 477 मेट्रिक टन प्राइवेट डीलर्स- मैसर्स आदित्य ट्रेडर्स कंभराज, , मैसर्स अभिषेक कृषि सेवा केन्द्र रामपुर कालोनी, मैसर्स अग्रसेन ट्रेडिंग कंपनी बीनागंज, मैसर्स अशोक कुमार पवन कुमार पालिवाल बीनागंज, मैसर्स बालाजी सेल्स फतेहगढ़, मैसर्स चोकसे ब्रदर्स बमोरी, मैसर्स चौकसे ट्रेडिंग कंपनी गुना, मैसर्स कुमारी अर्पणा चौधरी गुना, मैसर्स डोली ट्रेडर्स बमोरी, मैसर्स जैन कृषि सेवा केन्द्र धरनावदा, मैसर्स लोधी कृषि सेवा केन्द्र मक्सूदनगढ़, मैसर्स पालीवाल कृषि सेवा केन्द्र मक्सूदनगढ़, मैसर्स पर्व कृषि सेवा केन्द्र राघौगढ़, मैसर्स पोसरिया कृषि सेवा केन्द्र गुना, मैसर्स यादव सेवा कृषि केन्द्र मक्सूदनगढ़, मैसर्स राहुल ट्रेडिंग कंपनी आरोन, मैसर्स शर्मा कृषि सेवा केन्द्र कुंभराज, मैसर्स श्रीराम कृषि सेवा केन्द्र कुंभराज, मैसर्स सोमांशी हार्डवेयर एंड एग्रो सेल्स आरोन, मैसर्स रामचरणलाल विजयकुमार रूठियाई तथा मैसर्स दिनेश कृषि सेवा केन्द्र बमोरी के माध्यम से वितरण किया जावेगा।

## राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के मध्यप्रदेश सलाहकार एंव वरिष्ठ उपाध्यक्ष बने मिश्रा

**गुना।** मानवाधिकार संगठन के राष्ट्रीय सलाहकार शरद द्विवेदी की अनुशंसा पर अध्यक्ष महेश पटेल ने समाजसेवी और पत्रकार प्रवीण मिश्रा को संगठन का मध्यप्रदेश सलाहकार एवं वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष मध्यप्रदेश मनोनीत किया है। राष्टीय मानवाधिकार संगठन एसो. नई दिल्ली द्वारा राष्ट्रीय एकता, समता, बंधुतत्व, शील करुणा, कर्तव्य निष्ठा, सामाजिक सौहार्द, सांस्कृतिक गरिमा, अनुशासन प्रियता, सौम्यता, पीड़ित मानवता की सेवा, शोषण के विरुध्द आवाज और न्याय दिलाने में आपकी भूमिका को दृष्टिगत रखते हुए आपके द्वारा किये गये कार्यो की समीक्षा उपरांत मिश्रा को मनोनीत किया गया है । प्रवीण मिश्रा के मनोनयन पर संगठन के सभी पदाधिकारियों एवं शुभचिंतकों ने बधाई दी है।

## कस्तूरबा कॉलेज में दो दिवसीय अकादमिक एवं सांस्कृतिक विधाओं का हुआ आयोजन

सत्ता सुधार ■ गुना

शासकीय कस्तूरबा कन्या महाविद्यालय गुना में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के अंतर्गत दो दिवसीय महाविद्यालयीन अकादमिक और सांस्कृतिक विधाओं का आयोजन संपन्न हुआ। सर्वप्रथम मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन और मल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ प्रीति यादव ने बताया कि द्वितीय दिवस में प्रश्न मंच ,लोकगीत और लोक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रश्न मंच में अर्पिता कोरी ,रीना पटेलिया और पलक सेन की टीम विजयी रही। लोकगीत में आरती अहिरवार और लोक नृत्य में दिव्यांशी समूह प्रथम रहा ।



महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विनीता जैन ने छात्राओं को जिला स्तर पर चयनित होने की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लोकगीत और लोक नृत्य न सिर्फ हमारी संस्कृति का हिस्सा हैं, बल्कि यह हमारे जीवन में ऊर्जा का संचार कर जीवन जीने की प्रेरणा देते हैं। सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन का आईना भी हैं, इन गीतों और नृत्य के माध्यम से हम किसी भी क्षेत्र की संस्कृति और विरासत को भली भांति जान सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी का आभार डॉ पूनम पारीक ने माना। निर्णायक के रूप में महाविद्यालयीन सदस्य रूपाली रावत, श्रीमती सोनू सिसोदिया, पूनम पारीक, आशा बाथम, दिवाकर तिवारी, कीर्ति सोनी और प्रशांत आर्य और उपस्थित रहे। विधाओं में छात्राओं ने बढ़चढ़कर हिस्सेदारी की।

## डाक पेंशनरों का सम्मान कर डाक विभाग द्वारा की गई अनूठी पहल अभिवादन की शुरुआत

सत्ता सुधार ■ गुना

डाक विभाग गुना द्वारा अधीक्षक डाकघर विनय श्रीवास्तव के नेतृत्व में डाक विभाग के सेवानिवृत पेंशनर का महासम्मेलन आयोजित किया। जिसका नाम अभिवादन रखा गया। इस कार्यक्रम में पेंशनरों का सम्मान कर डाक विभाग में एक अनूठी पहल की शुरुआत की है। डाक अधीक्षक विनय श्रीवास्तव ने बताया की डाक विभाग द्वारा अंकुर प्रोजेक्ट योजना के अंतर्गत व्यवसाय विकास के साथ ही साथ इस व्यवसाय विकास कार्य में डाक विभाग के अनुभवी पेंशनरों का लाभ लेने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। गुना के सबसे वरिष्ठ पेंशनर एसआर पुणतांबेकर का शाल श्रीफल एवं सम्मान पत्र भेंट कर डाक अधीक्षक द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर पेंशनर रहते हुए भी डाक विभाग की डाक जीवन बीमा योजना एवं



अन्य व्यवसाय में सहयोग प्रदान करने के लिए आर के सोनी को भी अधीक्षक डाकघर द्वारा सम्मानित किया गया। पेंशनर को कार्यक्रम में विभाग की नवीन योजनाओं से जोडऩे का कार्य भी किया गया। मंच पर मौजूद अतिथियों में कमल कुमार जैन सेवानिवृत्त असिस्टेंट डायरेक्टर, घनश्याम श्रीवास्तव अध्यक्ष शासकीय राज्य पेंशन कर्मचारी संघ एवं आरके सोनी संभागीय सचिव ऑल इंडिया पोस्ट और आरएमएस पेंशनर्स एसोसिएशन मौजूद थे। पेंशनर की ओर से जेपी शर्मा पूर्व पोस्ट मास्टर ने अपने संबोधन में डाक विभाग की उपयोगिता, महिमा का वर्णन किया एवं डाक कर्मचारियों की कार्य के प्रति प्रतिबद्धता, निष्ठा एवं अनुशासन पर अपने विचार रखें।

महिला पेंशनर अनुरागिनी शर्मा एवं सरिता राठौर ने भी अपने विचार रखें। आरके सोनी सेवानिवृत पोस्टमास्टर ने अपने उद्बोधन में पेंशनर से आह्वान किया कि वह अपनी उपयोगिता को बनाए रखें नित्य नवीन घटनाक्रम से अपने आप को अपडेट रखें। उन्होंने अधीक्षक के इस अनूठे प्रयास का स्वागत किया। घनश्याम श्रीवास्तव अध्यक्ष शासकीय राज्य कर्मचारी पेंशनर संघ ने अपने उद्बोधन में पेंशनर संघ द्वारा किए जा रहे जनकल्याणकारी कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। विनय श्रीवास्तव अधीक्षक डाकघर ने अपने उद्बोधन में पेंशनरों का आभार माना एवं कृतज्ञता ज्ञापित की ,उन्होंने कहा कि वह एक पोस्टमास्टर के पुत्र हैं एवं पेंशनरों में अपने पिता की छवि को देखते हैं। उन्होंने पेंशनरों की हर संभव मदद का आश्वासन दिया एवं नई योजनाओं में पेंशनरों की भागीदारी का भी प्रस्ताव रखा। साथ ही पेंशनरों के हितों के लिए कई योजनाओं की घोषणा की, जैसे पेंशनरों की समस्याओं के लिए पेंशन मित्र, पेंशनरों के लिए अलग से काउंटर एवं पेंशनरों के लिए पहचान पत्र आदि। आयोजन में बड़ी संख्या में गुना शिवपुरी, अशोक नगर एवं सुदूर क्षेत्र के पेंशनर सम्मिलित हुए । इस आयोजन में मनु शर्मा, स्टोनो, सचिन तिवारी, गजेंद्र टांडेल, केके भार्गव, नरेंद्र सोलंकी सुरेश परिहार, जगदीश राठौर सहित कई कर्मचारियों ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया।



इस सीजन में गले का इन्फैक्शन, वायरल बुखार, जोडों में दर्द, डेंगू, मलेरिया, निमोनिया, अस्थमा, आथ्रईटिस, दिल व त्वचा से संबंधी समस्याएं अधिक बढ जाती हैं।

# बदलते मौसम में इस तरह रखें अपने सेहत का ख्याल

बदलते मौसम की की वजह से गले का इन्फैक्शन, वायरल बुखार, जोडों में दर्द, डेंगू, मलेरिया, निमोनिया, अस्थमा, आथ्रईटिस, दिल व त्वचा से संबंधी समस्याएं अधिक बढ जाती हैं। यदि इस सीजन का लुत्फ उठाना है, तो अपनी दिनचर्या को सीजन के अनुरूप ढालना बहुत जरूरी है। ऐलर्जी से पीडित लोग साबुन, डिटजैंट और ऊनी कपडों के सीधे सम्पर्क से बचें। अस्थमा से पीडित और बुजुर्ग धुंध छंटने के बाद ही बाहर निकलें। दवाएं और इनहेलर वक्त पर लेते रहें। कभी खाली पेट शरीर को कम जो करता है। ऐसे में वायरल इन्फैक्शन का डर ज्यादा रहता है। ठंडे, खट्टे, तले व प्रिजर्वेटिव खाने के सेवन से इस मौसम में संक्रमण की आशंका कहीं अधिक बढ़ जाती है। इम्यून सिस्टम को मजबूत रखने के लिए विटामिन सी से भरपूर फलों एवं ताजा दही का सेवन करें। हरी पत्तेदार सब्जियों के साथ-साथ फाइबरयुक्त भोजन को भी एहमियत दें। मौसमी फल-सब्जियां जरूर खाएं, बासी खाना या पहले से कटी हुई फल-सब्जियां ना खाएं। इस सीजन में स्किन पर भी काफी प्रभाव पड़ता है। स्किन में रूखापन बढ जाता है। इसलिए अधिक मसालेदार और तलाभुना खाना ना खाएं, क्योंकि यह स्किन को खुश्क बनाता है। जिन्हें ऐंजाइना या स्ट्रोक हो चुका हो, उन्हें इस मौसम में नियमित रूप से दवा लेनी चाहिए और सर्दियां शुरू होते ही एक बार चैकअप करा लेना चाहिए। डॉक्टर की सलाह से जरूरी दवा साथ रखें।





# आयुर्वेद में औषधि समान मानी गई है मिश्री

**ऐसे कई लोग हैं जो शक्कर और इससे बने फूड आइटम्स खाने से परहेज करते हैं, क्योंकि इसे बनाने में कई तरह के केमिकल का इस्तेमाल होता है। लेकिन वहीं मिश्री हमारी सेहत के लिए कई तरह से फायदेमंद है। आयुर्वेदिक डॉ. ने इसके कई फायदे गिनाए हैं।**

हम में से बहुत से लोग मिश्री यानी रॉक शुगर को माउथ फ्रेशनर के तौर पर इस्तेमाल करते हैं। कई भारतीय रेस्टोरेंट में इसे भोजन के बाद सौंफ के साथ परोसा जाता है। मंदिरों में भी मिश्री को प्रसाद के तौर पर चढ़ाया जाता है। मिश्री वो मिठास है जो भगवान श्री कृष्ण को भी माखन के साथ अर्पित की जाती है। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि रॉक शुगर के कई स्वास्थ्य लाभ हैं? आज हम आपको मिश्री के कई स्वस्थ्य लाभों के बारे में जानकारी दे रहे हैं। मिश्री के चमत्कारी गुणों का जिक्र आयुर्वेद विशेषज्ञ दीक्षा भावसार भी कर चुकी हैं।

## औषधीय गुणों से भरपूर है मिश्री

डॉ.भावसार मानती हैं कि भले ही मिश्री स्वाद में मीठी तो होती ही है, लेकिन इसके सेवन से हमें कई लाभ मिलते हैं, क्योंकि मिश्री में औषधीय गुण भी होते हैं। ये शक्कर के मुकाबले कम केमिकल्स वाली होती है। मिश्री को पारंपरिक तरीके से बनाया जाता और इसलिए इसमें कई तरह के औषधीय गुणों से समृद्ध है।

## चीनी की मिठास में सबसे शुद्ध है मिश्री

मिश्री का उत्पादन भी गन्ने के पौधे के जरिए होता है, जो कि स्वभाविक तौर पर एक मीठा खाद्य पदार्थ है। इसे चीनी की सबसे शुद्ध मिठास मानी जाती है, क्योंकि इसमें व्हाइट शुगर की तरह केमिकल का प्रयोग नहीं होता है। डॉक्टर भावसार के अनुसार, यह बिना किसी रसायन के चीनी का सबसे शुद्ध रूप है। षडरस भोजन (संपूर्ण आहार जिसमें 6 अलग-अलग स्वाद हों) वो बहुत जरूरी होता है और इसमें मधुर रस यानी मीठे स्वाद की भी खास अहमियत है, उन्हीं में से एक मिश्री है।

## इन लोगों को नहीं खानी चाहिए मिश्री

हालांकि, डॉ.भावसार कुछ लोगों को इसके सेवन न करने की सलाह भी देती हैं। उनका कहना है कि उच्च शर्करा स्तर यानी हाई शुगर लेवल, कोलेस्ट्रॉल, हार्मोनल इशु, ऑटोइम्यून जैसी बीमारियों से सूझ रहे लोगों को मिश्री सहित चीनी के सभी खाद्य पदार्थों से बचना चाहिए। बकौल डॉक्टर, 'बकौल डॉ.' फ्रूट्स से प्राप्त नेचुरल शुगर सही होती है। इनमेंहिए।' कुछ हद तक शहद और मिश्री भी ली जा सकती है, लेकिन ज्यादा नहीं। वैसे आपको मीठे से बचना चाहिए।

## कम मात्रा में करने से मिलते हैं लाभ

डॉ.भावसार ने कहा कि आइडल तौर पर मिश्री का सेवन कम मात्रा में किया जाना चाहिए। मिश्री को प्रकृति में सात्विक माना जाता है और आयुर्वेद इसे औषधि मानता है। आयुर्वेद में हर चीज की तरह, मिश्री का सेवन सावधानी बरतते हुए संयम से करना करने की सलाह दी गई। अगर इसका सेवन औषधि के रूप में किया जाए तो मिश्री आपके शरीर के लिए काफी सेहतमंद हो सकती है।

## मिश्री का उपयोग कैसे कर सकते हैं?

आयुर्वेदिक चिकित्सक ने सुझाव दिया कि आप इसका उपयोग कड़वी दवाओं को निगलने के लिए कर सकते हैं। साथ ही नींबू जैसे फ्रेश ड्रिंक में मिलाकर भी इसका सेवन किया जा सकता है। इतना ही नहीं, यह एक एनर्जी बूस्टर है और खांसी और गले की खराश से राहत दिलाने के साथ-साथ प्रजनन क्षमता में सुधार करता है। डॉ.ने रॉक शुगर को ब्रेस्टफीडिंग यानी स्तनपान कराने वाली महिलाओं के लिए भी अच्छा बताया है।

### मिश्री के आयुर्वेदिक लाभ

- मिश्री को अपने आहार में शामिल करने के आयुर्वेदिक फायदे भी हैं।
- मिश्री आंखों के लिए अच्छी होती है।
- थकान को मिठाने के लिए मिश्री सहायक है। आयुर्वेद में थकान को क्षताक्षिनहारा कहा जाता है।
- आंखों के लिए अच्छी मानी जाती है।
- मिश्री के सेवन से पुरुषों के स्पर्म में सुधार होता है। शुक्रवर्धिका आयुर्वेद में स्पर्म को कहते हैं।
- मिश्री बलकारक यानी ताकत बढ़ाती है।
- मिश्री खाने से रक्तपित्तहर यानी खून का एसिड लेवल दुरुस्त रहता है।
- ये छर्दिघ्न यानी उल्टी और जी मिचलाने की समस्या को दूर करती है।
- मिश्रा वातनाशक यानी वात दोष को खत्म कर देती है।
- सर्दी, खांसी और जुकाम को दूर कर देती है मिश्री।

# महंगी दवाओं से सस्ती पड़ेगी इस फूल से बनी चाय



**कैलेंडुला एक बेहद प्रभावी फूल है। इसकी चाय बनाकर पीने से बुखार, जलन, घाव और त्वचा से जुड़ी समस्याओं में राहत मिलती है। इसमें एंटीसेप्टिक- एंटीफंगल गुण होते हैं, जिसके प्रयोग से स्किन से जुड़ी परेशानियां दूर होती हैं।**

कैलेंडुला का फूल दवाओं को बनाने के लिए प्रयोग किया जाता है। इसके फूल त्वचा के लिए भी बहुत अच्छे माने जाते हैं। पर क्या आपने कभी कैलेंडुला की फूल की चाय ट्राय की है। सुनने में भी आपको अजीब लग रहा होगा। लेकिन कैलेंडुला के फूलों से बनी चाय आपके स्वास्थ्य के लिए बहुत ही फायदेमंद है। यह चाय फूलों को उबलते पानी में डालकर बनाई जाती है। इसका अर्क फूलों और पत्तियों दोनों से मिलता है। बेशक आपको इसका स्वाद थोड़ा कड़वा लगे, लेकिन इसके बावजद कैलेंडुला चाय एक पारंपरिक उपचार है। तो चलिए हम यहां आपको बताते हैं इस फूल के 7 स्वास्थ्य लाभों के बारे में।

## एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर

कैलेंडुला के अर्क में कई शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट होते हैं। इसके अलावा इसमें ट्यूमर नेक्रोसिस फैक्टर अल्फा जैसे एंटीइंफ्लेमेट्री कंपाउंड्स भी हैं। इस चाय को पीने से मोटापे के साथ सूजन और टाइप-2 डायबिटीज की शुरूआत को रोकने में मदद मिलती है। एक स्टडी के निष्कर्षों से पता चला कि कैंलेंडुला अर्क में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट ऑक्सिडेटिव स्ट्रेस को काफी हद तक कम कर देता है।

## घाव और त्वचा के अल्सर का उपचार करे

तेल, मलहम और टिंचर में पाया जाने वाला कैलेंडुला का अर्क घावों और अल्सर के इलाज के लिए उपयोग किया जाता रहा है। आप चाहें, तो चाय को स्प्रे बोतल के माध्यम से अपनी त्वचा पर लगा सकते हैं। टेस्ट ट्यूब और जानवरों का अध्ययन इस ओर इशारा करता है कि कैलेंडुला अर्क प्रोटीन को रैगुलट कर बहुत जल्दी घाव को भरने का काम करता है। घाव और अल्सर के उपचार को बढ़ावा देने के लिए आप इसे विभिन्न रूपों में अपनी त्वचा पर लगा सकते हैं।

## कैंसर कोशिकाओं से लड़े

कैलेंडुला के फूल में मौजूद फ्लेवेनॉइड और ट्राइटरपीन, एंटीऑक्सीडेंट ल्यूकेमिया, मेलेनोमा, कोलन और पैंक्रियाज कैंसर सेल्स से लड़ सकते हैं। एक अध्ययन के अनुसार, कैलेंडुला अर्क उन प्रोटीनों को एक्टिव करता है, जो कैंसर कोशिकाओं को नष्ट करने में सक्षम हैं।

## एंटीफंगल और एंटीमाइक्रोबियल गुण

कैलेंडुला के फूल का अर्क अपने एंटीफंगल और एंटीमाइक्रोबियल गुणों के कारण जाना जाता है। एक टेस्ट ट्यूब अध्ययन के अनुसार, गेंदे के फूलों से निकलने वाला तेल कैंडिडा यीस्ट से लड़ने में प्रभावी साबित हुआ है। आप इसका तेल, मलहम और स्प्रे सीधे अपनी त्वचा पर लगा सकते हैं।

## मौखिक स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद

अगर आप किसी भी तरह की ओरल हेल्थ से जूझ रहे हैं, तो एक बार कैलेंडुला की फूल की चाय जरूर पीकर देखिए। यह हर्बल चाय मसूड़ों की सूजन के इलाज में मदद कर सकती हैं। 6 महीने के अध्ययन में पाया गया कि मसूडों की सूजन से ग्रसित लोगों को कैलेंडुला माउथवॉश का इस्तेमाल करने पर सूजन में बहुत आराम मिला। गेंदे की फूल की चाय से गरारे करने से गले में खराश से राहत मिलती है।

## त्वचा के स्वास्थ्य में सुधार करे

आजकल कैलेंडुला के फूल का अर्क का इस्तेमाल कॉस्मेटिक जैसे क्रीम और मलहम में भी किया जाने लगा है। अध्ययनों के अनुसार, गेंदे के फूल का अर्क स्किन हाइड्रेशन को बढ़ाने के साथ इसमें लचीलापन भी ला सकता है। कैलेंडुला में पाए जाने वाले एंटीऑक्सीडेंट और एसपीएफ स्किन डैमेज को कम कर त्वचा की बढ़ती उम्र को रोकने में सक्षम हैं।

## कैलेंडुला के फूल की चाय के उपयोग

- जिन महिलाओं के पीरियड्स इरैगुलर होते हैं, उनके लिए यह चाय बहुत फायदेमंद है।
- माइक्रोबियल गुणों के चलते यह फेस टोनर के रूप में बढ़िया काम करता है।
- ह्रदय स्वास्थ्य में सुधार के लिए भी आप गेंदे की फूल की चाय बनाकर पी सकते हैं। दरअसल, इस चाय में मौजूद एंटीइंफ्लेमेट्री और एंटीऑक्सीडेंट गुण हार्ट अटैक की संभावना को कम करते हैं।
- चूहों के एक अध्ययन से पता चला है कि यह चाय व्यायाम के कारण मांसपेशियों में होने वाले दर्द को दूर करने में कारगार है।
- कैलेंडुला की फूल की चाय बनाकर पीने से दांत के दर्द में काफी आराम मिलता है।

## कैलेंडुला की फूल की चाय बनाने का तरीका

- इस चाय को बनाने के लिए एक बर्तन में दो गिलास पानी लें और इसे उबलने के लिए रख दें।
- जब पानी उबल जाए, तो इसमें कैलेंडुला की फूल की पंखुडियां डाल दें। ध्यान रखें पंखुड़ियों को पहले सुखा लें।
- अब पानी को कम से कम 5 मिनट तक धीमी आंच पर उबलने दें। इस दौरान पानी ढंका होना चाहिए।
- जब पानी अच्छी तरह उबल जाए, तो कैलेंडुला के फूल की पंखुडियों का रंग पानी में दिखने लगेगा। इसे तब तक उबालें जब तक पानी आधा न रह जाए।
- अब गैस बंद कर दें और एक चम्मच शहद डालकर पीएं। इसे पीने के अलावा आप चाहें तो चकत्ते या घावों पर भी इसका इस्तेमाल कर सकते हैं।
- अगर आप इस चाय का तुरंत उपयोग नहीं कर रहे, तो इसे एक सप्ताह तक फ्रिज में स्टोर करके रखा जा सकता है।

# बच्चों की सुनने की क्षमता को प्रभावित कर सकते हैं हेडफोन, ईयरबड

**विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि हेडफोन, ईयरबड्स के बढ़ते उपयोग से बच्चों में सुनने में परेशानी होने की संभावना है क्योंकि उनकी श्रवण प्रणाली की परिपक्वता अधूरी होती है। बच्चे, किशोर और युवा वयस्क दुनिया भर में अनुशंसित सार्वजनिक स्वास्थ्य सीमा से अधिक मात्रा में प्रतिदिन कई घंटे संगीत सुन रहे हैं।**

अमेरिका स्थित गैर-लाभकारी संस्था द क्विट कोएलिशन के डेनियल फिन्क ने कहा ''रोजमर्रा की जिंदगी में गैर-व्यावसायिक शोर एक्सपोजर मुट्ठी भर शोर स्रोतों जैसे व्यक्तिगत श्रवण प्रणाली, विशेष रूप से युवा लोगों के लिए; पारगमन शोर, घरेलू उपकरण; बिजली उपकरण; और मनोरंजन (खेल आयोजन, फिल्में, पार्टियां, एनएएससीएआर रेस, आदि) से आता है।''

पांच साल की अवधि में 50 प्रतिशत से अधिक मात्रा में एक घंटे से अधिक व्यक्तिगत ऑडियो सिस्टम का उपयोग करने वाले लोगों के लिए श्रवण स्वास्थ्य जोखिम सबसे ज्यादा है। हाल ही में वॉल स्ट्रीट जर्नल के एक लेख पर विवाद करते हुए दावा किया गया कि 85 डेसिबल बच्चों और किशोरों के लिए सुरक्षित है, लेकिन फिन्क ने कहा कि 85 डेसिबल किसी के लिए भी सुरक्षित नहीं है।

उन्होंने कहा ''लोगों को लगता है कि नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर ऑक्यूपेशनल सेफ्टी एंड हेल्थ ने सिफारिश की कि 85 डीबीए शोर जोखिम स्तर से सुरक्षित है।''

उन्होंने कहा, ''लेकिन एक शोर स्तर जो कारखाने के श्रमिकों या भारी उपकरण ऑपरेटरों में सुनवाई हानि को नहीं रोकेगा, लेकिन ये एक छोटे बच्चे के लिए बहुत ज्यादा है।''

विशेषज्ञ ने कहा, ''बच्चे सबसे अधिक जोखिम में हैं क्योंकि उनकी श्रवण प्रणाली की परिपक्वता अधूरी है और सामान्य श्रवण स्वास्थ्य सीखने, समाजीकरण के लिए महत्वपूर्ण है।'' अमेरिका की ध्वनिक सोसायटी की 180वीं बैठक के दौरान, जो 8 से 10 जून के बीच आयोजित हुई में फिन्क ने ऑडियोलॉजिस्ट जान मेयस के साथ व्यक्तिगत ऑडियो सिस्टम शोर उत्सर्जन मानकों और उनके उपयोग पर सार्वजनिक शिक्षा की आवश्यकता के लिए बात की। उनके मुताबिक 'एक आसन्न शोर-प्रेरित को रोकने के लिए' श्रवण हानि महामारी जब आज की युवा पीढ़ी मध्य जीवन तक पहुंचती है।'' 2017 में, रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्रों ने बताया कि लगभग 25 प्रतिशत अमेरिकी वयस्कों, जिनकी उम्र 20-69 है, में शोर-प्रेरित श्रवण हानि होती है। अधिग्रहित श्रवण हानि संचार कठिनाइयों, सामाजिक अलगाव, गिरने और दुर्घटनाओं के बढ़ते जोखिम और बाद के जीवन में डिमेंशिया सहित स्वास्थ्य जटिलताओं से जुड़ी है।



# फेफड़ों के साथ-साथ जिंदगी पर भी असर डालता है धूम्रपान



**फेफड़े का कैंसर लोगों में काफी आम है और दुनिया भर में कैंसर से संबंधित मौतों का एक प्रमुख कारण भी यही है। दुनियाभर में कैंसर के जितने भी मामले हैं, उनमें से 13 फीसदी फेफड़े के कैंसर से संबंधित है और कैंसर से संबंधित 19 प्रतिशत मौतों के लिए भी यही जिम्मेदार है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, 2020 में फेफड़ों का कैंसर, कैंसर से होने वाली मौतों का सबसे आम कारण रहा है।**

फेफड़ों के कैंसर के लिए सबसे महत्वपूर्ण जोखिम कारक सिगरेट स्मोकिंग है। हालांकि सिगार या पाइप के इस्तेमाल से भी फेफड़े में कैंसर होने की आशंका बनी रहती है। तंबाकू के धुएं में लगभग 7,000 कंपाउंड्स होते हैं, जिनमें से कई विषैले होते हैं। जो लोग सिगरेट पीते हैं, उनमें फेफड़े का कैंसर होने या इससे मरने की संभावना धूम्रपान न करने वालों की तुलना में 15 से 30 गुना अधिक होती है। अगर आप दिन में एक या दो सिगरेट पीते हैं या कभी-कभार पीते हैं, तो भी इसके होने की संभावना बनी रहती है। हालांकि आप जितना अधिक धुम्रपान करेंगे, खतरे की संभावना भी उतनी ही बनी रहेगी। मैंगलोर में स्थित केएस.हेगड़े में एमडी डीएम कंसल्टेंट मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट विजय शेट्टी ने आईएएनएस लाइफ को बताया, ''तंबाकू के सेवन को अक्सर सिगरेट या धूम्रपान करने वाले तंबाकू उत्पादों की तुलना में अधिक सुरक्षित माना जाता है। हालांकि जो लोग तंबाकू चबाते हैं, उनमें मुंह का कैंसर और प्रीकैंसर (असामान्य कोशिकाएं जिनमें कुछ बदलाव हुए हैं और कैंसर बन सकती हैं) के होने की संभावना अधिक रहती है। तंबाकू चबाने से आपको हृदय रोग, मसूड़ों की बीमारी, दांतों की सड़न और दांत खराब होने का भी खतरा होता है।'' बैंगलोर के एएसटीईआर सीएमआई हॉस्पिटल के एमडी डीएम व कंसल्टेंट मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट आदित्य मुरली ने बताया कि तंबाकू से हर साल 80 लाख लोगों की मौत होती है।

उन्होंने कहा, ''इस साल किए गए अध्ययनों से पता चलता है कि धूम्रपान न करने वालों की तुलना में धूम्रपान करने वालों में कोविड-19 के साथ अन्य गंभीर बीमारियों के विकसित होने की संभावना अधिक होती है। वायरस मुख्य रूप से फेफड़ों पर हमला करता है और धूम्रपान फेफड़ों को कमजोर करता है, जिससे कोविड और अन्य बीमारियों से लड़ना मुश्किल हो जाता है। धूम्रपान हृदय रोगों, सांस की बीमारियों, कैंसर और मधुमेह के लिए भी एक जोखिम कारक है, जो ऐसे लोगों को कोविड के अधिक जोखिम में डालता है।'' बैंगलोर के एचसीजी हॉस्पिटल के एमडी डीएनबी, मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट श्रीनिवास बीजे ने आईएएनएस लाइफ को बताया कि धूम्रपान से शरीर में कहीं भी कैंसर हो सकता है, जिसमें स्वरयंत्र, मूत्रवाहिनी, मूत्राशय, गर्भाशय ग्रीवा, अन्नप्रणाली, यकृत, फेफड़े, अग्न्याशय, पेट, बृहदान्त्र सहित और भी जगहें शामिल हैं। इससे कई अन्य बीमारियों के होने का खतरा भी बना रहता है।

फोर्टिस अस्पताल, मुलुंड और फोर्टिस हीरानंदानी अस्पताल, वाशी में हेड-सर्जिकल ऑन्कोलॉजी अनिल हीरूर चेतावनी देते हुए कहते हैं कि सिगरेट में कई रसायन होते हैं जिनमें कैडमियम जैसे कुछ शामिल हैं, जिनका उपयोग कार की बैटरी या सड़क बनाने के लिए इस्तेमाल होने वाले टार में किया जाता है।

# नयनतारा हुई 40 साल की, मनाया बर्थडे

अभिनेत्री नयनतारा 40 साल की हो गई है। एक्ट्रेस धूमधाम से अपना बर्थडे सेलिब्रेट कर रही हैं। अभिनेत्री का डॉक्यूमेंट्री विवाद भी छाया हुआ है। अभिनेत्री की जिंदगी पर बेस्ड डॉक्यूमेंट्री 'नयनतारा- बियॉन्ड द फेयरी टेल' को लेकर लेडी सुपरस्टार नयनतारा और धनुष के बीच भी तकरार बढ़ती जा रही है।

दरअसल, डॉक्यूमेंट्री में फिल्म नानम राउडी धान का एक गाना डालने पर प्रोड्यूसर और एक्टर धनुष ने नोटिस दिया है। नानम राउडी धान फिल्म के प्रोड्यूसर धनुष थे। जिस पर अभिनेत्री ने धनुष को जमकर खरी खोटी भी सुनाई और सोशल मीडिया पर एक लंबा नोट पोस्ट किया। उन्होंने लिखा, मेरे जीवन, मेरे प्यार और शादी के बारे में इस नेटफ्लिक्स डॉक्यूमेंट्री में इंडस्ट्री के कई दोस्तों के क्लिप शामिल हैं, जिन्होंने अपना सहयोग दिया है, लेकिन दुख की बात है कि इसमें सबसे खास और महत्वपूर्ण फिल्म नानम राउडी धान शामिल नहीं है।उन्होंने बताया कि दो साल तक एनओसी (अनापत्ति प्रमाण पत्र) के लिए अभिनेता से जूझने और डॉक्यूमेंट्री रिलीज के लिए उनकी मंजूरी का इंतजार करने के बाद टीम ने आखिरकार फिर से एडिटिंग करने और मौजूदा वर्जन के लिए समझौता करने का फैसला लिया है।

बता दें कि इससे पहले भी लेडी सुपरस्टार कई बार सुर्खियों में आ चुकी हैं। बात साल 2014 की है, जब नयनतारा का एक एमएमएस लीक हो गया था। इस वीडियो में नयनतारा एक्टर सिंबू को किस करती नजर आ रही थीं। यह वीडियो जमकर वायरल हुआ था। इससे पहले नयनतारा ने एक इवेंट में ब्राउन कलर की स्कर्ट और क्रॉप टॉप पहनकर ग्लैमरस अंदाज में शिरकत की थी। अभिनेत्री को बॉडी शेमिंग का शिकार होना पड़ा था। हालांकि, फिल्म जगत के तमाम सितारों ने अभिनेत्री का समर्थन किया और ट्रोलर्स को जमकर खरी खोटी सुनाई थी।





# मानुषी ने शेयर किया दिल छू लेने वाला वीडियो

वर्तमान में मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर मिस वर्ल्ड का खिताब जीतने की 7वीं सालगिरह का जश्न मना रही हैं। मानुषी को 7 साल पहले मिस वर्ल्ड का ताज पहनाया गया था, जो न केवल उनके लिए, बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का पल था।

हरियाणा के रोहतक में जन्मी मानुषी की इस सफलता ने राष्ट्रीय गौरव को बढ़ाया और आज जब वह अपनी यात्रा को याद कर रही हैं, तो उन्होंने अपने प्रशंसकों के साथ एक दिल छू लेने वाला वीडियो साझा किया है। इस वीडियो में, मानुषी को देख कर युवा लड़कियों को प्रेरणा मिलती है, जो उनके नक्शेकदम पर चलने और वही अविश्वसनीय सफलता प्राप्त करने का सपना देखती हैं। इस खास मौके पर मानुषी ने सोशल मीडिया के जरिए मिस इंडिया ऑर्गनाइजेशन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने लिखा, ÷इन वीडियो को भेजने के लिए मिस इंडिया को धन्यवाद, धन्यवाद मिस वर्ल्ड, यह हमेशा मेरे लिए सबसे खास पल रहेगा। मैं एक छोटी लड़की थी जब मैंने ताज पहनने और भारत को गौरवान्वित करने का सपना देखा था! मुझे बच्चों के बड़े सपने देखने और उसमें मेरी भूमिका निभाने से ज्यादा खुशी किसी और चीज से नहीं मिलती। मानुषी ने आगे कहा कि ये वीडियो एक विरोधाभास जैसा लग सकता है, लेकिन इसे विनम्रतापूर्वक लिया जाना चाहिए। उन्होंने एक वीडियो में केक खाते और प्रियंका कुमारी और साना दुआ से उसे खिलाते हुए खुद को दिखाया, जबकि दूसरे वीडियो में वह अपनी टीम के साथ फिटिंग करती दिखाई दीं। खिताब जीतने के बाद से मानुषी ने सिर्फ ब्यूटी क्वीन के रूप में ही नहीं, बल्कि एक एक्ट्रेस के तौर पर भी भारत को गर्वित किया है। वह अब अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म तेहरान की रिलीज़ के लिए तैयार हैं, जिसमें वह जॉन अब्राहम के साथ अभिनय कर रही हैं।

# बेहद हसीन ... तस्वीरों की सीरीज शेयर की माधुरी दीक्षित ने



सोशल मीडिया को खूबसूरत पोस्ट से गुलजार रखने वाली अभिनेत्री माधुरी दीक्षित ने एक बार फिर से अपनी बेहद हसीन तस्वीरों की सीरीज शेयर की है। देवदास की चंद्रमुखी ने अपनी खूबसूरत तस्वीरों की झलक दिखाने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम का सहारा लिया।

गोल्डन आउटफिट में तस्वीरें शेयर कर अभिनेत्री ने कैप्शन में लिखा सोने की चमक कुछ पल की है, प्यार का नूर तो हमेशा का है। शेयर की गई तस्वीरों में माधुरी कमाल की लग रही हैं। एक से बढ़कर एक हिट फिल्में देने वाली अभिनेत्री की तस्वीरों को उनके फॉलोअर्स काफी पसंद कर रहे हैं। गोल्डन आउटफिट वाली माधुरी दीक्षित की तस्वीरों पर कमेंट कर उनके एक फैन ने लिखा, आप एवरग्रीन हैं। एक अन्य ने लिखा कमाल है। दूसरे ने लिखा आप हर लुक में खूबसूरत लगती हैं। माधुरी दीक्षित का इंस्टाग्राम उनकी एक से बढ़कर एक खूबसूरत तस्वीरों से भरी पड़ी है। अभिनेत्री वेस्टर्न हो या ट्रेडिशनल, हर लुक में कमाल लगती हैं और एवरग्रीन अभिनेत्री के हर लुक को उनके फैंस काफी पसंद करते हैं।

बता दें कि हाल ही में अभिनेता अनिल कपूर ने 'तेजाब' के 36 साल पूरे होने का जश्न सोशल मीडिया पर एक पोस्टर शेयर कर मनाया। अभिनेता ने एक वीडियो शेयर किया, जिसमें कुछ लोग एक दो तीन चार' गाने पर डांस करते नजर आ रहे हैं। तेजाब में अनिल कपूर के साथ लीड रोल में माधुरी थीं और फिल्म का एक-दो-तीन गाना आज भी लोगों की जुबान पर है। वर्कफ्रंट की बात करें तो माधुरी दीक्षित दीपावली के मौके पर एक नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई फिल्म भूल भुलैया 3 में नजर आई थीं।

# हिना खान को मालदीव में लगी चोट

एक्ट्रेस हिना खान पिछले कुछ समय से स्टेज-थ्री ब्रेस्ट कैंसर से जूझ रही हैं, लेकिन बावजूद इसके उन्होंने जिंदगी की चुनौतियों का सामना डटकर किया है। हालांकि, हाल ही में उनके साथ एक और हादसा हो गया है, जो उनके लिए मुश्किलों का नया दौर लेकर आया। हिना ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक इमोशनल पोस्ट शेयर किया, जिसमें उन्होंने मालदीव में छुट्टियां एन्जॉय करते हुए लगी चोट की जानकारी दी। हिना खान ने अपनी चोट की एक तस्वीर भी शेयर की, जिसमें उनके पैर पर खरोंच साफ दिखाई दे रही थी। पोस्ट में उन्होंने लिखा, हम बड़ी तकलीफ झेल लेते हैं लेकिन ये छोटी-छोटी चोटें बहुत दर्द देती हैं, यार। इसके अलावा, हिना ने एक और तस्वीर पोस्ट की, जिसमें वह सोफे पर बैठी हुई नजर आ रही हैं। इस तस्वीर के साथ उन्होंने लिखा, जिंदगी कितनी भी मुश्किल क्यों न लगे, हार नहीं मानना और अपने सफर पर भरोसा रखना।



## कीर्ति सुरेश की शादी की चर्चा तेज

साउथ की मशहूर अभिनेत्री कीर्ति सुरेश इन दिनों अपनी शादी की खबरों को लेकर सुर्खियों में हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कीर्ति अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड एंटनी थैटिल के साथ शादी के बंधन में बंधने वाली हैं। दोनों करीब 15 सालों से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं और अब अपने रिश्ते को शादी में बदलने का फैसला किया है। खबरों के अनुसार, एंटनी थैटिल एक बिजनेसमैन हैं। हालांकि, उनके बारे में ज्यादा जानकारी सार्वजनिक नहीं है, लेकिन बताया जा रहा है कि दोनों की शादी 12 दिसंबर को गोवा में हो सकती है। भले ही कीर्ति सुरेश और एंटनी थैटिल की तरफ से इस बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन फैंस बेसब्री से इस खबर की पुष्टि का इंतजार कर रहे हैं। यह भी कहा जा रहा है कि शादी एक निजी समारोह होगा, जिसमें करीबी परिवार और दोस्तों को ही शामिल किया जाएगा। कीर्ति सुरेश की शादी की खबरों ने उनके फैंस में उत्साह बढ़ा दिया है।

## राधिका मदान ने कथक सीखने की कहानी साझा की

अक्षय कुमार की फिल्म 'सरफिरा' में शानदार अभिनय के बाद, राधिका मदान ने अपने नए गाने 'साहिबा' से सबका दिल जीत लिया है। जसलीन रॉयल और स्टेबिन बेन की आवाज में गाए इस गाने में राधिका साउथ के सुपरस्टार विजय देवरकोंडा के साथ नजर आ रही हैं। दोनों की जोड़ी को दर्शक खूब पसंद कर रहे हैं, और गाना चार्टबस्टर साबित हो रहा है। राधिका ने इस गाने के लिए की गई अपनी मेहनत का खुलासा सोशल मीडिया पर एक खास नोट के जरिए किया। उन्होंने लिखा, ÷'साहिबा' के लिए मैंने वैसे ही तैयारी की जैसे किसी फिल्म के लिए करती हूं। मैंने किरदार की बॉडी लैंग्वेज और बैकस्टोरी पर काम किया। सबसे मुश्किल था कथक सीखना, क्योंकि मैंने पहले कभी इसे नहीं सीखा था। कम समय में इसे सीखना चुनौतीपूर्ण था, लेकिन मेरे गुरु राजेंद्र चतुर्वेदी और सुदीप सर ने मुझ पर विश्वास किया।

## पुष्पाः द राइज फिर से सिनेमाघरों में

2021 की ब्लॉकबस्टर फिल्म पुष्पा-द राइज के मेकर्स ने एक रोमांचक घोषणा की है! फिल्म को 22 नवंबर 2024 को फिर से सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। यह खबर ऐसे वक्त में आई है जब इसके सीक्वल पुष्पा 2-द रूल को लेकर फैंस के बीच जबरदस्त उत्साह है, खासकर ट्रेलर के धमाकेदार रिलीज के बाद। फिल्म के मेकर्स ने एक छोटा वीडियो शेयर किया है, जिसमें अल्लू अर्जुन अपने आइकॉनिक पुष्पा राज के अंदाज में नजर आ रहे हैं। इस वीडियो के जरिए फिल्म की फिर से रिलीज़ की खबर को सोशल मीडिया पर साझा किया गया, और इसने फैंस के बीच खुशी की लहर दौड़ा दी है।

## शर्वरी ने 2024 में सफलता के नए आयाम छुए



बॉलीवुड की उभरती हुई स्टार शर्वरी वाघ ने 2024 में अपनी कामयाबी की नई कहानी लिखी है। उनकी 100 करोड़ की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'मुंजा' और ग्लोबल हिट स्ट्रीमिंग फिल्म 'महाराज' ने बॉक्स ऑफिस पर झंडे गाड़ दिए। साथ ही उनके सुपरहिट गाने 'तरस' (मुंजा), 'हाँ के हाँ' (महाराज) और 'तैनू खबर नहीं' (मुंजा) ने यूट्यूब पर 400 मिलियन व्यूज का रिकॉर्ड पार कर लिया है। शर्वरी ने कहा, ÷गाने किसी भी अभिनेता के लिए बहुत अहम होते हैं। मुझे खुशी है कि 2024 में मेरे तीन बड़े हिट गाने रहे, और हर गाना अलग जॉनर का है। 'तरस' दमदार डांस नंबर है, 'हाँ के हाँ' पुरानी दुनिया का रोमांस दिखाता है, और 'तैनू खबर नहीं' इस पीढ़ी का प्रेम गीत है। इस साल की सफलता पर बोलते हुए उन्होंने कहा, 2024 मेरे लिए शानदार रहा है। जो प्यार मुझे मिला है, वह अनमोल है। मैं दर्शकों को धन्यवाद देना चाहती हूं और कोशिश करूंगी कि उन्हें गर्व महसूस कराऊं।

# एक इंच आगे बढ़ना एक मील के सपने देखने से बेहतर : सुष्मिता सेन

बालीवुड अभिनेत्री सुष्मिता सेन ने एक बार फिर अपने प्रेरणादायक दृष्टिकोण से फैंस का दिल जीत लिया। इंस्टाग्राम पर सुष्मिता सेन ने एक प्रेरक संदेश साझा करते हुए लिखा, एक इंच आगे बढ़ना एक मील के सपने देखने से बेहतर है। सुष्मिता ने अपने पोस्ट में बताया कि सपने देखना जितना महत्वपूर्ण है, उससे भी अधिक जरूरी है उन्हें हकीकत में बदलने का प्रयास करना। उन्होंने कहा, इरादा एक शक्तिशाली उपकरण है, यह दिशा देने में मदद करता है, लेकिन बिना गति के यह बेकार है। उनका संदेश इस बात पर जोर देता है कि छोटे-छोटे कदम भी बड़ी उपलब्धियों का आधार बन सकते हैं। हाल ही में सुष्मिता को दांत के दर्द के इलाज के लिए एक दंत चिकित्सक के पास जाते हुए देखा गया। जब क्लिनिक के बाहर पैपराजी ने उनसे बातचीत की, तो उनकी आवाज में लड़खड़ाहट स्पष्ट थी, जो दर्द और एनेस्थीसिया का परिणाम थी। इसके बावजूद उन्होंने अपनी खास गर्मजोशी और विनम्रता से पैपराजी का अभिवादन किया, जो उनके अद्वितीय व्यक्तित्व को दर्शाता है। सुष्मिता का यह संदेश उनके फैंस के लिए प्रेरणा का स्रोत है। अपने जीवन और करियर में साहसिक और प्रभावशाली कदम उठाने वाली सुष्मिता ने यह साबित किया है कि इरादों को अमल में लाने की ताकत से हर सपना पूरा किया जा सकता है। बता दें कि सुष्मिता सेन को अंतर्राष्ट्रीय एमी नामांकित वेब सीरीज आर्या में उनके दमदार अभिनय के लिए खूब सराहना मिली।



# जैकी श्रॉफ फिल्म फेस्टिवल का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त



आगामी 22 नवंबर से 8 दिसंबर तक आयोजित होने वाले ऑल लिविंग थिंग्स एनवायर्नमेंटल फिल्म फेस्टिवल का अभिनेता जैकी श्रॉफ को ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया गया है। इस महोत्सव में फिल्मी हस्तियां और प्रोडक्शन बैनर जैसे इटरनल सनशाइन प्रोडक्शंस, अभिनेत्री श्रिया पिलगांवकर, फिल्म निर्माता रिची मेहता, पद्म श्री पुरस्कार विजेता सुरेश वाडकर, वाइल्डलाइफ फिल्ममेकर गौतम पांडे सहित कई अन्य कलाकार और फिल्ममेकर्स भी भाग लेंगे।

एएलटीईएफएफ का उद्देश्य सिनेमा की शक्तिशाली छवि के माध्यम से जलवायु जागरूकता बढ़ाना है, और इस दिशा में जैकी श्रॉफ का विचारशील योगदान महोत्सव के मुख्य उद्देश्य के साथ पूरी तरह से मेल खाता है। एएलटीईएफएफ के ब्रांड एंबेसडर के रूप में अपनी नियुक्ति पर जैकी श्रॉफ ने कहा, मुझे बेहद खुशी है कि मुझे एएलटीईएफएफ के ब्रांड एंबेसडर के रूप में चुना गया है, और विशेष रूप से ट्रांसफॉर्मेटिव क्लाइमेट एक्शन पर काम करने के लिए मैं बहुत उत्साहित हूं। फिल्में लोगों को जोड़ने का एक शानदार तरीका हैं, और अगली पीढ़ी के बेहतर कल के लिए प्रेरित करने के लिए हमारे अपने फिल्मों से बेहतर क्या हो सकता है। एएलटीईएफएफ एक फिल्म महोत्सव से कहीं अधिक है, यह हम सभी का एक बड़ा सहयोग है, और मैं इस दिशा में काम करने के लिए बहुत उत्सुक हूं। एएलटीईएफएफ 2024 में रेड कार्पेट मोमेंट्स, सिनेमा की एक शाम, क्लाइमेट एक्शन के आसपास समुदाय और संवाद, एएलटीईएफएफ 2024 बेस्ट ऑफ फेस्टिवल फिल्म की स्क्रीनिंग और एक पुरस्कार समारोह जैसे आकर्षक कार्यक्रम होंगे।

वर्कफ्रंट की बात करें तो जैकी श्रॉफ की हालिया ब्लॉकबस्टर सिंघम अगेन में उनके नेगेटिव किरदार उमर हफ़ीज़ को शानदार प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं। इसके अलावा, वह अपनी आगामी फिल्म बेबी जॉन में बब्बर शेर का किरदार निभाने के लिए तैयारी कर रहे हैं। इस फिल्म में जैकी श्रॉफ अभिनेता वरुण धवन, कीर्ति सुरेश और वामिका गब्बी के साथ स्क्रीन शेयर करते हुए नजर आएंगे। बेबी जॉन 25 दिसंबर 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। हाल ही में फिल्म के पहले लुक का रिवील किया गया है, जिसने दर्शकों के बीच उत्सुकता को और बढ़ा दिया है।

## ब्रीफ न्यूज

### राज्यमंत्री धर्मेन्द सिंह लोधी ने विश्व दूरदर्शन दिवस की दी शुभकामनाएं



**दमोह।** प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने देश, प्रदेश और क्षेत्र वासियों को विश्व दूरदर्शन दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा मुझे ध्यान है जब गांव में एंटीने वाला ब्लैक एंड व्हाइट टीवी हुआ करता था, उस समय टीवी में रामायण और महाभारत आते थे, जिस घर में टीवी होता था, मोहल्ले के आधे से अधिक लोग उस घर पर इकट्ठे हो जाते थे। उन्होंने कहा दूरदर्शन पर आने वाले कार्यक्रम मनोरंजन, शिक्षा, आवश्यक जानकारी एवं प्रचार-प्रसार से संबंधित होते हैं।

### दुकान किराया जमा नही करने पर नपा ने 20 दुकानो में तालाबंदी की कार्यवाही कर दुकानो को किया सील

दमोह। नगर पालिका के राजस्व अमले के द्वारा दुकान का किराया जमा नहीं करने वालों की दुकानों पर तालाबंदी की कार्यवाही कर दुकान को सील किया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रदीप कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर पालिका के स्वामित्व वाली दुकान जिसका की एक निश्चित किराया संबंधित दुकानदारों से प्रत्येक माह लिया जाता है, लेकिन लंबे समय से ऐसे कई दुकानदार हैं जिन्होंने अपनी दुकान का कराया जमा नहीं किया था, उन दुकानदारों में से नगर पालिका ने 20 चिन्हित दुकानदारों की दुकानों पर तालाबंदी की कार्यवाही की। मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री शर्मा ने सभी नगर वासियों एवं दुकानदारों से आग्रह करते हुये कहा है कि अपनी दुकान का किराया समय-सीमा में जमा कर शहर विकास में सहयोग करें।

### वीर सागर जी महाराज के हुये प्रवचन

**हरदा।** परम पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि 108 श्री वीर सागर जी महाराज के प्रवचन विद्या निलयम सन्त निवास प्रांगण में माइंड्स आई इंटरनेशनल, सरस्वती शिशु मंदिर एवं फाउंडेशन ऑफ में हुआ। समिति राजीव जैन ने बताया कि एडुकेशन स्कूल के विद्यार्थियों को इस जीवन के उद्देश्य, पंच लक्षण एवं संस्कार के विषय को समझाया गया।

### किसी भी हाल में मतगणना की गति धीमी ना की जाएः शर्मा

**सीहोर।** जिला कांग्रेस के पूर्व महासचिव पंकज शर्मा ने जिला प्रशासन से बुदनी विधानसभा उपचुनाव की शनिवार को होने वाली मतगणना के आंकड़े तत्काल मुख्य निवाज़्चन पदाधिकारी कार्यालय भोपाल भेजने और वहां से तुरंत इन्हें चुनाव आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड किए जाने की मांग की है । पंकज शर्मा ने कहा है कि अक्सर ये देखा गया है कि समाचार चैनलों पर आंकड़े कुछ और दिखाई दे रहे होते हैं और चुनाव आयोग की आधिकारिक वेबसाइट इससे बहुत पहले के आंकड़े दिखा रही होती है । इसके अलावा पंकज शर्मा ने किसी भी हालत में मतगणना की गति धीमी ना लिए जाने और विपक्ष की आपत्तियों पर सहानुभूतिपूवज़्क विचार करने की मांग भी जिला प्रशासन से की है ।

### वेद व्यास ने की थी देवी भागवत पुराण की रचनाः संस्कार ही सही काम करने के लिए प्रेरित करते है

# संतान को अच्छे संस्कार देते रहना चाहिए कथा वाचक व्यास पं. श्रीहरि जी महाराज

सत्ता सुधार ■ दमोह



स्थानीय शिव शनि हनुमान मंदिर एस.पी.एम. नगर में 20 नवम्बर 2024 से 28 नवम्बर 2024 तक चलने वाली श्रीमद् देवी भागवत कथा पुराण एवं गौतम परिवार द्वारा आयोजित इस आयोजन में हिमाचल प्रदेश के प्रसिद्ध कथा वाचक श्री हरि जी महाराज के मुखारविंद से कथा की जा रही हैं। हिमाचल प्रदेश के प्रसिद्ध कथा वाचक श्री हरि जी महाराज के मुखारविंद से कथा के द्वितीय दिवस कि कथा में कहॉ द्वापर युग में राजा परीक्षित की मृत्यु सांप के डंसने से हो गई थी। परीक्षित के पुत्र राजा जनमेजय ने अपने दुखों को दूर करने के लिए और परीक्षित की आत्मा के मोक्ष के लिए देवी भागवत पुराण सुना था। वेद व्यास जी ने जनमेजय को नौ दिनों तक देवी कथा सुनाई। नौ दिनों के बाद कथा समाप्त हो जाने पर, यज्ञ किया गया, इसके बाद परीक्षित की आत्मा को मोक्ष मिल गया था और जनमेजय का मन शांत हो गया था। ये बात देवी भागवत पुराण की शुरुआत के श्रीमद् देवी भागवत माहात्म्य अध्याय में लिखी है। इस अध्याय में सुत जी और अन्य ऋषियों की बातचीत है। सुत जी ऋषियों से कह रहे हैं, महाभारत में श्रीकृष्ण स्यमंतक मणि की चोरी का और प्रसेनजित की हत्या का आरोप लगा था। इन आरोपों को झूठा साबित करने के लिए श्रीकृष्ण प्रसेन की खोज में जंगल में गए थे। जब काफी दिनों तक श्रीकृष्ण लौटकर नहीं आए तो उनके पिता वसुदेव जी को चिंता होने लगी। तब उन्होंने देवी भागवत पुराण सुना था। जब कथा पूरी हुई तो श्रीकृष्ण आरोपों को झूठा साबित करके लौट आए। इस पुराण की रचना वेद व्यास जी ने की थी। देवी भागवत पुराण के 11वें स्कंध में सदाचार के बारे में बताया है। इस अध्याय में नारद मुनि ने भगवान नारायण से पूछा था कि देवी भगवती की कृपा पाने के लिए हमें किन बातों का ध्यान रखना चाहिए। उस समय भगवान नारायण ने जो बातें नारद मुनि को बताई थीं, वही बातें आज भी हमारे जीवन में सुख-शांति और समृद्धि बढ़ा सकती हैं। हिमाचल प्रदेश के प्रसिद्ध कथा वाचक श्री हरि जी महाराज ने कहॉ कि जानिए देवी भागवत की कुछ ऐसी नीतियां, जिनका ध्यान रखने पर हमारी सभी समस्याएं खत्म हो जाती हैं। हमें रोज गायत्री मंत्र का जाप करना चाहिए। जो लोग इस मंत्र का जाप करते हैं, उनके बुरे विचार, भय दूर होते हैं, मन शांत होता है और एकाग्रता बढ़ती है।

गायत्री मंत्र का जाप करने जैसा दूसरा कोई और शुभ काम नहीं है। हम व्यक्ति को रोज ये विचार करना चाहिए कि आज उसने कौन-कौन से काम किए हैं, मैंने किसी की मदद की या नहीं, मैंने कुछ गलत काम तो नहीं किया है। ऐसा विचार रोज करने से हमारे स्वभाव में सकारात्मक बदलाव आते हैं। जो लोग गलत काम करते हैं, उन्हें हर जगह अपमानित होना पड़ता है। दुख कभी खत्म नहीं होते हैं और बीमारियां पीछा नहीं छोड़ती हैं। जो धन गलत कामों से कमाया है, जल्दी से जल्दी उस धन का त्याग कर देना चाहिए। संस्कार ही व्यक्ति को सही काम करने के लिए प्रेरित करते हैं। इसलिए हमें सुविधाओं से ज्यादा संतान को अच्छे संस्कार देते रहना चाहिए।कथा के यजमान गौतम परिवार है। कथा का प्रतिदिन समय दोपहर 2:30 बजे से शाम 6 बजे तक श्रीमद् देवी भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। तत्पश्चात शाम 6 बजे आरती एवं प्रसाद वितरण किया जावेगा। शहर में पहली बार श्रीमद् देवी भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है सभी धर्म प्रेमी बंधुओ से इस अवसर पर गौतम परिवार ने सभी से अधिक से अधिक संख्या में पधारकर धर्म लाभ ले।

# नेता प्रतिपक्ष के आरोप पर उठ रहे सवाल, पूर्व नप के तुलनात्मक अध्ययन से खुलेगी पोल

### पूर्व नगर परिषद और वर्तमान नगर परिषद के कार्यकाल में हुई खरीदी का तुलनात्मक अध्ययन किया जाये

सत्ता सुधार ■ हरदा

नगर पालिका में हुये भ्रष्टाचार को लेकर जो रिपोर्ट सार्वजनिक करके नेता प्रतिपक्ष अमर रोचलानी ने आरोप लगाये हैं उसको लेकर तरह-तरह के सवाल खड़े हो रहे हैं। पूर्व नगर परिषद के कार्यकाल में हुई खरीदी को नजरंदाज करते हुए द्वेष भावना से प्रेरित होकर तथ्यहीन आधारहीन आरोप लगाये जा रहे हैं। पूर्व नगर परिषद और वर्तमान नगर परिषद के कार्यकाल में हुई खरीदी का तुलनात्मक अध्ययन किया जाये और रिपोर्ट को सार्वजनिक किया जाये तो दूध का दूध पानी का पानी हो जायेगा। करीब दो माह पहले प्रेस कांफ्रेंस बुलाकर नगर पालिका अध्यक्ष और मुख्य नगर पालिका अधिकारी कमलेश पाटीदार ने सारे आरोपों का खुलासा किया था और जो खरीदी हुई थी उसे सार्वजनिक करके वस्तु स्थिति को स्पष्ट की। बावजूद उसके नेता प्रतिपक्ष अमल रोचलानी तथ्यहीन आधारहीन आरोप लगाकर जनता जर्नादन और जिला प्रशासन के उच्चाधिकारी को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं।

#### 80 की जगह 30 रुपये में हुई खरीदी

नगर पालिका अध्यक्ष ने बताया कि पूर्व नगर परिषद ने केमिकल की खरीदी 80 रुपये की दर से की थी। उसी केमिकल को 30 रुपये की दर से खरीदी कर 50 रुपये की बचत प्रति किलोग्राम की दर से बचत की गई। बावजूद इसके 19 रुपये का बाजार रेट बताकर अधिक दर से खरीदी का आरोप लगाया जा रहा है जबकि पहले हुई 80 रुपये की दर से हुई खरीदी पर पर्दा डाला जा रहा है। जो अत्यंत विचारणीय है ।



#### पौने दो लाख कम दर पर वाहन खरीदी

वर्तमान नगर परिषद ने वाहन खरीदी में बचत की पूरी कोशिश की। 7 लाख रुपये में वाहन खरीद कर पौने दो लाख रुपये की बचत की प्रदेश की अन्य नगर पालिकाओं में अधिक दर पर खरीदी हुई है। इसी तरह बिजली उपकरण, ट्रैक्टर, फिनाइल, स्वच्छता सामग्री आदि की खरीदी में शासन की गाइडलाइन का पालन करते हुए कम दर पर खरीदी करके वचत का पूरा प्रयास किया गया।

#### जांच रिपोर्ट को सार्वजनिक किया जाये



जिला कलेक्टर की जांच रिपोर्ट और किन मामले में दोषी और किस मामले में क्लीन चिट दी गयी है। इसकी रिपोर्ट को सार्वजनिक किया जाये। नुकसान फायदा पहुंचाने की नीयति से आरोप लगाना न्यायोचित नहीं है। पूर्व नगर परिषद के कार्यकाल में हुई खरीदी सहित अन्य कार्यों का तुलनात्मक अध्ययन किया जाये तो हकीकत सामने आ जायेगी। सच को सामने लाने के लिए एक तरफा आरोप लगाना उचित नहीं है। सारे मामले की उच्च स्तरीय जांच करायी जाये सही स्थिति सामने आ जायेगी। तथ्यहीन आरोप लगाकर विकास कार्य में रोडा अटकाना उचित नहीं है। नगर पालिका की प्रदेशस्तर पर अच्छी छवि है उसे बदनाम किया जा रहा है ।

#### क्या कहते जवाबदार

पूर्व नगर परिषद के कार्यकाल में हुई खरीदी का तुलनात्मक अध्ययन किया जाये तो लगाये जा रहे आरोपों का खुलासा हो जाएगा।

**कमलेश पाटीदार, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, हरदा।**

## उधारी चुकाने दिया था घटना को अंजाम मामला महिला के पैर काटने का

### लुटी गई चांदी की कड़ी भी की गई बरामद

सत्ता सुधार ■ सीहोर

बीते दिनों थाना आष्टा अंतर्गत ग्राम गुराडिया रूपचंद में बुजुर्ग महिला मोतनबाई पति हमीरसिंह अनुसूचित जाति उम्र करीब 75 वर्ष नि. ग्राम गुराडिया रूपचंद के पैर काट कर हत्या करने व पैर में पहने चांदी के कडे करीब 1 कि.ग्रा. वजनी लूटकर ले जाने की घटना की सूचना मिलने तत्काल पुलिस द्वारा घटना स्थल पहुँच कर प्रथम दृष्टया हत्या कर लूट कारित करने का पाया जाने पर मामला दर्ज किया गया था। मामला सनसनीखेज हत्या सहित लूट का होकर आरोपी अज्ञात होने से पुलिस अधीक्षक सीहोर दीपक कुमार शुक्ला के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीहोर गीतेश गर्ग एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आष्टा आकाश अमलकर के मार्गदर्शन में कार्यवाही करते हुए। थाना प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र यादव के नेतृत्व में हत्या के आरोपी व लूट के माल की तलास शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक सीहोर द्वारा जिले के अन्य अधिकारी गण उप पुलिस अधीक्षक पुजा शर्मा, सीएसपी निरंजनसिंह राजपूत, निरीक्षक गिरीश दुबे, निरी गोपिन्द्रसिंह राजपूत को उक्त मामले की जाँच मे लगाया गया। इसके अलाव पुलिस अधीक्षक सीहोर दीपक कुमार शुक्ला तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीहोर गीतेश गर्ग द्वारा स्वयं घटना स्थल का निरीक्षण कर जाँच में लगे बल को आवश्यक दिशा निर्देश दिये व मामले की प्रगति पर लगातार नजर बनाये रखी 113 दिनों की लगातार मेहनत तकनीकी साक्ष्य, सायबर सपोट्र एवं मुखबिर तंत्र के संयुक्त प्रयासों से पता चला की आरोपी सादिक उर्फ अंजुम पिता शरीफ, विजय मेवाडा पिता प्रथ्वीसिह मेवाडा, महेश मेवाडा पिता प्रहलाद सिंह मेवाडा निवासी गण ग्राम गुराडिया रूपचंद द्वारा घटना घटित की गई है तथा जितेन्द्र सिंगन पिता मुकेश सिंगन निवासी मीरपुरा अलीपुर आष्टा के साथ चांदी के कड़ों को आष्टा सराफा में बेचा गया है। आरोपी विजय मेवाडा व सादिक द्वारा महिला को कुल्हाडी का हत्था काटने की कहकर नाले पास लेकर गये एवं वहा धक्का देकर नाले में गिरा दिया महिला का मुह दबाकर हत्या कर दी व हाथ में रखी कुल्हाड़ी से महिला के पैर काट कर कडे निकाल ले गये इसी बीच तीसरा आरोपी महेश रोड पर खड़े होकर आने जाने वालों पर निगाह रखे हुये था। जिसके बाद आरोपी सादिक मोटर सायकल से आष्टा के लिये रवाना हो गया पीछे से आरोपी महेश व विजय अपनी मोटर सायकल सादिक के पीछे-पीछे आये। जब आष्टा सराफ़ा मे बिना पहचान के कडे नही बिके तो आरोपी महेश द्वारा अपने साथी जितेन्द्र सिंगन निवासी मीरपुरा अलीपुरआष्टा को सादिक के साथ कडे बिकवाने भेजा।

# मतगणना कर्मियों का द्वितीय रेंडमाइजेशन

सत्ता सुधार ■ सीहोर

बुधनी उप चुनाव की मतगणना 23 नवंबर को प्रातः 08 बजे से सीहोर स्थित शासकीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज में होगी। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक बीपी चौहान (आईएएस) तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह तथा बुधनी विधानसभा के रिटर्निंग अधिकारी डीएस तोमर की उपस्थिति में मतगणना के लिए मतगणना कर्मियों का द्वितीय रेंडमाइजेशन किया गया। ईवीएम एवं पोस्टल बैलेट मत की मतगणना के लिए नियुक्त माइक्रो आब्जर्वर, काउंटिंग सुपरवाइजर एवं काउंटिंग असिस्टेंट का रेंडमाइजेशन भारत निर्वाचन आयोग के निदेशज़नुसार आयोग द्वारा अधिकृत सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया गया। रेंडमाइजेशन की सम्पूर्ण प्रक्रिया जिला सूचना अधिकारी अनिल परमार द्वारा की गई। बुधनी विधानसभा उपचुनाव की मतगणना के लिए दो कक्षों में 14-14 टेबल लगाए हैं। एक टेबल पोस्टल बैलेट की गणना के लिए अलग से होगी। कुल 112 मतगणना कर्मी मतगणना का कार्य सम्पन्न करेंगे।



**बुधनी विधानसभा की मतगणना के लिये लगाई जाएंगी 14-14 टेबल्सः** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह ने जानकारी दी कि बुधनी विधानसभा उप निर्वाचन की मतगणना शासकीय महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय सीहोर में होगी। विधानसभा क्षेत्र के 363 मतदान केन्द्रों में मतदाताओं द्वारा ईवीएम में डाले गये मतों की गणना के लिए 02 कक्षों में 14-14 टेबल्स लगाई जाएंगी। एक टेबल पोस्टल वेलेट की गिनती के लिए पृथक से लगाया जाएगा। मतगणना 13 राउंडस् में सम्पन्न कराई जाएगी।

# सहकार भारती की बैठक में पदाधिकारी को किया गया नियुक्त बैठक हुई संपन्न

सत्ता सुधार ■ दमोह

सहकार भारती जिला दमोह मे आज़ कोअपरेटिव बैंक में सरकार भारती की बैठक रखी गई जिसमें जिले के विभिन्न चित्रों से समिति के पदाधिकारी व सदस्य पहुंचे, सहकार भारती का अधिवेशन जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक दमोह के सभा कक्ष में पंडित विद्यासागर पांडे जी के मुख्य अतिथितय में संपन्न हुआ जिसमें कार्यकारिणी की विधि वत घोषणा की गई। अध्यक्ष पद पर सुरेश दुबे,महामंत्री सुरेन्द्र जैन संगठन प्रमुख राकेश बड़ेराय जिला महिला प्रमुख सुधा सेन,सहा महिला प्रमुख अनीता खरे उपाध्यक्ष पद पर विजय सोनी महिला उपाध्यक्ष छाया साहू भुवन राठौर प्रचार मंत्री




लेखराज दुबे कार्यालय मंत्री बुद्धि पटेल अन्ना नगर कंडीशन अन्य लोगों को कार्यकर्ता मंत्री कल्याण सिंह मंत्री अखिलेश मिश्रा मंत्री,ओमप्रकाश राजपूत मंत्री, मुकेश तिवारी मीडिया प्रभारी मंत्री के पदों की घोषणा की गई। एवं अन्य कार्यकारिणी सदस्य बनाए गए।

## सत्ता न्यूज

# डकैती की योजना बनाते आरोपियों को पुलिस द्वारा किया गिरफ्तार

सत्ता सुधार ■ हरदा

थाना सिराली में रात करीब 12/30 बजे मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम गहाल मे 7-8 व्यक्ति 3 मोटरसायकल में नाले के पास बने सरकारी स्कूल के पास खडे हुये है। जिनके पास थैले है और शायद हथियार भी है। गांव एवं आसपास के क्षेत्र में पहले भी बडी चोरियां हुई है। हो सकता है कि किसी बडी घटना का प्लान कर रहे है। यह लोग गांव के आसपास के नही है।

सूचना की तस्दीक करने हेतु रात्रि अधिकारी उनि हेमंत पाण्डेय को थाने के स्टाफ को एकत्र करने हेतु पाबद किया गया था। स्टाफ व साक्षियों को मुखबिर सूचना से अवगत कराया गया, रेड प्लान किया तथा दबिश हेतु 3 अलग-अलग टीम तैयार की गई। मुखबिर के बताये स्थान नाले के पास शासकीय स्कूल के पास पहुंचे जहां दोनों टीमों को इशारों में घेराबंद करने हेतु इशारा किया। जंहा 6-7 व्यक्ति स्कूल कि दीवार के पास छुपकर बैठे थे जो आपस मे बातचीत कर रहे थे कि गांव मे किसी पटेल के घर मे डकैती करना है। संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगे, जिन्हे स्टाफ एवं साक्षियों की मदद से घेराबंदी कर पकडा। जिसमें से तीन लोग अंधेरा का फायदा उठाकर भाग गये। पकडे गये संदेहियों से नाम पता पूछा जिन्होने अपना नाम 1. राजेंद्र उर्फ फुटीम पिता जगदीश पारधी 2. विनोद पिता मंशाराम राठौर 3. अरूण पिता मंशाराम राठौर 4. रामजीवन पिता कालीचरण चौहान 5. रामविलास पिता ठाकुरलाल राठौर का होना बताया है।



**गहाल या जात्राखेडी में किसी के घर पर सुराग :** मौके पर सभी आलाजर्र को सीलबंद किया गये। घटना स्थल से भागने में सफल रहे तीनों आरोपी मनोज,कृपाराम एवं राजकपुर में से मौके से भागते समय जमीन पर गिरा, मनोज का मोबाईल एवं झाडियों में खडी कृपाराम की मोटर साइकिल सबूत में जप्त की गई। आरोपी का मेमोरेण्डम पृथक-पृथक तैयार किया गया। हम आठ लोग कृपाराम,मनोज एवं राजेन्द्र उर्फ फुटीम की तीन मोटर साइकिल से आये थे जिन मोटरसाइकिलों को नाले के पास झाडियों में छुपाया है। हम आठों लोग ग्राम गहाल या जात्राखेडी के किसी पटेल के घर गिरमिट लगाकर डकैती डालने के ईरादे से हथियार बद्ध होकर आये थे।

#### नर्मदापुरम जिला के सभी आरोपीगण -

भागे हुये साथियों के नाम पता पूछे जिन्होने मनोज पिता मंशाराम राठौर निवासी धावडाघाट थाना शिवपुर, राजकपूर पिता जगदीश पारधी ग्राम धावडाघाट तथा कृपाराम पारधी सिवनी मालवा का होना बताया। संदेहियों की तलाशी ली गई जिनमें से 1 देशी कट्टा, 2 जिंदा कारतुस और हाथ में पकडा एक गिरमिट और उसका एक काले रंग का ओप्पो एन्ड्राईड थैले में रखे पेंचिस व पेचकस और हल्के नीले रंग का विवो का एन्ड्राईड मोबाईल, थैले मे रखा टामी रॉड, नेवी ब्लु कलर का एन्ड्राईड फोन सब्बल, एक नीले रंग का रेडमी एन्ड्राईड फोन, लोहे का बका, रस्सी मुताबिक जब्ती पत्रक के जब्त कर कब्जा पुलिस ने लिया।

## पी.एम. एक्सीलेन्स कॉलेज दमोह के छात्रों की एक्सपोजर विजिट सम्पन्न




**दमोह।** प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेन्स ज्ञानचंद्र श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह के स्टैंडर्ड क्लव के विद्यार्थियों को इंडस्ट्रियल विजिट प्रोग्राम के तहत हाइडलबर्ग सीमेंट इंडिया लिमिटेड (मायसेम सीमेंट) का मेन्टर इरफान खान के सुपरविजन में दौरा कराया गया। यह दौरा मानक ब्यूरो बीआईएस के एक्सपोजर विजिट के तत्वावधान में आयोजित किया गया था। भ्रमण के दौरान आर.एस.टी. डॉ. प्रणव मिश्रा ने स्टैंडर्ड क्लब के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। भ्रमण के दौरान सीनियर मैनेजर परिवेश वाजपेयी, पुनीत श्रीवास्तव एवं योगेश वांडवे द्वारा सीमेंट निर्माण संबंधी जानकारियां छात्रों को प्रदान की गई। संस्थान द्वारा एक ओरिएंटेशन प्रोग्राम प्रस्तुत किया गया।

## ब्रीफ न्यूज

### सोने-चांदी की कीमतों में उछाल जारी, सोना एमसीएक्स पर 77000 के पार

**नई दिल्ली ।** सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को सोने-चांदी के वायदा भाव फिर से चढ़े हैं। एमसीएक्स पर सोने कीमत 77,032 रुपए प्रति 10 ग्राम और चांदी 89,970 रुपए प्रति किलोग्राम है। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 1,400 रुपए बढ़कर 79,300 रुपए प्रति 10 ग्राम पहुंची। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने इस बढ़ोतरी की जानकारी दी। पिछले सत्र में 77,900 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। भू-राजनीतिक तनाव ने सुरक्षित निवेश विकल्प के रूप में सोने की मांग में वृद्धि देखी गई है। रूस-यूक्रेन संघर्ष ने परमाणु जोखिमों की चिंताएं उत्पन्न की हैं, जिससे सोने की कीमतों में उछाल आया है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक ने बताया कि यूक्रेन ने रूसी क्षेत्र में ब्रिटेन निर्मित मिसाइलों को तैनात किया है। वहीं एशियाई बाजार में चांदी की कीमत भी 0.29 प्रतिशत बढ़कर 31.53 डॉलर प्रति औंस पहुंच गई है।

### ब्रिक्सटन लांच की अपनी 4 नई बाइक्स

**नईदिल्ली ।** भारतीय बाजार में ब्रिक्सटन कंपनी ने अपनी 4 नई बाइक्स लॉन्च की हैं। इन बाइक्स का मुकाबला रॉयल एनफील्ड, केटीएम और हार्ले डेविडसन जैसी कंपनियों से होगा। आस्ट्रेलियाई कंपनी ब्रिक्सटन ने क्रॉसफायर और क्रॉमवेल रेंज की बाइक्स पेश की हैं, जिनकी कीमतें 4.74 लाख रुपये से लेकर 9.11 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) तक हैं। कंपनी इन बाइक्स को कंप्लीटली नॉक्ड डाउन रूट के जरिए भारत में लाएगी, और इन्हें कोल्हापुर स्थित केएडब्ल्यू वेलोस मोटर्स की फैक्ट्री में असेंबल किया जाएगा। यही कारण है कि इन बाइक्स की कीमत थोड़ी ज्यादा है, लेकिन कंपनी भारत में लोकल प्रोडक्शन शुरू करने की योजना बना रही है, जिससे भविष्य में इनकी कीमतें कम हो सकती हैं। बाइक्स की डिलीवरी जनवरी 2025 से शुरू होने की संभावना है। क्रॉसफायर 500एक्स और 500एक्ससी मॉडल नियो-रेट्रो डिज़ाइन में हैं। इन बाइक्स में 486 सीसी का लिक्विड कूल्ड इंजन है, जो 46 बीएचपी की पावर और 43 एनएम का टॉर्क जेनरेट करता है। इनकी कीमत क्रमशः 4.74 लाख रुपये और 5.19 लाख रुपये रखी गई है। क्रॉमवेल 1200 और 1200एक्स मॉडल में 1222 सीसी का पैरलल ट्विन इंजन है, जो 82बीएचपी पावर और 108 एनएम टॉर्क जेनरेट करता है।

### रुपया तीन पैसे चढ़कर 84.47 डॉलर पर

**मुंबई ।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया शुक्रवार को शुरुआत में सपाट स्तर के साथ खुला और अपने सर्वकालिक निम्नतम स्तर से तीन पैसे बढ़कर 84.47 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। भू-राजनीतिक दबावों और निरंतर विदेशी पोर्टफोलियो निकासी के कारण सकारात्मक घरेलू शेयर बाजार का समर्थन बेअसर हो गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 84.48 पर खुला और एक सीमित दायरे में घूमते हुए डॉलर के मुकाबले 84.47 पर पहुंच गया, जो पिछले बंद भाव से तीन पैसे की बढ़त है।

### भारत में लगभग हर क्षेत्र में 1,800 से अधिक वैश्विक क्षमता केंद्र हैं

# केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने जर्मन कंपनियों को भारत में निवेश के लिए किया आमंत्रित

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जर्मन कंपनियों को भारत में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया है। उन्होंने कहा कि यह एक विश्वसनीय साझेदार है जो राजनीतिक और आर्थिक स्थिरता प्रदान करता है। हाल ही में स्टटगार्ट में टीवी9 ग्लोबल समिट में वैष्णव ने कहा कि भारत लगातार छह से आठ प्रतिशत की दर से वृद्धि कर रहा है और आने वाले कई वर्षों तक इस गति को जारी रखने के लिए तैयार है।

उन्होंने कहा कि अपनी आपूर्ति श्रृंखला में भारत को शामिल करने पर विचार करें। भारत में लगभग हर क्षेत्र में 1,800 से अधिक वैश्विक क्षमता केंद्र हैं। हम आईटी में विश्व-प्रसिद्ध क्षमताओं के साथ



प्रतिभाओं का एक विशाल पूल प्रदान करते हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा, हमारी सरकार की सफलता इस तथ्य में झलकती है कि अच्छी अर्थव्यवस्था अच्छी राजनीति भी बना सकती है। जबकि कई लोकतांत्रिक देशों को उथल-पुथल का सामना करना पड़ा है, भारत एक भरोसेमंद भागीदार बना हुआ है, जो राजनीतिक और आर्थिक स्थिरता दोनों प्रदान करता है।

वैष्णव ने कहा कि भारत का बहीखाता बहुत अच्छा है, कर्ज जीडीपी का 57 प्रतिशत है, जो अन्य बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में देखे गए कर्ज के स्तर से काफी कम है। उन्होंने कहा कि यह सफलता कोई संयोग नहीं है। यह एक स्पष्ट सुविचारित रणनीति और सावधानीपूर्वक क्रियान्वयन का परिणाम है।

### स्पैम कॉल के खिलाफ शिकायतों में अक्टूबर में आई कमी : ट्राई

**नई दिल्ली ।** केंद्र की मोदी सरकार द्वारा बताया गया कि अक्टूबर में स्पैम कॉल और एसएमएस के खिलाफ शिकायतों में अगस्त के मुकाबले 20 प्रतिशत की कमी देखी गई है। टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया (ट्राई) के मुताबिक, अक्टूबर में स्पैम कॉल और एसएमएस के खिलाफ शिकायतों की संख्या 1.51 लाख रही है। सितंबर में यह आंकड़ा 1.63 लाख था। यह अगस्त के मुकाबले 13 प्रतिशत कम था। ट्राई ने 13 अगस्त को निर्देश देकर कहा था कि यदि कोई भी संस्था नियमों का उल्लंघन करते हुए प्रमोशनल वॉयस कॉल करती पाई गई, तब उस कंपनी को सख्त दंड भुगतना होगा। इसमें सभी टेलीकॉम सर्विसेज का विच्छेदन, दो वर्ष तक के लिए ब्लैक लिस्ट में डालना और ब्लैक लिस्ट में डाले जाने की अवधि के दौरान नए संसाधनों के आवंटन पर प्रतिबंध शामिल है। ट्राई ने 20 अगस्त को निर्देश जारी कर अनिवार्य किया कि 1 नवंबर से प्रेषकों/प्रमुख संस्थाओं से प्राप्तकर्ताओं तक सभी मैसेज ट्रेसेबल हो। सभी टेलीकॉम कंपनियों ने इसके लिए तकनीकी सॉल्यूशंस को लागू किया है। ट्राई ने कहा कि इन प्रयासों के परिणामस्वरूप, 13,000 से अधिक प्रमुख संस्थाओं (पीई) ने पहले ही संबंधित एक्सेस प्रोवाइडर्स के साथ अपनी चेन पंजीकृत कर ली हैं, जिससे आगे का पंजीकरण तीव्र गति से जारी है। एक्सेस प्रोवाइडर्स की ओर से उन सभी प्रमुख संस्थाओं और पंजीकृत टेलीमार्केटर (आरटीएम) को वार्निंग नोटिस भेज दिया गया है।

# 2025 में शेयर बाजार में 15 फीसदी तक की रिकवरी होने का अनुमान

### घरेलू स्तर पर भारत की जीडीपी ग्रोथ रेट 2025 में 6.3 फीसदी रहने का अनुमान

**एजेंसी ■ मुंबई**

इस समय घरेलू शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव का दौर चल रहा है लेकिन गोल्डमैन सैक्स ने भारतीय शेयर बाजार को लेकर अपना अनुमान जताया है कि 2025 में भारतीय शेयर बाजार में 15 फीसदी तक की रिकवरी देखने को मिल सकती है। इसके साथ ही निफ्टी 50 के 27,000 तक पहुंचने का अनुमान है, जो कि सितंबर 2024 के शिखर से वर्तमान में 9.5 फीसदी की गिरावट से उबरने की संभावना है। उन्होंने आईटी और फार्मा सेक्टर्स को लेकर सकारात्मक दृष्टिकोण व्यक्त किया है। इन सेक्टर्स को क्रमशः ओवरवेट और मार्केट वेट में बढ़ाया गया है।

आईटी और फार्मा सेक्टर्स को वैश्विक मांग में सुधार, कमजोर रुपए और उनकी रक्षात्मक विशेषताओं से लाभ हो सकता है। आईटी सेक्टर को ओवरवेट में अपग्रेड किया गया है, खासकर निर्यात पर केंद्रित कंपनियों के कारण, जिन्हें अंतर्राष्ट्रीय राजस्व में सुधार का लाभ मिल रहा है। फार्मा को मार्केट वेट में बढ़ाया गया है, इसके रक्षात्मक गुण और स्थिर मार्जिन की वजह से। अनुमान के मुता?बिक निफ्टी 50 अगले तीन महीनों




में केवल 2 फीसदी की मामूली बढ़त के साथ 24,000 तक सीमित रह सकता है। ब्रोकरेज ने कहा कि एमएससीआई इंडिया का फॉरवर्ड प्राइस-टू-अर्निंग अनुपात 8 फीसदी गिरकर 22.7 गुना पर आ गया है। घरेलू स्तर पर भारत की जीडीपी ग्रोथ रेट 2025 में 6.3 फीसदी रहने का अनुमान है, जो 2024 में 6.7 फीसदी से कम है। गोल्डमैन सैक्स ने कहा कि इन प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद, स्थिर मांग और परिचालन लचीलेपन के कारण ऑटो, रियल एस्टेट और दूरसंचार पसंदीदा घरेलू गेम बने हुए हैं। हालांकि, अल्पकालिक चुनौतियां बनी हुई हैं। कुल मिलाकर भारत के इक्विटी बाजार धीरे-धीरे ठीक होने के लिए तैयार हैं।

### जेप्टो ने घरेलू वित्तपोषण चरण में जुटाए 35 करोड़ डॉलर

त्वरित वाणिज्य कंपनी जेप्टो ने शुक्रवार को घोषणा की है कि वह अपने हालिया वित्तपोषण (फंडरेजिंग) दौर में 35 करोड़ डॉलर जुटाएगा। कंपनी ने इसे भारत के स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र के अंदर 100 प्रतिशत घरेलू वित्तपोषण जुटाने का प्रतीक बताया है। इस चरण में भारतीय एचएनआई, पारिवारिक कार्यालय और अग्रणी वित्तीय संस्थानों से निवेश शामिल हैं। इस वित्तपोषण दौर का नेतृत्व विशेष रूप से मोतीलाल ओसवाल के प्राइवेट वेल्थ डिवीजन द्वारा किया गया। इस वित्तपोषण अभियान में कई पारिवारिक कार्यालयों और निवेशक शा?मिल हुए। जेप्टो ने कहा कि यह दौर परिवर्तनकारी स्टार्टअप्स को समर्थन देने के लिए भारतीय निवेशकों की बढ़ती प्रतिबद्धता को दर्शाता है। जेप्टो ने कहा कि यह ऐतिहासिक वित्तपोषण ऐसे समय में हुआ है जब भारत की अर्थव्यवस्था घरेलू स्तर पर संचालित वृद्धि की ओर तेजी से बढ़ रही है। जेप्टो के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा ?कि जब हमने यह उद्यम शुरू किया था, तो घरेलू निवेशकों में जोखिम उठाने की क्षमता सीमित थी, खासकर 18 साल के युवाओं पर भरोसा करने की।

# ब्याज दरें लंबे समय तक ऊंची बनी रह सकती हैं: आरबीआई




**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए इसके रेपो दरों में कटौती करने की तैयारी में है, लेकिन इसकी कोई संभावना अभी तक दिख रही है। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने दोहराया है कि मुद्रास्फीति के खिलाफ केंद्रीय बैंक की लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है और ब्याज दरें लंबे समय तक ऊंची बनी रह सकती हैं।

दास ने ग्लोबल साउथ के केंद्रीय बैंकों के सम्मेलन में अपने भाषण में कहा कि मुद्रास्फीति को लक्ष्य के अनुरूप लाने की प्रतिबद्धता पर जोर देने के साथ ही हमें सहनशीलता सीमा के भीतर रहना पर्याप्त नहीं है। गवर्नर ने कहा ?कि मजबूत विकास ने हमें मुद्रास्फीति पर ध्यान केंद्रित करने की जगह दी है ताकि इसे 4 फीसदी के लक्ष्य तक स्थायी रूप से लाया जा सके। स्थिर मुद्रास्फीति जनता और अर्थव्यवस्था के लिए सर्वोत्तम हित में है और विकास की आधारशिला के रूप में कार्य करती है। वाणिज्य मंत्री और वित्त मंत्री दोनों ने हाल ही में कम मुद्रास्फीति के लिए जोर दिया है, जबकि आरबीआई ने रेपो दर में बदलाव नहीं किया है। कमी में ब्याज दरों में इसी मिसाल दी गई है जिसे सूचित करने का सुझाव दिया गया है। यह बड़ी रणनीतिक बदलावों के दौर में सूचित करता है जो मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने और अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए किए गए हैं।

**स्थिर मुद्रास्फीति जनता और अर्थव्यवस्था के लिए सर्वोत्तम हित में है**

# ओला इलेक्ट्रिक 500 से अधिक कर्मचारियों की कर सकती है छंटनी

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

ओला इलेक्ट्रिक ने एक रिपोर्ट में खुलासा किया है कि कंपनी की 500 से अधिक कर्मचारियों की छंटनी की संभावना है। इसका मुख्य कारण मार्जिन को बेहतर बनाने के लिए किया जा रहा है। ओला इलेक्ट्रिक ने अपने आईपीओ के लिए दस्तावेज दायर किए थे, जिसमें यह बताया गया था कि कंपनी मार्च 2024 तक 4,011 कर्मचारियों के साथ काम कर रही है। इसके बावजूद ओला इलेक्ट्रिक अभी तक कोई लाभ नहीं कमा पाई है।

विशेषज्ञों का मानना है कि उच्च लागत और ईवी सब्सिडी में कटौती के कारण कंपनी लाभ नहीं कमा पा रही है। हालांकि, ओला ने भविष्य की योजनाओं को लेकर विश्वास जताया है कि वह इन-हाउस बैटरी प्रौद्योगिकी का उपयोग करके लागत कम करेगी और मुनाफा बढ़ाएगी। पिछले कुछ




महीनों में शेयर बाजार में मजबूत शुरुआत के बाद ओला इलेक्ट्रिक में कुछ सुधार नहीं हो रहा है। इलेक्ट्रिक दोपहिया बाजार में बढ़ती प्रतिस्पर्धा के चलते कंपनी की धाक कम हो रही है। राज्यों ओला इलेक्ट्रिक की सर्विसेज और प्रोडक्ट क्वालिटी की जांच भी की गई है। कंपनी के प्रतिद्वंदी भी इसके चारों ओर घूमकर कंपनियों से किनारा कर रहे हैं। गुरुवार को ओला इलेक्ट्रिक के शेयर 3 फीसदी गिरकर 67.23 रुपये के निचले स्तर पर पहुंच गए। यह कंपनी के सबसे कम बंद भाव को दर्शाता है, जिसके कारण वित्तीय विश्लेषकों ने उम्मीद जताई है कि और जोरदार गिरावट हो सकती है। ओला इलेक्ट्रिक की आने वाली कार्रवाई और मुद्रा बाजार में उसका प्रभाव देखने योग्य होगा। वहीं, कंपनी ने अपने आगामी योजनाओं के संदर्भ में अनुमान लगाने के लिए स्थिर धारणा दिखाई है कि वह अपनी स्थिति सुधारने की कड़ी चाह में है।

### अगले हफ्ते खुलेगा आभा पावर एंड स्टील का आईपीओ

**नई दिल्ली ।** छत्तीसगढ़ स्थित आभा पावर एंड स्टील कंपनी अपना पहला पब्लिक इश्यू सब्सक्रिप्शन के लिए 27 नवंबर को खोलेगी। इस आईपीओ के जरिए कंपनी ने 38.5 करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य रखा है। आईपीओ का प्राइस बैंड 75 रुपये प्रति शेयर है और इसमें 41.39 लाख फ्रेश इश्यू शेयर और प्रमोटर सुभाष चंद अग्रवाल द्वारा 10 लाख शेयर के ऑफर-फॉर-सेल (ओएफएस) का मिश्रण है।

यह एक फिक्स प्राइस इश्यू है और निवेशक न्यूनतम और अधिकतम 1,600 इक्विटी शेयरों के लिए आवेदन कर सकते हैं। आईपीओ में निवेश की सीमा को 2 लाख रुपये तक रखा गया है, जिससे एक बड़ी भागीदारी के लिए इस्तेमाल किया जा सकेगा। आभा पावर एंड स्टील का आईपीओ 27 नवंबर को सब्सक्रिप्शन के लिए खुलने जा रहा है और सब्सक्राइब की तारीख 29 नवंबर है।

# टाटा नेक्सन ईवी 45 की रियल रेंज का हुआ खुलासा

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

अगर आप टाटा मोटर्स की नेक्सन ईवी मॉडल को खरीदने की तैयारी कर रहे हैं, तब आपको पता होना चाहिए कि नेक्सन ईवी 40.5 केडब्ल्यूएच की तुलना में इसकी रेंज कितनी ज्यादा है। नेक्सन ईवी 45 के नाम से पता चलता है कि इसमें 40.5केडब्ल्यूएच की तुलना में 45केडब्ल्यूएच का बैटरी पैक दिया है। कंपनी का कहना है कि नया बैटरी पैक 15 प्रतिशत ज्यादा एनर्जी-डेंसिटी वाला है, इसलिए यह 40.5केडब्ल्यूएच यूनिट जितनी ही जगह लेता है, लेकिन इसका वजन थोड़ा ज्यादा है। इस तरह, इसकी अराई सर्टिफाइट रेंज 489केएम है, जो 40.5केडब्ल्यूएच यूनिट की तुलना में 24केएम ज्यादा है। टाटा का कहना है कि नेक्सन ईवी 45 के लिए रियल-वर्ल्ड सी 75 साइकिल रेंज लगभग 350 से 370केएम है। ब्रांड के सी75 चक्र




को लगभग रियल वर्ल्ड की ड्राइविंग रेंज का प्रतिनिधित्व करने वाला बताया जाता है। रियल वर्ल्ड रेंज की बात करें तो 7.9केएम केडब्ल्यूएचकी एवरेज सिटी इफिसियंसी और 7.67केएम/केडब्ल्यूएच की एवरेज हाईवे इफिसियंसी हासिल की। इसके चलते फुल चार्ज पर 350केएम (सिटी और हाईवे) रेंज प्राप्त हुई। इसकी तुलना में 40.5केडब्ल्यूएच वर्जन से 273केएम की रेंज मिली। ये टेस्टिंग ईको मोड में की गई। जहां टॉर्क कुल आउटपुट के लगभग 70 प्रतिशत तक सीमित है। इसकी टॉप स्पीड भी सीमित है। रीजन ब्रेकिंग को शहर में लेवल 2 और हाईवे पर लेवल 1 (सबसे कम अग्रेसिव) पर सेट किया गया था। बड़ी बैटरी के साथ, अपडेटेड नेक्सन ईवी 5एचपी अधिक बनाता है। इसमें एक नया पैनोरमिक सनरूफ है। 10 से 80प्रतिशत से चार्ज होने का समय भी 40.5केडब्ल्यूएच यूनिट के 56 मिनट के बजाय 48 मिनट रह गया है। टाटा मोटर्स के इलेक्ट्रिक पोर्टफोलियो में नेक्सन ईवी पॉपुलर मॉडल है। कंपनी ने इस मॉडल को बड़े बैटरी पैक, जायादा पावर और ज्यादा फीचर्स के साथ अपडेट किया है।

**आरोप** | अडानी समूह के अधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप का मामला

# केन्या सरकार ने अडानी ग्रुप के प्रोजेक्ट्स को रद्द करने का ऐलान किया

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

केन्या के राष्ट्रपति विलियम रूटो ने अडानी ग्रुप से जुड़ी दो प्रमुख परियोजनाओं को रद्द करने की घोषणा की। यह कदम अमेरिकी अदालत द्वारा गौतम अडानी, उनके भतीजे सागर अडानी और अन्य अधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप लगाने के बाद उठाया गया है। उन पर भारतीय सरकारी अधिकारियों को रिश्वत देकर सोलर एनर्जी कॉन्ट्रैक्ट हासिल करने का आरोप है। पहला केन्या के मुख्य हवाई अड्डे के विस्तार के लिए खरीद प्रक्रिया थी, जबकि दूसरा पावर ट्रंसमिशन लाइनों के निर्माण के लिए 700 मिलियन डॉलर का ऊर्जा सौदा था, जिस पर पहले ऊर्जा मंत्रालय ने अडानी समूह की सहायक कंपनी के साथ हस्ताक्षर किए थे।




बिजनेसमैन गौतम अडानी पर अमेरिकी कोर्ट ने भारत में सोलर कॉन्ट्रैक्ट हासिल करने के लिए मन मुताबिक शर्तों के बदले भारतीय अधिकारियों को 26.5 करोड़ डॉलर (लगभग 2,200 करोड़ रुपए) की रिश्वत देने का आरोप लगाया है। भारत के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति अडानी तथा उनके भतीजे सागर अडानी सहित सात अन्य पर महंगी सौर ऊर्जा खरीदने के लिए आंध्र प्रदेश और ओडिशा के अधिकारियों को रिश्वत देने का आरोप लगाया गया है। हालांकि, इसमें अधिकारियों के नाम का खुलासा नहीं किया गया है।

अडानी समूह ने 2021 में स्थानीय रूप से विनिर्मित सौर सेल और मॉड्यूल आधारित संयंत्रों का उपयोग करके उत्पन्न 8,000 मेगावाट (आठ गीगावाट) बिजली की आपूर्ति के लिए बोली जीती थी, लेकिन समूह बिजली खरीदने वाली राज्य सरकारों की मूल्य अपेक्षाओं को पूरा नहीं कर सका। अमेरिकी अधिकारियों ने दो अलग-अलग मामलों में अडानी पर रिश्वत देने और प्रतिभूति धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। इसमें न्यूयॉर्क की एक अदालत में अमेरिकी न्याय विभाग की तरफ से दायर एक आपराधिक मामला है। इसमें उन पर और उनके भतीजे सागर सहित सात अन्य लोगों पर आरोप लगाया गया है। इसके अलावा, अमेरिकी प्रतिभूति और विनिमय आयोग (एसईसी) ने गौतम और सागर अडानी तथा एज्योर पावर के एक कार्यकारी पर संघीय प्रतिभूति कानूनों के धोखाधड़ी रोधक प्रावधानों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। इस बीच अडानी समूह ने सभी आरोपों से इनकार किया और उन्हें निराधार बताया है।

### एचएमएसआई सीआरएफ

# 1100 अफ्रीका ट्विन की कुछ इकाइयां वापस मंगाएगी

**नई दिल्ली।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने कहा कि वह थ्रॉटल ऑपरेशन (इंजन) से जुड़ी समस्याओं को ठीक करने के लिए सीआरएफ1100 अफ्रीका ट्विन की कुछ इकाइयों को वापस मंगा रही है। कंपनी ने कहा ?कि स्वैच्छिक वापसी वैश्विक बाजार की कार्रवाई के अनुरूप है। यह निर्देश फरवरी, 2022 और अक्टूबर, 2022 के बीच बनीं इस रोमांचक मोटरसाइकिल की कुछ इकाइयों को प्रभावित करेगा। एचएमएसआई ने कहा कि कंपनी ने मोटरसाइकिल की इंजन संबंधी एक खामी की पहचान की है। इसमें कहा गया है कि एक्सीलरेशन के दौरान, पहिया नियंत्रण प्रणाली अप्रत्याशित रूप से सक्रिय हो सकती है, जिससे कुछ मामलों में संतुलन बिगड़ सकता है। एचएमएसआई ने कहा कि सुधारात्मक उपाय के रूप में होंडा प्रभावित मोटरसाइकिलों में ईसीयू सॉफ्टवेयर को सही प्रोग्रामिंग के साथ अपडेट करेगी। बयान में कहा गया है कि वाहन की वारंटी स्थिति पर ध्यान दिए बिना यह कार्य निःशुल्क किया जाएगा।

# सरकारी गोदाम में रखी सरसों में पानी मिलाकर वजन की पूर्ति करने का वीडियो वायरल

सत्ता सुधार ■ मुरैना

जिले में चहुंऔर गड़बड़ झाला चल रहा है, कहीं व्यापारी तो कहीं दुग्ध डेरी संचालक तो कहीं मिठाई वाले मिलावट कर रहे हैं, वहीं अब एक नया मामला सामने आया है, जिसमें मध्य प्रदेश वेयरहाउस कॉरपोरेशन के गोदाम में रखी सरसों में पानी मिलाकर वजन की पूर्ति करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। इसके बाद स्थानीय प्रशासन द्वारा इसका संज्ञान लिया जा रहा है।

वायरल वीडियो कब का है, इसकी तो पुष्टि नहीं हुई है लेकिन सोशल मीडिया पर यह तेजी से वायरल हो रहा है। बताया जाता है कि जिले की जोरा तहसील नवोदय विद्यालय रोड पर स्थित मध्य प्रदेश वेयरहाउस कॉरपोरेशन के गोदाम में रखी सरसों पर एक युवक लेजम के द्वारा सरसों की बोरियों में पानी चला रहा था, जिसे मीडिया के कुछ लोगों ने अपने कमरे में कैद कर लिया और सरसों में पानी मिलाने का वीडियो वायरल कर दिया। अब तो सरकारी गोदाम में भी माल की सुरक्षा नहीं हो पा रही है, तब प्राइवेट लोगों को बेईमानी करने से कौन रोक सकता है। फिलहाल यह वीडियो चर्चा का विषय बना हुआ है।





**-इनका कहना है..**

यह वीडियो मैंने भी देखा है। सही क्या है, इसकी जांच के उपरांत ही कुछ कहा जा सकता है, जो भी इस मामले में दोषी होगा, उस पर कार्रवाई की जाएगी।

## ब्रीफ न्यूज

### पशुपालन एवं डेयरी मुरैना परिसर में एंटीबायोटिक माइक्रोबियल रेजिस्टेंस पर बैठक का आयोजन

**मुरैना।** डॉ आरएम स्वामी उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी मुरैना की अध्यक्षता में जिले में पदस्थ पशु चिकित्सकों की उपस्थिति में एंटीबायोटिक माइक्रोबियल रेजिस्टेंस पर बैठक एवं परिचर्चा आयोजित की गई। जिसमें परिचर्चा के दौरान डॉ आरएम स्वामी द्वारा पशुओं एवं इंसानों पर एंटीबायोटिक माइक्रोबॉयल रेजिस्टेंस के होने वाले दुष्परिणामों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई एवं मुरैना जिले के समस्त पशु चिकित्सकों को एंटीबायोटिक माइक्रोबॉयल रेजिस्टेंस की गाइडलाइन अनुसार ड्रग्स उपयोग करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक की चर्चा में डॉ लोकेश गोयल द्वारा पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा आयोजित वेबिनार के बारे में समस्त पशु चिकित्सकों को विस्तृत जानकारी दी गई। बैठक के अंतिम वक्ता के रूप में डॉ राहुल पाराशर के द्वारा एंटीबायोटिक माइक्रोबॉयल रेजिस्टेंस के बारे में कुछ उदाहरण देते हुए जानकारी प्रस्तुत की गई और बताया कि बीमारी के लक्षण, एंटी माइक्रोबॉयल सेंसटिविटी टेस्ट के उपरांत ही एंटीबायोटिक का प्रयोग करना चाहिए एवं निचले से उच्चतम जेनरेशन के क्रम में ही एंटीबायोटिक का उपयोग करना चाहिए। बैठक में मुरैना जिले की वरिष्ठ पशु चिकित्सक डॉ अशोक शर्मा, डॉ आर पी शर्मा, डॉ एनपी शर्मा, डॉ पी एस भदौरिया, डॉ लोकेश गोयल, डॉ गणेश गोयनर, डॉ प्रमोद शर्मा एवं पशु चिकित्सालय मुरैना पॉलीक्लिनिक के समस्त स्टाफउपस्थित थे। बैठक उपरांत ब्लू ड्रेस कोड में एएमआर के संदेश हेतु फोटो सेशन भी आयोजित किया गया।

### 75 वर्ष पूर्ण होने पर मनाया जाएगा संविधान दिवस

**मुरैना।** भारत सरकार ने देश के संविधान को अपनाए 75 वर्ष पूर्ण होने के महत्व को देखते हुए टैगलाइन जारी कर दी है। टैगलाइन हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान के तहत संविधान दिवस उत्सव के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है। जिसके अंतर्गत सरकारी कार्यालयों, विद्यालयों, महाविद्यालयों, संस्थानो, स्वशासी संस्थाओं, सार्वजनिक उपक्रमों आदि स्थानों में कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। ज्ञात हो कि भारत का संविधान 26 नवम्बर 1949 को अंगीकृत किया गया था।

### चोरी के मामले में फरार छह आरोपियों पर तीन तीन हजार का इनाम घोषित

**मुरैना।** पुलिस अधीक्षक द्वारा देवगढ़ थाना क्षेत्र के 1 वर्ष पुराने चोरी के प्रकरण में फरार चल रहे छह आरोपियों पर तीन-तीन हजार रुपए का इनाम घोषित किया है, जो भी व्यक्ति उनकी सूचना देकर गिरफ्तार कराएगा उसे इनाम दिया जाएगा और नाम गोपनीय रखा जाएगा स पुलिस अधीक्षक द्वारा शुक्रवार को थाना देवगढ़ के अपराध कमांक 60/23 धारा 457,380 में फरार चल रहे आरोपियों रामकेश गुर्जर हरेन्द्र गुर्जर देवेन्द गुर्जर रंजीत गुर्जर राजू गुर्जर समस्त निवासीगण ग्राम मुरहन का पुरा मौजा नगर थाना डांग बसई जिला धौलपुर राजस्थान एवं भारत गुर्जर नि0 गांगोली थाना डांग बसई जिला धौलपुर राजस्थान पर इनाम घोषित किया है।

# कल्पना चांदिल बनी महिला मंडल नगर शाखा की अध्यक्ष

## जल्द ही होगी महिलाओं की पिकनिक यात्रा एवं विचार गोष्ठी से नवीन सत्र की शुरुआत



सत्ता सुधार ■ मुरैना

समाज के कार्यक्रमों में सक्रिय रहने वाली श्रीमती कल्पना चांदिल को अखिल भारतीय माहौर गवार्रे वैश्य महासभा नगर मुरैना की महिला मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। श्रीमती कल्पना चांदिल द्वारा गुरुवार को महिला मंडल की मीटिंग का आयोजन वर्तमान महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती बीना गुप्ता के निज निवास रुई की मंडी पर किया गया जिसमें नगर शाखा की तमाम पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद थी। बैठक का शुभारंभ गणेश बंदना एवं महाराजा महासेन जी की पूजा अर्चना से किया गया। मीटिंग में सभी बरिष्ठ एवं संरक्षक मंडल एवं उपस्थित सभी महिलाओं द्वारा सर्व सम्मिति से श्रीमती कल्पना चांदिल को सर्वसम्मति से महिला मंडल नगर मुरैना की अध्यक्षा मनोनीत किया गया। मार्गदर्शिका मंडल में श्रीमती सुमन गुप्ता एवं श्रीमती मीना गुप्ता, संरक्षक मंडल में श्रीमती मिथलेश गुप्ता, श्रीमती वीना गुप्ता, श्रीमती हीरो गुप्ता रहेंगी स उपाध्यक्ष श्रीमती कमलेश बॉदिल, श्रीमती रमा गॉगिल, श्रीमती दुर्गेश बॉदिल, श्रीमती रेखा गुप्ता, श्रीमती कुसुम, श्रीमती सुनीता बॉदिल, श्रीमती निशा गुप्ता, सचिव- श्रीमती शिल्पा गुप्ता, सह सचिव पिंकी गुप्ता ( पूनम), कोषाध्यक्ष श्रीमती भारती गुप्ता, सह कोषाध्यक्ष श्रीमती मधु गुप्ता, उत्सव मंत्री श्रीमती श्वेता गुप्ता, श्रीमती प्रीति बॉदिल, मीडिया प्रभारी श्रीमती रेखा बॉदिल को मनोनीत किया गया है स कार्यकारिणी सदस्य में श्रीमती शिवानी गुप्ता, श्रीमती कल्पना गुप्ता, श्रीमती सुमन, श्रीमती भारती गुप्ता, श्रीमती सीमा गुप्ता, श्रीमती प्रीति गुप्ता, श्रीमती अंजी गुप्ता, श्रीमती वाबी बॉदिल, श्रीमती सरला चॉदिल, श्रीमती उमा गुप्ता, श्रीमती मंजू गुप्ता, श्रीमती ममता शामिल हैं स तत्पश्चात निर्वाचन अधिकारी राकेश गॉगिल एवं सह निर्वाचन अधिकारी महावीर मॉडिल ने पद एवं संस्था के विधान का पालन करते रहने की शपथ दिलाई। मीटिंग में सभी ने भविष्य में नगर मुरैना एवं सम्पूर्ण समाज के उन्नयन एवं प्रगति के लिए कार्य करते रहने का संकल्प लिया। मीटिंग में अपने संक्षिप्त उदबोधन में महिला मंडल मार्गदर्शिका श्रीमती मीना गुप्ता ने महिला मंडल द्वारा पूर्व में किए गए कार्यो की खासकर नगर शाखा प्रभारी के सहयोग से सफल महाराजा महासेन जयंती महोत्सव मनाने की सराहना की। उसी तरह गत कार्यकाल में भी समाज हित में निर्णय एवं समाज सेवा के कार्यो में अग्रसर रहने के लिए महिला मंडल को आव्हान किया।

## आकाश चांदिल बने रोटरी डिस्ट्रिक्ट के सह प्रांतपाल

**मुरैना।** रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3053 के सत्र 2025-26 के लिए डिस्ट्रिक्ट की प्रांतपाल रोटेरियन डॉ श्रीमती निशा शेखावत अजमेर द्वारा रोटरी क्लब चम्बल के बरिष्ठ सदस्य आकाश चांदिल को आगामी सत्र के लिए सह प्रांतपाल नियुक्त किया है। पूर्व में भी आकाश चांदिल रोटरी क्लब चम्बल के सचिव एवं अध्यक्ष और डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन पद पर रहते हुए सामाजिक सरोकार से जुड़े कई कार्य मुरैना में कर चुके है। उनकी मेहनत और लगन को देखते हुए आगामी प्रांतपाल श्रीमती डॉ निशा शेखावत ने उन्हें इस महत्वपूर्ण पद के लिए मनोनीत किया है। आकाश चांदिल आगामी रोटरी सत्र 2025-26 के रीजन 5 (जोन 24) हेतु सह प्रांतपाल की जिम्मेदारी एवं दायित्व का निर्वहन करेंगे। इस घोषणा पर रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3053 के सभी लीडर्स एवं रोटरी क्लब चम्बल के सभी सदस्यों के साथ साथ मुरैना के सभी सामाजिक संस्थाओं से जुड़े हुए पदाधिकारियों ने आकाश चांदिल को सह प्रांतपाल मनोनीत होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।



## किसान मजदूर नौजवानों की समस्याओं को लेकर समाजवादी पार्टी ने रैली निकालकर दिया ज्ञापन



सत्ता सुधार ■ मुरैना

शुक्रवार को समाजवादी पार्टी ने जिला मुख्यालय पर एक बैठक आयोजित करने के पश्चात किसान, मजदूर, नौजवान, गोवंश आदि की समस्याओं को लेकर आक्रोश जाहिर कर रैली निकाली और पुरानी कलेक्ट पर जिला प्रशासन के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष द्वारा शुक्रवार की सुबह 11:00 बजे रेस्ट हाउस पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जिसमें तमाम पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक में पार्टी नेताओं ने कहा कि समाजवादी पार्टी जिला मुरैना के संगठन को मजबूत बनाने की रणनीति पर काम कर रही है और समाजवादी पार्टी सदस्यता अभियान को तेज गति से चलाएगी। सपा नेताओं ने बताया कि मुरैना जिले में किसानों, मजदूरों, नौजवानों, गाय और गोचर भूमि, शिक्षा व्यवस्था को लेकर समाजवादी पार्टी ने एक महीने पहले जिला प्रशासन को ज्ञापन दिया था, जिस पर अभी तक कोई कार्यवाही जिला प्रशासन द्वारा नहीं की गई। पूर्व के ज्ञापन में समस्याओं से अवगत कराने के पश्चात शुक्रवार को एक बार फिर समाजवादी पार्टी नेताओं कार्यकर्ताओं ने मुरैना कलेक्टर अंकित अस्थाना को स्मरण पत्र ज्ञापन सोपा गया।

समाजवादी पार्टी नेताओं ने कहा कि इन समस्याओं का शीघ्र निराकरण न होने की स्थिति में पार्टी के नेताओं ने तय किया है की नवंबर के आखिरी सप्ताह में जिला प्रशासन को चेताने के लिए एक विशाल सांकेतिक धरना दिया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी मुरैना जिला प्रशासन की होगी। ज्ञापन देने वाले समाजवादी पार्टी नेताओं में रणवीर यादव प्रदेश महासचिव चंबल संभाग प्रभारी, इंद्र सिंह गुर्जर जिला प्रभारी, पुरुषोत्तम दुबे प्रदेश सचिव, अजीत जाटव प्रदेश सचिव, बनवारी लाल जोशी शहर अध्यक्ष, पुरषोतोम शर्मा, सत्यवीर यादव जिला पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष, जितेंद्र राजोरीय, पवन जाटव सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## चिकित्सालय में डब्ल्यूएचओ द्वारा जारी थीम पर एंटीबायोटिक सप्ताह का आयोजन संपन्न

**मुरैना।** जिला चिकित्सालय में सिविल सर्जन के निर्देशानुसार एवं डॉ. डीएस यादव आरएमओ के मार्गदर्शन में विश्व ऐन्टिबायोटिक सप्ताह डब्ल्यूएचओ द्वारा जारी थीम ''एंटीमाइक्रोबियल हैण्डल विथ केयर'' के आधार पर आयोजित किया गया, जिसमें डॉ. अनिल व्यास मेडीसन विशेषज्ञ, डॉ. आशीष अग्रवाल अस्थि रोग विशेषज्ञ, डॉ. एन.सी. गांगिल शिशु रोग विशेषज्ञ, डॉ. सरिता राठौर स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं रविन्द्र प्रजापति सहायक प्रबंधक, डिप्टी मीडिया ऑफिसर रामलली माहौर, श्रीमती मीना डेकाटे मेट्रन एवं समस्त वार्ड प्रभारी, फार्मासिस्ट एवं नर्सिंग ऑफिसर उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान आर.एम.ओ द्वारा बताया गया कि विश्व ऐन्टिबायोटिक सप्ताह 24 नवंबर तक मनाया जाना है जिसमें ऐन्टिबायोटिक दवाओं को अनावश्यक ना दिये जाने की सलाह दी जाती है। एन्टिबायोटिक एक प्रकार का रोगाणू रोधी दवा है, जो बैक्टिरिया के खिलाफसक्रिय होना है स यह जीवाणु संक्रमण से लड़ने के लिए महत्वपूर्ण एन्टिबायोटिक वायरस के खिलाफप्रभावी नहीं है, जैसे कि जो सामान सर्दी या इन्फ्ल्यूएंजा का कारण बन सकते है जिन्हें दवाईयां या एन्टिवायरल कहा जाता है। कोई भी दवा बिना चिकित्सक के सलाह के उपयोग ना करें एवं स्वंय ली गई दवा जीवन के लिए खतरनाक साबित हो सकती है।



## चंबल से अवैध रेत का परिवहन करते ट्रैक्टर ट्राली पकड़ा



**मुरैना।** वन विभाग की टीम द्वारा शुक्रवार की सुबह चंबल नदी से रेत का अवैध उत्खनन कर परिवहन कर रहे एक ट्रैक्टर ट्राली को पकड़ कर पुलिस थाने में रखा गया है और कार्रवाई की जा रही है। वनमण्डलाधिकारी एवम अधीक्षक देवरी के निर्देश पर गैमरेंजर देवरी के निर्देशन में गस्ती टीम देवरी द्वारा शुक्रवार की सुबह अवैध रेत उत्खनन कर रहे एक स्वराज ट्रैक्टर मय अवैध चंबल रेत से भरी हुई ट्राली को भर्रा घाट से जप्त किया गया। जिसे वन विभाग की टीम द्वारा चिन्नौनी थाने में सुरक्षार्थ रखा गया।

# मां की बगिया ग्रामीणों के लिए बनी वरदान

सत्ता सुधार ■ मुरैना

माँ की बगिया शासकीय योजना एक ऐसी योजना है जिसका उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार करने के लिए कृषि और बागवानी में प्रशिक्षण और समर्थन प्रदान करना है। यह योजना महिलाओं को अपने घरों के पास बगिया बनाने और उसमें फल, सब्जियाँ और फूल उगाने के लिए प्रोत्साहित करती है। इस योजना के तहत, महिलाओं को बीज, उर्वरक, और अन्य आवश्यक सामग्री प्रदान की जाती है, साथ ही उन्हें बागवानी और कृषि के बारे में प्रशिक्षण भी दिया जाता है। माँ की बगिया शासकीय योजना के उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना,महिलाओं की आर्थिक स्थिति में सुधार करना,कृषि और बागवानी में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना,ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर प्रदान करना माँ की बगिया शासकीय योजना के लाभ महिलाओं को आय का एक अतिरिक्त स्रोत प्रदान करना, महिलाओं को अपने परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार करने में मदद करना, ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि और बागवानी को बढ़ावा देना, महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने में मदद करना हैं।



ऐसी ही एक माँ की बगिया का निर्माण ग्राम पंचायत भौनपुरा,जनपद पंचायत अम्बाह जिला मुरैना में पंचायत भवन एवं आंगनबाड़ी के पास करवाया गया है। इस माँ की बगिया से आंगनबाड़ी में बच्चों के लिए जो खाना बनता हैं उसके लिए ताजा सब्जियों की पूर्ति की जाती हैं। सब्जियों के अलावा माँ की बगिया में फलदार एवं फूलदार वृक्ष भी लगाये गये है जो की इसकी सुंदरता बढ़ाते हैं। माँ की बगिया बनने से कई लोगों को रोजगार भी मिला हैं एवं बच्चों को ताजा सब्जियाँ मिलने से उनके स्वास्थ्य में भी लाभप्रद साबित हो रही हैं।

## आयोजन

### स्वनिधि भी, स्वाभिमान भी पखवाड़े के तहत ....

# सभी बैंकर्स शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण करें : निगम आयुक्त

सत्ता सुधार ■ मुरैना

स्वनिधि भी स्वाभिमान भी पखवाड़े का आयोजन भारत सरकार द्वारा 18 नवंबर से 2 दिसंबर तक किया जा रहा है। स्वनिधि भी स्वाभिमान भी पखवाड़ा मध्य प्रदेश के सभी नगरी निकायों में आयोजित हो रहा है। पखवाड़ा के तहत प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के ऐसे प्रकरण जो बैंक में स्वीकृत तथा पिकअप ऑप्शन पर डले हैं।

उन प्रकरणों का प्रतिशत वितरण अभियान अंतर्गत किया जाना है। इस संबंध में नगर निगम आयुक्त सत्येंद्र धाकरे की अध्यक्षता में शुक्रवार की शाम को एलडीएम कार्यालय सेंट्रल बैंक में सभी बैंकर्स के साथ बैठक रखी गई। बैठक में सेंट्रल बैंक के लीड बैंक मैनेजर एलके मंगल भी मौजूद रहे। निगम आयुक्त ने बैठक के दौरान सभी बैंकर्स से कहा कि स्वनिधि भी स्वाभिमान भी पखवाड़ा के तहत सभी बैंकर्स ऐसे प्रकरण जो बैंक के पोर्टल पर स्वीकृत हो चुके हैं, जिनका वितरण अभी तक बैंक द्वारा नहीं किया गया, उन सभी प्रकरणों का शत प्रतिशत वितरण सभी बैंकर्स 2 दिसंबर से पूर्व करना सुनिश्चित करें, जिससे कि शहर के स्ट्रीट वेंडरो को योजनाओं का लाभ मिल सके। बैठक में लीड बैंक मैनेजर एलके मंगल ने कहा कि सभी बैंकर्स के लिए यह एक अच्छा अवसर है।



बैंक के पोर्टल पर जो भी प्रकरण स्वीकृति पिकअप ऑप्शन में दिखाई दे रहे हैं, उन सभी प्रकरणों को वितरण करें, जिससे कि बैंक की पेंडेंसी खत्म हो सके। बैठक में परियोजना प्रबंधक रहीम चौहान ने कहा कि शहर के सभी बैंकर्स ने इस योजना में उल्लेखनीय कार्य किया है, जिसके परिणाम स्वरूप शहर के ग्यारह हजार से अधिक स्टील स्ट्रीट वेंडरो को योजना का लाभ दिया गया है। स्वनिधि भी स्वाभिमान भी पखवाड़े में सभी बैंक स्वीकृत तथा पिकअप ऑप्शन में डले सभी प्रकरणों का वितरण करें, जिससे योजना के पात्र पथ विक्रेताओं को योजना का लाभ मिल सके, जो पथ विक्रेता योजना का लाभ लेने से चूक गए थे, उन्हें भी योजना का लाभ मिल सके। बैठक में शहर के सभी बैंक ब्रांच के मैनेजर भी मौजूद रहे, साथ में नगर निगम का स्टाफ भी बैठक में मौजूद रहा।

## शहर में फिल्मी स्टाईल में गुंडागिर्दी, कहीं घर में घुसकर तोड़फोड़ तो कहीं जबरन कार में बैठाकर मारपीट

### खटीक मोहल्ले में चार बदमाशों ने घर में घुसकर की भाईयों से मारपीट, जमकर की तोड़फोड़

**गुना।** शहर में आए दिन गैंगवार स्टाईल में मारपीट और गुंडागिर्दी की घटनाएं सामने आ रही हैं। जिसमें न सिर्फ बदमाश बेखौफ घरों में घुसकर मारपीट कर रहे हैं, बल्कि फिल्मी स्टाईल में युवकों को उठाकर कार में मारपीट कर रहे हैं। शहर में पिछले कुछ ही दिनों में ऐसे कई मामले सामने आए हैं। जिसमें कैंट थानांतर्गत खटीक मोहल्ले में घर में घुसकर चार हथियारबंद लोगों ने दो भाईयों पर जानलेवा कर दिया। जिसमें वह बुरी तरह घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी अमन राठौर पिता नवीन राठौर उम्र ने अपने भाई राहुल उर्फ अन्नू राठौर के साथ थाने में शिकायत दर्ज कराई कि गत रात वह अपने घर के बाहर घूम रहा था। वहीं उसका भाई अन्नू घर के अन्दर था। तभी एक ब्लेक रंग की स्कार्पियो गाडी आई। जिसमे मंजीत रघुवंशी आगे बैठा था। उसी गाडी से चार व्यक्ति शुभम पण्डा, छोटू पण्डित, प्रिन्स जाटव, राम कोरी उतरे एवं कार वाला मंजीत वहां से आगे चला गया। चारों व्यक्ति हाथ में डण्डा व लुहांगी लेकर उसके पास आकर उसके भाई अन्नू राठौर का नाम लेकर गाली गलौच कर बोले कि कहां है तेरा भाई अन्नू, बुला उसे। गाली गलौच की आवाज सुनकर अन्नू घर से बाहर आया तो शुभम पण्डा सहित चारों लोगों ने उस पर लुहांगी और लाठी-डंडे से हमला कर दिया।

# कॉलरी कर्मचारी ने हरे-भरे वृक्षों को धराशाई कर व्यापारी को बेचा, वन विभाग की कार्यशैली संदेह के घेरे में

## कंपनी के आवंटित मकान में लगे हुए थे यूकेलिप्टिस पेड़

सत्ता सुधार ■ शहडोल

पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए जहां एक ओर शासन और प्रशासन एड़ी चोटी का जोर लगा रही है। तो वहीं दूसरी ओर सार्वजनिक क्षेत्र की मिनीरत्न कंपनी कोल इंडिया के कर्मचारी अपनी मनमानी पर उतारू हो शासन की इस महत्वपूर्ण और महत्वाकांक्षी मंशाओं को ही पलीता लगा रहे हैं। मिली जानकारी अनुसार, उक्त घटना बुधवार रात्रि, सोहागपुर क्षेत्र के अमलाई स्टाफ कालोनी की है। जहां जीएम ऑफिस धनपुरी में पदस्थ कम्प्यूटर ऑपरेटर कुलदीप मिश्रा ने अपने आवास में लगे नीलगिरी के हरे-भरे वृक्षों को कटवा कर सोडा फैक्ट्री के ही एक व्यापारी रवि कुशवाहा को बेच दिया गया है। रात में वृक्षों को कटवाने के बाद व्यापारी के वाहन में काटी गई लड़कियों को लोड करने की जानकारी जैसे ही



स्थानीय पत्रकारों को मिली, तो वह वहां मौक़े पर पहुंच विडियो बनाने लगे। इतना ही नहीं जब मौके पर मौजूद पत्रकारों ने पेड़ों को काटने और बेचने संबंधित आवश्यक दस्तावेज दिखाने की मांग करने लगे। तभी आनन-फानन में लकड़ी व्यापारी ने घटनास्थल से वाहन को भगा दिया। जिसकी सूचना वहां उपस्थित पत्रकारों ने स्थानीय अमलाई वन चौकी में पदस्थ रमेश प्रजापति को तुरंत ही दी।

### क्या कहते हैं वृक्षों की कटाई संबंधित नियम

वृक्ष चाहे निजी भूमि में लगे हों या शासकीय परिसर में, उसकी कटाई के लिए वन विभाग के सक्षम अधिकारियों से वृक्षों को काटने के कारण सहित पूर्व से ही अनुमति प्राप्त करनी होती है। कटाई के पश्चात वन विभाग के कर्मचारियों की अनुशंसा के बाद ही लकड़ी के परिवहन की टीपी प्रदाय की जाती है। बता दें कि, पूर्व में इस तरह की ही एक घटना सोहागपुर क्षेत्र के रीजनल कालोनी से सामने आई थी। जहां एक अधिकारी स्तर के कोयला कर्मी ने नीलगिरी के वृक्ष को काट कर धनपुरी के ही एक लकड़ी व्यापारी को बेच दी थी। खबरें भी प्रकाशित हुई। लेकिन, पूरे प्रकरण में वरिष्ठ अधिकारियों ने मैनेजमेंट का ऐसा खेल खेल कि, मामला ही दफन हो गया।

### स्थानीय वन कर्मचारी की भूमिका संदिग्ध

सूत्र बताते हैं कि, अमलाई वन चौकी में पदस्थ कर्मचारी सुरेश प्रजापति की भूमिका इस पूरे घटनाक्रम में संदिग्ध है। हमसे हुई बातचीत में इस कर्मचारी ने यह तो स्वीकार किया कि, इस घटना की सूचना उन्हें नहीं थी। लेकिन, अब जो जानकारी सामने आ रही है, इस वन कर्मी ने कॉलरी श्रमिक से सांठगांठ कर मामले को वैधानिक स्वरूप देने का बीड़ा उठा लिया है। इस मामले में लक्ष्मी के लेनदेन की भी खबर सामने आ रही है।

### क्या हो पाएगी कोई ठोस कार्रवाई

कॉलरी प्रबंधन हरे भरे वृक्षों को तहस नहस करने वाले इस कर्मचारी के ऊपर क्या कदम उठाएगी, यह तो भविष्य के गर्त में ही है। वहीं दूसरी ओर, वृक्षों की सुरक्षा के लिए तैनात अनूपपुर जिले के वन विभाग को भी इस घटना को संज्ञान लेते हुए, अब इस कोयला कर्मी पर ठोस कार्रवाई किए जाने की बात सामने आ रही है। ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृति रोकी जा सके।

## ब्रीफ न्यूज

### समाज के लोग वास्तविकता जानने के लिए "द साबरमती रिपोर्ट" फिल्म देखें - सांसद

**खंडवा।** द साबरमती रिपोर्ट फिल्म में वर्षों पुरानी घटना की सच्चाई को जनता के सामने लाने का कार्य किया है, सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का मध्यप्रदेश की जनता की ओर से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने इस फिल्म को प्रदेश में टैक्स फ्री करने का निर्णय लिया है, समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि ''द साबरमती रिपोर्ट'' फिल्म मे 22 वर्ष पुरानी घटना की सच्चाई जनता के सामने लाने का कार्य किया है पुरानी घटना की सच्चाई को दबाकर कर सेवकों के बलिदान को गलत रूप में बढ़कर देश दुनिया में हमारे लोकतंत्र को अपमानित करने का कार्य किया गया था, इस फिल्म के माध्यम से घटना की सच्चाई जनता के सामने प्रस्तुत की जा रही है, सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल के द्वारा 22 नवंबर शुक्रवार को दोपहर 3:00 बजे अभिषेक टॉकीज में द साबरमती रिपोर्ट फिल्म को दिखाया जाएगा, सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल स्वयं शुक्रवार को 3:00 बजे अभिषेक टॉकीज में पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं एवं आमजन के साथ सच्चाई को जानने के लिए इस फिल्म को देखेंगे, सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने कहा कि सभी जागरूक नागरिक, समाज से भी अपील करता हूं कि इस फिल्म को देंखें, क्योंकि यह फिल्म उस सच्चाई को जनता के सामने ला रही है, जिससे वर्षो तक देश की जनता को गुमराह करते रहे हैं, सांसद श्री पाटिल ने कहा कि फिल्म को इसलिए भी जनता को देखना चाहिए कि देश के अंदर झूठ की राजनीति करने वालों ने किस प्रकार से झूठ का परसेप्शन बनाया था। इस फिल्म ने झूठ की राजनीति करने वालों के परसेप्शन को तोड़ने का कार्य किया है। मैं इस फिल्म के सभी कलाकारों का भी आभार व्यक्त करता हूं कि फिल्मांकन के जरिए उस घटना की सच्चाई को जनता के सामने लाने का कार्य किया है।

### प्रशासन व नगर पालिका ने हटाया अतिक्रमण



**हरदा।** गुरूवार को नगर पालिका द्वारा खिडकिया में अतिक्रमण मुहिम शुरू की। मुख्य नगर पालिकाअधिकारी एआर सांवरे ने कहा की अतिक्रमण की शुरूआत वंदना चौराह से से मेन रोड पर स्थित पान की गुमठियां आदि हटाई गई। मुख्य मार्गो के दोनों ओर अतिक्रमण में टीन शेडआ रहे थे उसे भी हटाया गया। दुकानदारो ने दुकानो के सामने लगाये टीन शेड को तत्परता से हटाया। अगर दुकानदार शासकीय भूमि पर अतिक्रमण करता पाया जाता है तो नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी। यह मुहिम आगे भी लगातार जारी रहेगी। इस दौरान अशोक कुमार डहेरिया अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), तहसीलदार राजेन्द्र पवार, सब इंजिनियर सिद्धार्थ सोनी सहित नगर परिषद का कार्यकारी अमला मौजूद था।

# स्कूल लायब्रेरी में बैठकर शराब पीने वाले शिक्षक ने प्राचार्य पर लगाया आरोप, थाने में शिकायत कर बताया है साजिश

सत्ता सुधार ■ शहडोल

विगत दिनों जिले के शा.उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बकहो में पदस्थ एक शिक्षक की शराब पीते हुए तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। शिक्षा के मंदिर शर्मशार करने वाली तस्वीर को लेकर विभिन्न समाचार पत्रों ने मामले को प्रमुखता से प्रकाशित किया। जिसके बाद शिक्षा विभाग के आला अधिकारी एक्शन मोड़ में नजर आ रहे हैं। आनंद राय सिन्हा, एसी ट्रायवल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए बीईओ बुढ़ार को जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने निर्देशित किया है। जिसके बाद जल्द ही आरोपी शिक्षक पर कार्रवाई की गाज गिर सकती है। वहीं दूसरी ओर समाचार पत्रों में प्रकाशित खबर के बाद आरोपी शिक्षक गोपाल चौधरी अब खुद को अनुशासनात्मक कार्रवाई से बचाने के लिए रास्ते तलाश रहा है। उन्होंने थाने का रास्ता इख्तियार किया है। जहां पहुंचकर उन्होंने प्रभारी प्राचार्य पर आरोप लगाते हुए लिखित साथ अमलाई थाने में प्रस्तुत किया है। जिसे विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य ने झुठा और मनगढ़ंत बताया है। बहरहाल, देखना होगा कि, संबंधित शिकायत पर पुलिस क्या जांच करती है और जांच के बाद क्या सच सामने आता है। बता दें कि, शिक्षक गोपाल चौधरी पर अपने ही विद्यालय के पुस्तकालय कक्ष में बैठकर शराब पीने का आरोप लगाया गया है। जिसे लेकर आरोपी शिक्षक ने अमलाई थाने में दिए अपने शिकायतपत्र में यह उल्लेख किया है कि, शराब पीते हुए वायरल तस्वीर के पीछे विद्यालय के ही प्राचार्य महेंद्र सिंह की साजिश है। उन्होंने बताया है कि, वायरल तस्वीर एक स्थानीय होटल की है। यह उल्लेख भी किया है कि, वह अनुसूचित वर्ग के हैं, मानसिक प्रताड़ना झेल रहे हैं।

**तो क्या कुर्सी के लालच में अनर्गल आरोप लगा रहे गोपाल-** थाने में दिए गए शिकायत में शिक्षक गोपाल ने लिखा है कि, वह बकहो विद्यालय में पदस्थ प्रभारी प्राचार्य महेंद्र सिंह से 15 वर्ष वरिष्ठ हैं। ऐसे में प्रभारी प्राचार्य को उनसे खतरा है। लेकिन किसी भी विद्यालय में प्राचार्य की नियुक्ति नीतिगत मामला है। इसके लिए कर्मचारी की कार्यशैली के साथ-साथ पूर्व में लगे आरोपों और शिकायतों को भी दृष्टिगत रखा जाता है। वहीं बताया गया है कि, जबसे विद्यालय में प्राचार्य का प्रभार महेंद्र को मिला है, शिक्षक गोपाल अपनी भड़ास निकालने का कोई भी अवसर नहीं चूकता।

### इनका कहना है.....

वायरल तस्वीर को लेकर प्रकाशित खबर को हमने गंभीरता से लिया है। मामले बीईओ बुढ़ार को जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने निर्देशित किया है। जिसके बाद विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

**आनंद राय सिन्हा**
**एसी, ट्रायवल शहडोल।**

शिक्षक गोपाल चौधरी ने मुझ पर अनर्गल आरोप लगाया है। मेरे विरुद्ध मनगढ़ंत कहानी बनाते हुए थाने में झूठी शिकायत की गई है।

**महेंद्र सिंह**
**प्रभारी प्राचार्य, बकहो।**

### शहर सहित जिले के विकास के लिए प्रभारी मंत्री लोधी से मिली विधायक तनवे

**खंडवा।** जिले एवं शहर के विकास कार्यों को ले कर शुक्रवार क़ो खंडवा विधायक कंचन मुकेश तनवे द्वारा खंडवा जिले के प्रभारी मंत्री एवं संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास,धर्मस्व विभाग के मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी जी से भेंट कर, खंडवा के चारों ऐतिहासिक धार्मिक कुंडों, रामेश्वर कुंड, सूरजकुंड, भीम कुंड, पदम कुंड, के जीर्णोद्धार एवं कायाकल्प हेतु चर्चा कर पत्र सौंपा, इसके साथ ही माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय की खंडवा कर्मवीरपीठ के भूमि व भवन को ले कर, संत श्री धूनीवाले दादाजी मंदिर क्षेत्र सौंदर्यीकरण एवं विकास, जिम खाना क्रिकेट ग्राउंड पर बाउंड्रीवाल, प्रकाश व्यवस्था, खंडवा में सोलर तकनीशियन प्रशिक्षण प्रारंभ करने, जैसे महत्वपूर्ण विकास कार्यों के भी पत्र दे कर ,खंडवा के विकास हेतु विस्तृत चर्चा की मंत्री द्वारा पुरातत्व विभाग की टीम द्वारा सर्वेक्षण करा कर शीघ्र खंडवा की धरोहरों का कायाकल्प करने की बात कही साथ ही अन्य मुद्दों पर भी खंडवा को विकास की सौगातें देने की बात कर आश्वस्त किया, इसके साथ ही खंडवा प्रवास के दौरान केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से भेंट कर खंडवा क्षेत्र में कृषि उद्योग स्थापित करने की बात रखी थी ।

### खरगोन पुलिस द्वारा की गई प्रभावी कॉम्बिंग गश्त

# पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीना के द्वारा किया गया कॉम्बिंग गश्त के फोर्स को ब्रीफ

## आधीरात को खरगोन पुलिस की गुण्डा-बदमाशों के घरों पर औचक दस्तक



### एक साथ 400 से अधिक पुलिस अधिकारी/कर्मचारी उतरे सड़कों पर

### देर रात्रि 12.00 बजे से सुबह 5 बजे तक लगातार जारी रही पुलिस की कार्यवाही

सत्ता सुधार ■ खरगोन

पुलिस मुख्यालय से प्राप्त निर्देशानुसार समस्त जिला बल को रात्री गस्त को अधिक से अधिक प्रभावी बनाने व फरार-स्थाई वारंटियों की गिरफ़्तारी हेतु निर्देशित किया गया था । इसी तारतम्य में पुलिस अधीक्षक श्री धर्मराज मीना के निर्देशन, अति.पुलिस अधीक्षक श्री मनोहर सिंह बरिया के मार्गदर्शन में लगातार पुरे पुलिस दलबल के साथ प्रभारी पैदल गश्त की जा रही है। इसी क्रम में कल रात को खरगोन पुलिस द्वारा जिला स्तर पर कॉम्बिंग गस्त की गई, पुलिस अधीक्षक श्री धर्मराज मीना के द्वारा किया गया कॉम्बिंग गश्त के फोर्स को ब्रीफ़ किया गया जिसके बाद समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस, समस्त थानों के थाना प्रभारी व पुलिस अमला रात भर सड़कों पर मौजूद रहा ।

पुलिस अधीक्षक श्री धर्मराज मीना के पुलिस बल को ब्रीफिंग के बाद थाना प्रभारियों के द्वारा भी रात्री गश्त के बल को आवश्यक दिशा निर्देश दिए जाकर गश्त हेतु रवाना किया गया ।

इस कॉम्बिंग गश्त का मुख्य उद्देश्य कई वर्षो से फरार चल रहे वारंट शुदा शातिर अपराधियों की गिरफ्तारी, लिस्टेड गुंडों बदमाशों का औचक चेकिंग रात्रि में सक्रिय अपराधियों की धरपकड़ के अनेक सकारात्मक परिणाम हुए इसमें पुलिस टीम के द्वारा *24 स्थायी, 117 गिरफ्तार वारंटीयो को गिरफ्तार किया गया है, इसके साथ ही पुलिस ने थाना क्षेत्र मे मौजूद 49 लिस्टेड गुंडे व 27 निगरानी बदमाशों* को भी चेक किया है ।

# नर्मदा में बिना लाइसेंस की नौकाओं का गहमागहमी के बीच चार नाव और 50 इंजन जब्त



### नाविक संघ के दो पक्ष होने के चलते नहीं हो रही सुलह,,,

सत्ता सुधार ■ ओंकारेश्वर

तीर्थ नगरी ओकारेश्वर में बिना लाइसेंस की अवैध नौकाओं के मामले में गुरुवार को नगर परिषद, राजस्व और पुलिस विभाग ने संयुक्त रूप से कार्रवाई की। नगर परिषद सीएमओ संजय गीते अपनी टीम के साथ एवं नायब तहसीलदार राजन सस्त्या, गजानंद चौहान एवं मांधाता थाना प्रभारी अनोख सिंदया पुलिस टीम के साथ संयुक्त रुप से करवाई करने पहुंचे। बुलडोजर से एक नाव को बाहर निकल गया जिसे नष्ट किया जा सके लेकिन दूसरे पक्ष के नाविक संघ द्वारा विरोध के चलते नाव को नष्ट नहीं किया जा सका। नाविक संघ पूर्व अध्यक्ष कैलाश भंवरिया एवं पूर्व पार्षद दीपू केवट का आरोप है कि भोलाराम केवट द्वारा प्रशासन को गुमराह किया जा रहा है। जो कि अनावश्यक रूप से बार-बार शिकायत की जाती है जिसके चलते नगर परिषद द्वारा हमारी नौकाओं के लंबित लाइसेंस नहीं दिए जा रहे हैं। उनका कहना है कि हम बार बार आश्वस्त कर रहे है अपनी नौकाओं का संचालन नवीन घाट से कर लेंगे, जिससे दूसरे अन्य लोगों को भी रोजगार मिलेगा लेकिन फिर भी बार-बार कुछ ना कुछ उलझने पैदा की जा रही है। वही दूसरी ओर भोलाराम केवट का कहना है कि लाइसेंस लेने के बाद यह लोग अन्य घाटों से मनमानी पूर्वक संचालन करेंगे। लेकिन पिछले दो दिनों से अवैध नौकाओं के इंजन उतार कर नौका तोड़ने की प्रक्रिया के चलते नाविकों में आक्रोश बढ़ता देख अवैध नौकाओं के संचालकों का कहना है कि पूर्व में जिन घाटों से आप लोगों की नौकाओं का संचालन हो रहा है हम उन घाटों से अपनी नाव का संचालन नहीं करेंगे। उन्होंने ये भी कहा कि अगर आप हमें लाइसेंस देते हैं तो हम नवीन घाट से अपनी नौकाओं का संचालन कर लेंगे यहां तक कि हम आपको शपथ पत्र में लिखकर देने को तैयार हैं। अपर कलेक्टर काशीराम बडोले, एसडीएम शिवम प्रजापति एवं सीएमओ संजय गीते ने नाविक संघ से चर्चा कर मामला सुलझाने का प्रयास किया।

# कृषि विभाग के भवन पर एसडीएम का कब्जा, प्रयोगशाला से चल रहा कृषि विभाग

**खंडवा।** जिले की पंधाना तहसील में राजस्व विभाग के वरिष्ठ अधिकारी कृषि विभाग के भवन पर कब्जा जमाए बैठे है और कृषि विभाग कृषि उपज मंडी में मृदा परीक्षण प्रयोगशाला से संचालित हो रहा है। कारण ये है कि दोनों ही विभाग के लिए नवीन भवन निर्माण कार्य चल रहा है। यहां पहले सन् 2016.17 में कृषि विभाग के लिए एक नवीन भवन का निर्माण हुआ था। निर्माण पूर्ण होते ही इस भवन पर तत्कालीन एसडीएम ने अपना कब्जा जमा लिया और कार्यालय बना लिया। तब से आज भी इस भवन में एसडीएम ही बैठ रहे है और अनुविभागीय अधिकारी का कार्य इस भवन से संचालित हो रहा है। बात करे कृषि विभाग की जिसके लिए इस भवन का निर्माण किया गया था। वो पहले जनपद पंचायत पंधाना परिसर के एक पुराने भवन में वर्षो से संचालित हो रहा था और जब नवीन भवन में एसडीएम साहब शिफ्ट हो गए तो उन्होंने सन् 2022 के बाद से कृषि उपज मंडी में निर्मित मृदा परीक्षण प्रयोगशाला भवन में कृषि विभाग को शिफ्ट कर दिया। क्योंकि वर्षो से जनपद पंचायत परिसर के जिस भवन में कृषि विभाग संचालित हो रहा था वो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका था।

# कलेक्टर ने ली राजस्व अधिकारियों की बैठक




**शहडोल।** कलेक्टर डॉ केदार सिंह की उपस्थिति में आज कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में राजस्व अधिकारियों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर डॉ केदार सिंह ने तहसीलवार राजस्व प्रकरणों की समीक्षा की तथा अधिकारियों को निर्देश दिए की राजस्व संबंधित लंबित प्रकरणों का निराकरण तेजी से किया जाए। बैठक में कलेक्टर ने नामांतरण, सीमांकन, बटवारा, पीएम किसान सम्मान निधि, सीएम किसान सम्मान निधि के ई केवाईसी, राजस्व वसूली की कार्यवाही, साइबर तहसील में लंबित प्रकरण सहित अन्य राजस्व से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा की तथा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

**मुलाकात** निमाड़ संभाग का मुख्यालय खंडवा रहे एवं अन्य विकास कार्यों को लेकर ....

# खंडवा विधायक कंचन तन्वे ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

### खंडवा में बटालियन,यूनिवर्सिटी, विकास प्राधिकरण, रिंग रोड, रूधी और नागचुन में औद्योगिक डेवलपमेंट विकास को लेकर मुख्यमंत्री को पत्र सौंपा

सत्ता सुधार ■ खंडवा

प्रदेश शासन द्वारा खरगोन खंडवा बुरहानपुर जिले को मिलाकर निमाड़ संभाग का दर्जा दिए जाने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, निमाड़ संभाग का मुख्यालय खंडवा में रहे इस हेतु खंडवा और बुरहानपुर जिले के जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता लगातार प्रयास कर रहे हैं, भौगोलिक दृष्टि से भी खंडवा में मुख्यालय बनना उपयुक्त होगा, समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि जिला मुख्यालय खंडवा की विधायक कंचन मुकेश तनवे ने खंडवा को मुख्यालय बनाने के साथ खंडवा के विकास को लेकर कई अन्य विषयों



पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री से मुलाकात कर अनुरोध पत्र सोंपा, प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि जिले में विकास कार्यों को गति प्रदान करने के लिए विधायक लगातार प्रयासरत हें, वहीं हाल ही में खंडवा, निमाड़ को संभाग बनाने का मुद्दा भी जोर पकड़ रहा है। इसे लेकर सामाजिक संगठनों, व्यापारी संगठनों, वकीलों ने मुख्यमंत्री, कलेक्टर, विधायक को पत्र सौपें थे। इस मांग को खंडवा विधायक कंचन मुकेश तनवे ने गुरुवार को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से भेंट कर पत्र सौंपा, संभाग का मुख्यालय खंडवा बने इसके साथ ही, सुरक्षाबल प्रशिक्षण केंद्र स्थापना, दी निमाड़ यूनिवर्सिटी, निमाड़ विकास प्राधिकरण, बायपास रिंग रोड, नागचुन ग्रोथ सेंटर, रुधी औद्योगिक क्षेत्र के डेवलपमेंट आदि विकास कार्यों की बात बात रखते हुए मुख्यमंत्री को अलग-अलग विषयों के पत्र सोंपे।

# मोतनबाई अ.जा.के पेर काटकर चाँदी के कड़े लूटने वाले हत्यारों को दो फाँसी

### परिवार को 50 लाख की आथिज़्क सहायता एक सदस्य को शा.नौकरी की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**सीहोर।** सेवादल कांग्रेस के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र खंगराले के साथ कांग्रेस के वरिष्ठजनों ने ग्राम गुराड़िया रूपचंद तहसील आष्टा जिला सीहोर म.प्र.की अ.जा.महिला मोतन बाई जांगड़ा पति हमीर सिंह जांगड़ा 75 वर्ष की दिनांक 8 नवम्बर 2024 को ग्राम के हत्यारे सादिक उर्फ अंजुम पिता सरीफ, विजय मेवाड़ा पिता पृथ्वी सिंह मेवाड़ा, महेश मेवाड़ा पिता प्रहलाद सिंह मेवाड़ा सहयोगी साथी मीरपुरा अलीपुर निवासी जितेन्द्र सिंघन पिता मुकेश सिंघन चारों ने मृतका का गला दबाकर उनकी निमज़्म हत्या करते हुए दोनों पेर कुल्हाड़ी से काटकर चाँदी के कड़े लेकर फरार हो गये थे, जिसे पुलिस महानिरीक्षक भोपाल जॉन देहात, सीहोर जिले पुलिस कप्तान दीपक शुक्ला, एसडीओपी आष्टा, आकाश अमलकर, सीएसपी निरंजन राजपूत, पूजा शर्मा, टीआई रविन्द्र यादव, थाना प्रभारी आष्टा आदि के सफल प्रयासों हत्यारों को गिरफ्तार किया गया। कांग्रेसजनों ने हत्यारों को फास्ट ट्रेक अदालत में प्रकरण चलाये जाकर फांसी की सजा दी जाये तथा मृतक परिवार को 50 लाख की आर्थिक सहायता के साथ परिवार के सदस्य को शासकीय नौकरी प्रदान किये जाने की मांग प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव एवं पूवज़् मुख्यमंत्री तथा वरिष्ठ राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह के नाम ज्ञापन जिले के कलेक्टर के नाम संयुक्त कलेक्टर सुधीर कुशवाह को सौंपा गया।

## बीना जिला बनाओ.....

# विद्या भारती के जिला सचिव एवं जिला बनाओ समिति के सदस्य रहे महेश अग्रवाल ने लिखा पत्र

**सत्ता सुधार ■ बीना(सागर)**

भौगोलिक, औद्योगिक, सामाजिक, पौराणिक, संस्कृति जैसी अनेक उपलब्धियां के साथ ही मध्य प्रदेश सरकार द्वारा प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग के गठन होने से एवं बीना में उपचुनाव के मध्यनजर बीना जिला बनाने की संभावना है काफी प्रबल देखी जा रही है।बीना को जिला बनाने के क्षेत्रीय लोगों द्वारा काफी समय से प्रयास किया जा रहे हैं जिला बनाओ प्रारंभिक प्रक्रिया में विद्या भारती के जिला सचिव भाई महेश अग्रवाल एवं उनके साथीगण काफी आगे रही और उन्होंने संघर्ष की बागडोर काफी लंबे अरसे तक चला रखी थी किंतु समय के साथ बात आई और चली गई किंतु मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा



मध्य प्रदेश प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग के गठन के साथ मध्य प्रदेश की में सीमांकन को लेकर काफी उथल-पुथल के बीच बिना को जिला बनाने की प्रक्रिया भी पुनः प्रबल हो चुकी है वर्तमान में विद्या भारती के जिला सचिव महेश अग्रवाल ने बिना को जिला बनाए जाने को लेकर मध्य प्रदेश प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग के सदस्य मनोज श्रीवास्तव को पत्र लिखकर बिना को जिला बनाए जाने के पीछे उन्होंने मजबूती के साथ अपनी बात रखी जिसमें उन्होंने बताया कि बीना रेलवे का एक महत्वपूर्ण जंक्शन जहां से भारत के किसी भी कोने में जाने के लिए ट्रेनें उपलब्ध रहती है।बीना मालखेड़ी स्टेशन पर रोजाना 150 के आसपास ट्रेनों का स्टॉपेज है।

बीपीसीएल की सेंट्रल इंडिया की सबसे बड़ी रिफाइनरी हाल ही में बीपीसीएल ने 50000 करोड़ का निवेश करने का निर्णय बीना रिफाइनरी में लिया है।500 मेगावाट बिजली उत्पादन क्षमता का थर्मल पावर प्लांट है।पावर ग्रिड का 1165 केवी का गेट स्टेशन है।

एमपी पीटीसीएल का 620 कवि का ग्रेट स्टेशन है।पावर ग्रिड की 1200 कवि टेस्टिंग लाइन भी डाली गई जो कि भारत में केवल दो स्थानों पर है।ट्रांसफॉर्मर टेस्टिंग की सबसे बड़ी लैब बीना में है सामरिक महत्व भी है। क्रूड ऑयल जमीन के अंदर पाइप लाइन से रिफाइनरी आता है।कोटा बा कानपुर तक जमीन के अंदर से पाइपलाइन से पेट्रोलियम उत्पादन जाती है।किरण जैसा पुरातात्विक वह संरक्षित स्थल बिना की नजदीक है। खिमलासा ज्योतिष का बड़ा केंद्र है जिसका धार्मिक महत्व भी है।बुंदेलखंड की उपकाशी बिना के नजदीक खिमलासा में है।जैन धर्म के सूरत धाम में भारत के 15 प्रति के 600 स्थान से 25000 हस्तलिखित ग का पांडुलिपियों का संग्रहालय है यहां 50 ताड़पत्रीय ग्रंथ के साथ सुवन लिखित पांडुलिपियों भी सुरक्षितहैं।कई विषयों की 10000 पुस्तकों का शोध ग्रन्थालय भी है।सनातन संस्कृति की आस्था का केंद्र श्री देव रघुनाथ मंदिर यहां है। भौगोलिक, औद्योगिक, सामाजिक, पौराणिक, संस्कृति जैसी अनेक उपलब्धियां के साथ ही मध्य प्रदेश सरकार द्वारा प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग के गठन होने से बीना जिला बनाने की संभावना है काफी प्रबल देखी जा रही है।

## हत्या के आरोपीयों को आजीवन कारावास एवं अर्थदण्ड



**सत्ता सुधार ■ सागर**

घातक आयुधों से मारपीट कर हत्या करने वाले आरोपियों को न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश जिला सागर प्रशांत सक्सेना की अदालत ने दोषी करार देते हुये आरोपी सनमान यादव एवं अमित यादव निवासी राहतगढ को भादवि की धारा- 302 भादवि में आजीवन कारावास एवं 10000 रूपए के अर्थदण्ड की सजा से दंडित किया।

मामले की पैरवी अपर लोक अभियोजक दीपक कुमार जैन ने की।जिला अभियोजन सागर के मीडिया प्रभारी मीडिया प्रभारी ने बताया कि दिनांक 24/12/2022 को दोपहर 3¬36 बजे 100 नं डायल आहत रामेश्वर लोधी को लेकर सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र राहतगढ पहुंची। मौके पर मौजूद चिकित्सक ने आहत का परीक्षण किया और उसके शरीर पर चोटे पाई। घटना की सूचना थाना प्रभारी को दी गई तथा थाना प्रभारी राहतगढ ने अस्पताल में मौजूद आहत के भाई नरेश के बताने पर देहाती नालसी आरोपी सनमान एवं अमित यादव के विरूद्ध पंजीबद्ध की। फरियादी ने रिपोर्ट में बताया कि दिनांक 24/12/22 को 3 बजे वह अपने भाई सोनू और रामेश्वर के साथ खेत पर काम करने जा रहा था। आहत रामेश्वर की आरोपीगण से पुरानी बुराई चल रही थी। रास्ते में कल्लू पटैल के ढाबा के पास कल्लू पटैल मिला तो वह उसका भाई सोनू कल्लू से बातचीत करने लगा। उसका भाई रामेश्वर कल्लू ढाबा के पास जाकर बैठ गया। तभी अभियुक्तगण हाथों में कुल्हाडी लेकर आए तथा रामेश्वर के साथ गाली गलौच करने लगे और अभियुक्तगण ने रामेश्वर के साथ कुल्हाडी से मारपीट की जिससे उसके सिर तथा अन्य जगह चोटें आई।वह उसका भाई तथा कल्लू बचाने आया तो आरोपीगण टपरे के पास खडी मोटरसाइकिल पर बैठकर भाग गए। तब उसने 100 नं गाडी बुलाकर रामेश्वर को इलाज के लिए राहतगढ भर्ती किया जहां उसे डॉक्टर ने सागर अस्पताल हेतु रिफर किया। जहां से उसे हमीदिया अस्पताल भोपाल रिफर कर दिया। रास्ते में उसकी मृत्यु हो गई।आरोपीगण के विरूद्ध थाने पर अपराध पंजीबद्ध किया गया।विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। विचारण न्यायालय के समक्ष अभियोजन ने साक्षियों एवं संबंधित दस्तावेजों को प्रमाणित कर मामला संदेह से परे प्रमाणित किया।जहॉ विचारण उपरांत न्यायालय अपर-सत्र न्यायाधीश जिला-सागर प्रशांत सक्सेना की न्यायालय ने आरोपीगण को दोषी करार देते हुये उपर्युक्त सजा से दंडित किया है।

## महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु ग्राम पीर खेड़ी टांडा में बकरी पालन संबंधी प्रशिक्षण का आयोजन



**सत्ता सुधार ■ बीना(सागर)**

बी.पी.सी.एल. रिफाइनरी बीना द्वारा चलाये जा रहे समृद्धि प्रोजेक्ट के अंतर्गत जो कि बीएआईएफ इंस्टीट्यूट फॉर सस्टेनेबल लाइवलीहुड एंड डेवलपमेंट मध्य प्रदेश द्वारा संचालित है, पशुपालन विभाग सागर के सहयोग से ग्राम बरखेड़ी टांडा में बकरी पालन संबंधी प्रशिक्षण का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य रूप से प्रशिक्षण में गांव की महिलाओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन प्रशिक्षक डॉ. सोनाली मैम (पशु चिकित्सा सर्जन बीना) और डॉ. यादव (एवीएफओ बीना) ए.के.श्रीवास्तव (ए पी एम बीआईएसएलडी बीना), श्याम सिंह रघुवंशी (परियोजना अधिकारी बीआईएसएलडी बीना) और पुनीत पाण्डे (एपीओ बीआईएसएलडी बीना)ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। प्रशिक्षण में डॉ.सोनाली ने बकरी पालकों को बकरियों के रख-रखाव से संबंधित सारी जानकारी दी, जिसमें टीकाकरण, कृमि मुक्ति आदि की जानकारी शामिल थी।इसके साथ ही डॉ. यादव ने बकरियों को रखने के स्थान एवं भोजन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अंत में बकरी पालकों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर दिया गया।

### भगवान श्रीराम और माता जानकी के विवाह उत्सव की शुरुआत

# मां जानकी जी की लगुन लेकर भक्त पहुंचे श्रीरामनाम सिद्ध पीठ मंदिर

**सत्ता सुधार ■ बीना(सागर)**

बीना में ऐतिहासिक मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की महाबारात की तैयारी जोरों पर शुरू हो चुकी हैं।बीना के खिरिया वार्ड में स्थित श्रीरामनाम सिद्ध पीठ मंदिर में गुरुवार रात भव्य नजारा देखने को मिला। यहां भगवान रामराजा सरकार के विवाहोत्सव की तैयारियां जोरों पर हैं।वैवाहिक कार्यक्रमों की शुरुआत विवाह पूर्व होने वाली रस्मों से हो चुकी है। गुरुवार को माता जानकी का लगुन कार्यक्रम संपन्न हुआ।यह लगुन नवीन भिलवारे के घर पर लिखी गई और वहां से भक्तों के साथ श्रीरामनाम सिद्ध पीठ मंदिर लाया गया। भगवान श्रीराम और माता सीता के विवाह से जुड़े इन आयोजनों को बीना नगर का सबसे बड़ा त्योहार माना जाता है। पूरे नगर में उत्सव का माहौल है, और श्रद्धालु धूमधाम से इन आयोजनों में भाग ले रहे हैं।लगुन से वैवाहिक रस्मों की शुरुआत अगहन शुक्ल पंचमी, यानी 6 दिसंबर को भगवान श्रीराम और माता सीता का विवाह पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ होगा। इस दिन भगवान की चक्रवर्ती महाबारात भी निकाली जाएगी, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होकर मंदिर लौटेगी। इसके बाद विवाह की अन्य रस्में, जैसे भांवर और विदाई, संपन्न होंगी। गुरुवार को हुए लगुन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। इस अवसर पर पंडित हरदेव प्रसाद टोटें ने रस्में पूरी करवाई।

### 30 नवंबर को होगा तिलकोत्सव कार्यक्रम



### आगामी कार्यक्रमों की जानकारी

वैवाहिक रस्मों के तहत 28 नवंबर को गोद भराई और 30 नवंबर को तिलकोत्सव का आयोजन होगा। 4 दिसंबर को श्रीगणेश पूजन और तेल चढ़ाने की रस्म होगी। 5 दिसंबर को मंडप डाला जाएगा और हल्दी की रस्म होगी। 6 दिसंबर को महाबारात नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए निकाली जाएगी। इस भव्य आयोजन में लाखों श्रद्धालु शामिल होंगे।

**नगर में तैयारियां जोरों पर-**

बीना नगर में सर्वोदय चौराहा और गांधी तिराहा पर भव्य स्वागत द्वार बनाए जाएंगे। मंदिर से लेकर सर्वोदय चौराहे तक लाइटिंग और सजावट का कार्य जारी है। जनकपुरी को आकर्षक ढंग से सजाने की भी तैयारियां चल रही हैं।

## संगीता मनोज तिवारी नगर पालिका गढ़ाकोटा की अध्यक्ष मनोनीत की गई



**सागर।** नगर पालिका गढ़ाकोटा के सभागार कक्ष में श्रीमती संगीता मनोज तिवारी को रिटर्निंग अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी गोविंद प्रसाद दुबे ने अध्यक्ष मनोनीत होने का प्रमाण पत्र दिया।बता दें कि गढ़ाकोटा नगर पालिका में समझौता के आधार पर दो पार्षदों के बीच पूर्व मंत्री एवं विधायक गोपाल भार्गव के समक्ष समझौता हुआ था कि एक पार्षद नगर पालिका अध्यक्ष बनेगा तथा 2 साल बाद वह इस्तीफा देगा और दूसरे पार्षद को नगर पालिका अध्यक्ष बनेगा। उक्त समझौते के आधार पर नगर पालिका गढ़ाकोटा अध्यक्ष श्रीमती दीपा दिनेश लहरिया ने इस्तीफा देकर अपनी साथी पार्षद श्रीमती संगीता मनोज तिवारी को नगर पालिका अध्यक्ष बनने का मौका दिया। इस्तीफे के बाद सभी 23 पार्षद नगर पालिका कार्यालय पहुंचे जहां सारी चुनाव प्रक्रिया के बाद श्रीमती संगीता मनोज तिवारी को निर्विरोध नगर पालिका की अध्यक्ष चुना। इस अवसर पर तहसीलदार ऋषि गौतम एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी धनंजय गुमास्ता सहित पार्षदगण, जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बीना में वीरांगना लक्ष्मीबाई जी एवं झलकारी देवी जी की जयंती मनाई गई

**सत्ता सुधार ■ बीना(सागर)**

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बीना में आज वीरांगना लक्ष्मीबाई एवं झलकारी देवी जी की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास से मनाई गई। कार्यक्रम का प्रारंभ लक्ष्मीबाई एवं झलकारी देवी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करके किया गया। विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार मुडोतिया, पूरन लाल जी पटेल, श्री राकेश जी नामदेव ने वीरांगना लक्ष्मीबाई एवं झलकारी देवी जी के जीवन चरित्र पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए बताया कि हमें इन महापुरुषों के जीवन चरित्र को अपने व्यवहार में लाना चाहिए और हमेशा सकारात्मक दृष्टिकोण रखना चाहिए। विद्यालय की बहिनों ने लक्ष्मी बाई एवं झलकारी देवी जी के वेष धारण कर



मनमोहक एवं आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की। इसके पश्चात नवम से द्वादश तक की बहिनों के द्वारा शौर्य यात्रा निकाली गई। जिसमें बहिनों ने लक्ष्मीबाई जी एवं झलकारी देवी जी का रूप धारण कर सभी का मन मोह लिया। यह शौर्य यात्रा विद्यालय से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्गो से होती हुई विद्यालय पर समापन हुआ। इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य शरद जी पटेल, मीडिया प्रभारी भूपेंद्र सिंह ठाकुर समस्त आचार्य परिवार एवं भैया बहिन उपस्थित रहे।

# एलडीसी ओपन टू आल और पुरानी पेंशन लेकर रहेगा वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ

**सत्ता सुधार ■ सागर**

रेलवे स्टेशन सागर में वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ शाखा सागर द्वारा रेल कर्मचारी साथियों की विभिन्न मांगों और समस्याओं को लेकर द्वारसभा का आयोजन किया गया। इस द्वारसभा को संबोधित करते हुए वेस्ट सेन्ट्रल रेल्वे मजदूर संघ के जोनल कार्यकारी अध्यक्ष अनुज तिवारी द्वारा पुरानी पेंशन और एल डी सी ई ओपन टू ऑल लागू करवाने के लिए डब्लूसीआरएमएस द्वारा किए गए प्रयासों की जानकारी दी गई और साथ ही ट्रेकमैनों को रक्षक डिवाइस दिए जाने की मांग रखी गई व जोनल आर्गेनाइजर बी एल मिश्रा जी द्वारा एस एन टी विभाग में 08 घंटे की ड्यूटी के पश्चात रिलीवर की व्यवस्था करने, अतिरिक्त कार्य के लिए समयोपरि भत्ता देने, ब्रेक डाउन भत्ता




देने, फेलियर अटेंड हेतु अलग से स्टाफ रखने व नाइट में फेलियर अटेंड करने हेतु बुलाए जाने पर नाइट ड्यूटी एलाउंस देने की बात कही गई।शाखा अध्यक्ष बनवारी लाल मीना ने बताया कि प्वाइंसमैन को प्रमोशन एवेन्यू के तहत लेवल 06 के 4200 ग्रेड पे तक ले जाया जाए व प्वाइंसमैनों को सेफ्टी गियर्स के साथ साथ विंटर जैकेट, शटिंग भत्ता दिए जाने की मांग रखी गई। वहीं शाखा सचिव डॉ मो शमशाद जी ने एल पी, ए एल पी से एफ एस डी की ढुलाई बंद कराने के साथ ही हार्ड शिप एलाउंस व रिस्क एलाउंस, दिए जाने की मांग रखी व कोषाध्यक्ष राघवेन्द्र दीवान द्वारा ट्रेकमैन, प्वाइंसमैन व एस एण्ड टी स्टाफ को संक्रमण भत्ता दिए जाने की मांग रखी गई। यूथ विंग कोषाध्यक्ष राकेश शुक्ला द्वारा 04 व 05 दिसंबर को होने जा रहे रेलवे यूनियन के मान्यता चुनाव में वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ के चुनाव चिन्ह गाय मे में मतदान कर डब्लूसीआरएमएस को बहुमत से जिताने की अपील की गयी।कार्यक्रम में अशोक परिहार, रामकेश मीना, जितेन्द्र मांझी, राहुल कुमार, रामेश्वर कुशवाहा, अमित अग्रवाल, संजीव तिवारी, राम कुमार कुर्मी, अजय शर्मा, राकेश मीना, अभिषेक हार्या, के साथ साथ सभी विभागों के रेल कर्मचारी उपस्थित रहे।

# फिल्टर प्लांट की साफ सफाई के पश्चात नगर में शुरू हुई शुद्ध पेयजल व्यवस्था



**सत्ता सुधार ■ बीना(सागर)**

नगर में फिल्टर प्लांट की साफ सफाई के चलते गुरुवार को नगर में पेयजल आपूर्ति बंद रही किंतु साफ सफाई की पश्चात शुक्रवार को नगर के लोगों को शुद्ध पेयजल सप्लाई पुनः शुरू की गई।नगर पालिका सीएमओ राम प्रकाश जगनेरिया ने बताया कि हर चार माह में फिल्टर प्लांट की साफ सफाई की जाती है ताकि लोगों को शुद्ध पेयजल वितरण किया जा सके उसी के चलते गुरुवार को फिल्टर प्लांट की सफाई के चलते नगर में जल सप्लाई आपूर्ति बंद रही।साफ सफाई के पश्चात पुनः शुक्रवार को शुद्ध पेयजल सप्लाई किया गया।एक मुलाकात के दौरान पेयजल प्रभारी इंजीनियर शिखा दीक्षित ने बताया कि बीना नगर की लगभग 70 लाख की आबादी को साढ़े चार लाख लीटर पानी को शुद्ध करने की क्षमता वाले वाटर फिल्टर प्लांट एवं 6 टंकियां से शुद्ध पानी सप्लाई किया जाता





है।उन्होंने बताया शहर से 14 किलोमीटर दूर बीना नदी पर फिल्टर प्लांट बनाया गया फिल्टर में सीधी नदी से पानी आता है जिस कारण से मुख्य टैंक में बड़ी मात्रा में कीचड़ और जीव जंतु आ जाते हैं इसलिए हर चार माह में नियमित रूप से फिल्टर की सफाई नगर पालिका द्वारा कराई जाती है सफाई के एक दिन पूर्व नगर में जल सप्लाई नहीं की जाती। किंतु शुद्ध पर जल के लिए यह भी आवश्यक है।इस कार्य जिनकी प्रमुख भूमिका रहती है उनमें शिखा दीक्षित उपयत्री विवेक ठाकुर उपयत्री प्रभारी जल प्रदाय शाखा लोकेंद्र तिवारी, मनोज पटेल, अन्य शाखा की कर्मचारियों का सहयोग प्रशंसनीय रहता है। हमारा पद ग्रहण करने के साथ ही स्वच्छता, स्वच्छ जल लोगों को मिले यह हमारा हमेशा प्रयास रहा एक दिन के लिए भी जल आपूर्ति रोकी जाती है तो मुझे कष्ट जरूर होता है किंतु शुद्ध पेयजल प्रदान करने के लिए यह भी जरूरी है। आप लोगों के लिए जो कष्ट होता है उसे पर में खेद व्यक्त करती हूं।

**इनका कहना है**

बेहतर जलपूर्ति के लिए 6 पानी की नई टंकियां का निर्माण शहर में किया जाना है जिन में से दो का काम प्रगति पर है इन सभी टांगों के निर्माण होने के बाद शहर में पर्याप्त पानी की आपूर्ति होगी।

**लता सकवार,** अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बीना

## सोयाबीन खरीदी केंद्र का किया एसडीएम ने किया निरीक्षण

**सागर।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर संदीप जी.आर. के आदेश पर जिले में सोयाबीन खरीदी का कार्य किया जा रहा है। किसान भाइयों को समय पर खरीदी हो और उनका भुगतान हो इसके लिए कलेक्टर श्री संदीप जी आर के द्वारा समस्त एसडीएम को निर्देशित किया गया कि सभी सोयाबीन खरीदी केंद्र का निरीक्षण करें एवं स्टाफ पंजी भी देखें और किसान भाइयों से चर्चा करें। साथ ही उनकी समस्याओं का मौके पर ही निराकरण करें। इसी परिप्रेक्ष्य में आज राहतगढ़ एसडीएम अशोक सेन के द्वारा राहतगढ़ के सोयाबीन



खरीदी केंद्र किटुआ का निरीक्षण किया गया और किसान भाइयों से चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि किसान भाइयों की उपज की समय पर खरीदी की जाए एवं भुगतान के लिए तत्काल बिल लगाए जाएं जिससे उनका समय पर भुगतान हो। उन्होंने खरीदी केंद्र संचालक को निर्देश दिए कि सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जावे।

## ब्रीफ न्यूज

### आजकल दुबई की सैर कर रहे पाक क्रिकेटर हसन अली

**दुबई।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम से बाहर चल रहे तेज गेंदबाज हसन अली आजकल पत्नी के साथ दुबई की सैर कर रहे हैं। हसन ने सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें भी साझा की हैं, इसमें वह पत्नी सामिया आरजू के साथ घूम रहे हैं। सामिया भारतीय मूल की हैं और हरियाणा के पलवल जिले की रहने वाली हैं। सामिया पेशे से फ्लाइट इंजीनियर हैं। हसन और सामिया की पहली मुलाकात भी दुबई में ही हुई थी। तब हसन क्रिकेट सीरीज खेलने के लिए वहां गए हुए थे। धीरे धीरे दोनों की दोस्ती हुई और फिर बात शादी तक जा पहुंची। हसन अपनी तसवीरें और वीडियो अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर करते रहते हैं। इन दोनो की दो बेटियां है। हसन ने पाक की ओर से 24 टेस्ट, 66 एकदिवसीय और 51 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। उन्होंने टेस्ट में 80 जबकि एकदिवसीय में 100 विकेट लिए हैं जबकि टी20 में उनके नाम 60 विकेट दर्ज हैं। हसन ने अपना आखिरी टेस्ट मैच इस साल जनवरी में खेला था उसके बाद से ही वह टीम में वापसी करने में विफल रहे हैं। इसके अलावा एकदिवसीय टीम में भी उन्हें पिछले एक साल से जगह नहीं मिली है। इसका कारण नसीम शाह सहित कुछ युवा गेंदबाजों का अच्छा प्रदर्शन भी एक कारण है।

### 14 मार्च से शुरु होगा आईपीएल 2025 सत्र

**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 सत्र की तारीखें घोषित कर दी है। आईपीएल 2025 सत्र की शुरुआत 14 मार्च से होगी और इसका खिताबी मुकाबला 25 मई को खेला जाएगा। वहीं आईपीएल के लिए खिलाड़ियों की मेगा नीलामी इसी माह 24 और और नवंबर को संयुक्त अरब अमीरात के जेद्दा में होगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड बीसीसीआई ने सभी फ्रेंचाइजी को आईपीएल के तीन सत्रों के लिए घोषित तारीखों की जानकारी दी है। इसमें 2026 का सत्र 15 मार्च से 31 मई तक चलेगा। जबकि 2027 का सत्र 14 मार्च से 30 मई तक होगा। घोषणा के अनुसार पिछले सत्र की तरह ही 2025 सत्र में 74 मैच खेले जाएंगे। हालांकि यह संख्या आईपीएल द्वारा 2022 में रखे गये 84 मैचों से 10 कम है।

### बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी जीत सकती है ऑस्ट्रेलिया : पुजारा

**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व बल्लेबाज चैतेश्वर पुजारा का मानना है कि इस बार बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में ऑस्ट्रेलियाई टीम का पलड़ा भारी है। पुजारा ने कहा कि भारतीय टीम पर न्यूजीलैंड के खिलाफ 0-3 से सीरीज हारने के कारण दबावा रहेगा जबकि दूसरी और ऑस्ट्रेलियाई टीम ने पाकिस्तान पर जीत दर्ज की है जिससे उसके हौंसले बढ़े हुए रहेंगे। उन्होंने कहा कि टीम संतुलन को देखते हुए घरेलू हालात में ऑस्ट्रेलिया का पलड़ा भारी नजर आता है। वहीं खिलाड़ियों के चोटिल होने से भारतीय टीम की मुश्किलें बढ़ गयी हैं हालांकि इसके बाद भी भारतीय टीम के पास सीरीज जीतने का अवसर है पर मेरा मानना है कि घेरलू टीम होने के कारण ऑस्ट्रेलिया सीरीज जीतने की बड़ी दावेदार रहेगी।



लास वेगास में फार्मुला वन रेस के लिए मर्सीडीज के लुइस हैमिल्टन अभ्यास करते हुए।

# सहवाग के बेटे आर्यवीर ने कूचबिहार ट्रॉफी में दोहरा शतक लगाया

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**



पूर्व क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग के बेटे आर्यवीर ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए कूचबिहार ट्रॉफी में दोहरा शतक लगाया है। आर्यवीर ने दिल्ली की ओर से खेलते हुए मेघायल के खिलाफ दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय नाबाद 200 रन बनाये। इस मैच में मेघालय की टीम पहली पारी में 260 रन पर सिमट गयी। वहीं दिल्ली के दो विकेट पर 468 रन हो गये हैं। इस प्रकार दिल्ली की टीम के पास पहली पारी के आधार पर 208 रन की बढ़त हो गई है। आर्यवीर भी पिता की तरह ही आक्रामक बल्लेबाजी करते हैं। आर्यवीर ने अपनी इस पारी में 34 चौके और 2 छक्के लगाए हैं। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 87.34 का रहा है। सहवाग के बेटे ने वीनू मांकड़ ट्रॉफी में डेब्यू करते ही अपनी बल्लेबाजी से सबका ध्यान है। उन्होंने अंडर 19 प्रतिस्पर्धा में 49 रन की शानदार पारी खेली थी। इस प्रकार दिल्ली को मणिपुर के खिलाफ मैच में 6 विकेट से जीत मिली थी। आर्यवीर ने अपने साथी सलामी बल्लेबाज अर्णव बग्गा के साथ मिलकर 180 रनों की साझेदारी की। बग्गा ने 114 रन की पारी खेली थी। मेघालय की टीम पहली पारी में 260 रन पर सिमट गयी। वहीं दिल्ली की ओर से तेज गेंदबाज उधव मोहन ने सबसे ज्यादा 4 विकेट लिए। दिल्ली की टीम मेघालय के खिलाफ मैच में बड़े स्कोर की ओर बढ़ रही है। उसने 468 रन बना लिए हैं और अभी उसके 2 विकेट ही गिरे हैं। वहीं धान्य नाकरा 98 रन पर नाबाद हैं।

# राहुल बने थर्ड अंपायर के एक विवादित फैसले का शिकार

## पर्थ टेस्ट का पहला दिन- भारत ने 150 बनाए

**एजेंसी ■ पर्थ**




ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ टेस्ट के पहले दिन भारत मजबूत स्थिति में पहुंच गया है। टीम 83 रन से आगे है और ऑस्ट्रेलिया के 3 ही विकेट बाकी है। ऑप्टस स्टेडियम में भारत ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। कोई भी बैटर फिफ्टी नहीं लगा सका और टीम 150 रन पर ऑलआउट हो गई। जोश हेजलवुड ने 4 विकेट लिए। वहीं, भारतीय क्रिकेट टीम के बल्लेबाज केएल राहुल को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट मैच में बेईमानी से आउट दिये जाने का आरोप ऑस्ट्रेलिया पर लगा है। राहुल थर्ड अंपायर के एक विवादित फैसले का शिकार बने हैं।भारतीय टीम की पहले दिन ही शुरुआत अच्छी नहीं रही पर राहुल एक छोर पर डटे रहे। वह अच्छी लय में दिख रहे थे पर एक गलत फैसले का शिकार बन गये। राहुल अच्छी बललेबाजी कर रहे थे पर 23वें ओवर में मिचेल स्टार्क की गेंद को रक्षात्मक खेलने के दौरान गेंद उनके बल्ले के पास से निकलकर विकेटकीपर एलेक्स कैरी के पास गयी। इसपर पूरी ऑस्ट्रेलियाई टीम ने अपील की पर अंपायर ने आउट नहीं दिया। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने रिव्यू लिया। रिव्यू में जब रिप्ले दिखाया तो बल्ले और बॉल के गेंद के बीच काफी फासला नजर आ रहा था पर फिर भी स्निको मीटर में हरकत दिखाई गई। फिर अंपायर ने फ्रंट कैमरा से देखा तो पता चला कि बल्ले और पैड टकराए हैं। स्निको मीटर में आवाज सिर्फ एक की ही आई। फ्रंट कैमरा से साफ था कि बल्ला और पैड टकराए हैं यानी स्निको में इसकी आवाज को लेकर हरकत होनी तय थी। बैक कैमरा से दिखा की गेंद और बल्ला दूर हैं। फिर भी मान लिया जाए कि दोनों टकराए हैं तो फिर स्निको में दो बार हरकत होनी थी जो हुई नहीं। फिर भी अंपायर ने राहुल को आउट दे दिया।

ये फैसला देखकर सभी हैरान हो गये। जो कैमरा एंगल दिखाए गए उसे देखने के बाद राहुल नॉट आउट लग रहे थे लेकिन अंपायर ने आउट दे दिया।

### राहुल ने टेस्ट में 3000 रन पूरे किये

भारतीय टीम के बल्लेबाज केएल राहुल ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बहुप्रतीक्षित बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट के दौरान ही अपने 3,000 रन पूरे किए। राहुल ने पहली पारी में 26 रनों की अपनी पारी के दौरान ही ये उपलब्धि हासिल की। राहुल के अब 54 मैचों की 92 पारियों में 8 शतक और 15 अर्द्धशतक के साथ 33.78 की औसत से 3,007 रन हो गये हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 199 है। ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड में भी उनके नाम शतक हैं। यह साल उनके लिए टेस्ट में उतार-चढ़ाव भरा रहा है, जिसमें उन्होंने छह मैचों और 9 पारियों में 32.50 की औसत से 260 रन बनाए हैं। जिसमें दो अर्द्धशतक शामिल हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 86 रन रहा है। पहले टेस्ट की पहली पारी में 19 रन बनाते ही राहुल ने अपने 3000 टेस्ट रन कर लिए।

# शमी ने मांजरेकर को करारा जवाब दिया






**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर की उस बयान के लिए कड़ी आलोचना की है। जिसमें मांजरेकर ने कहा है कि फिटनेस सही नहीं होने के कारण आईपीएल 2025 के लिए शमी पर टीमें अधिक रकम लगाने का जोखिम नहीं उठाएंगी। शमी ने कहा कि मांजरेकर कमेंटटर का काम कर रहे हैं पर उन्हें इस प्रकार की आधारहीन बातें नहीं करनी चाहिये। आईपीएल में 2013 में पदार्पण के बाद से शमी ने 110 मैचों में 127 विकेट लिए हैं। उन्होंने टखने की चोट के कारण सर्जरी के बाद करीब एक साल में प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में हाल ही में वापसी की है। शमी को इस बार मेगा नीलामी से पहले गुजरात टाइटंस ने रिलीज कर दिया। नीलामी में उनका बेस प्राइज दो करोड़ रूपए है। शमी ने सोशल मीडिया पर लिखा, ' थोड़ा सा ज्ञान अपने भविष्य के लिए भी बचा लो, काम आएगा मांजरेकर जी। साथ ही तंज कसा कि किसी को भविष्य जानना हो तो इनसे मिलें। मांजरेकर ने कहा था कि शमी के लिये कई टीमें बोली लगा सकती है लेकिन उन्हें नहीं लगता कि टीमों के बीच उनके लिये होड़ होगी। उन्होंने कहा था, 'टीमों की उनमें रुचि होगी लेकिन चोटों के उनके इतिहास को देखते हुए सत्र के बीच में बाहर होने की आशंका रहती है इसलिए टीमें जोखिम नहीं लेना चाहेंगे क्योंकि अगर शमी बीच में बाहर होते हैं तो उनका पैसा फंस जाएगा। इसलिए उनकी कीमत घट सकती है।

# आईपीएल नीलामी में इस प्रकार खेल पायेंगे बिना बिके खिलाड़ी

**एजेंसी ■ मुम्बई**




आईपीएल के 2025 सत्र के लिए मेगा नीलामी सऊदी अरब के जेद्दा शहर में 24-25 नवंबर को होने वाली है। इस दो दिवसीय नीलामी में कई खिलाड़ियों पर करोड़ों की बोली लगेगी। इसके लिए इस बार 574 खिलाड़ी मैदान में उतरेंगे जिनमें से 204 खिलाड़ियों को ही खरीददार मिलेंगे। ऐसे में बचे हुए 270 खिलाड़ी बिना बिके ही रह जाएंगे पर इसके बाद भी इन खिलाड़ियों के पास आईपीएल में खेलने का अवसर है। आईपीएल नीलामी में नहीं बिकने वाले खिलाड़ी के पास तब भी टीम में जगह पाने का अवसर रहता है जब किसी टीम का कोई खिलाड़ी घायल होकर बाहर हो जाये या किसी टीम को कोई खिलाड़ी किसी कारण से अपना नाम वापस ले ले। ऐसे में फ्रेंचाइजी नहीं बिके खिलाड़ियों में से किसी को फ्रेंचाइजी विकल्प के तौर अपने साथ रख सकती है। आईपीएल के इतिहास में ऐसा कई बार हुआ है जब नीलामी में बिना बिके खिलाड़ियों को भी खेलने का अवसर मिला है. गौरतलब है कि कोलकाता नाइटराइडर्स के ओपनर फिल साल्ट को आईपीएल 2024 नीलामी में पहले किसी टीम ने नहीं खरीदा था पर जब ओपनर जेसन रॉय हटे थे तो केकेआर ने साल्ट को अपने साथ जोड़ लिया। वहीं इससे पहले साल 2023 में राजस्थान रॉयल्स ने भी नीलामी में नहीं बिके संदीप शर्मा को प्रसिद्ध कृष्णा के चोटिल होने के बाद खरीदा था।

### आईपीएल नीलामी कार्यक्रम से पोंटिंग और लैंगर की मुश्किलें बढ़ीं

**पर्थ।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने कहा है कि आईपीएल 2025 मेगा नीलामी के लिए रखे कार्यक्रम के कारण उन्हें और जस्टिन लैंगर को परेशानी होगी। पोंटिंग लौर लैंगर बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के लिए कमेंट्री टीम में शामिल हैं। पोंटिंग ने कहा कि नीलामी का कार्यक्रम 24 और 25 नवंबर को जेद्दा में रखा गया है। इस कारण उन्हें पहले टेस्ट मैच को बीच में ही छोड़कर जाना होगा। पोंटिंग और लैंगर आईपीएल फ्रेंचाइजी से कोच के तौर पर जुड़े हैं। जेद्दा में होने वाली नीलामी में पोंटिंग बतौर पंजाब किंग्स कोच, लैंगर लखनऊ सुपर जायंट्स के कोच के रूप में मौजूद रहेंगे। पोंटिंग और लैंगर पर्थ टेस्ट के पहले दिन ही कमेंट्री करते हुए नजर आएंगे, इसके बाद इन्हें जाना होगा। पोंटिंग ने कहा कि, ये मेरे और लैंगर के लिए कठिन स्थिति है। हम पिछले कुछ महीनों से सोच रहे थे कि शायद टेस्ट मैच और नीलामी में अंतर होगा।

## क्वार्टर फाइनल में खेलते थानस



मलागा में डेविस कप टेनिस क्वार्टर फाइनल में खेलते हुए ऑस्ट्रेलिया के थानस कोकिनाकिस।

### वॉर्नर अब घरेलू बिग बैश लीग (बीबीएल) लीग में कप्तानी करते हुए नजर आयेंगे

# अब बीबीएल में सिडनी थंडर की कप्तानी करते दिखेंगे वॉर्नर




**एजेंसी ■ सिडनी**

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर अब घरेलू बिग बैश लीग (बीबीएल) 2024-25 लीग में सिडनी थंडर की कप्तानी करते हुए नजर आयेंगे। वॉर्नर को साल 2018 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मुकाबले में गेंद से छेड़छाड़ को लेकर आजीवन कप्तानी के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया था। उस समय वह टीम के उपकप्तान थे। इसके बाद वार्नर टीम में वापसी करने में सफल हुए पर उनका करियार अधिक नहीं चल पाया।

वॉर्नर ने कुछ समय पहले ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। इस क्रिकेटर ने कप्तानी पर लगे प्रतिबंध के खिलाफ अपील की थी। जिसके बाद क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के आचार संहिता आयोग ने उन पर लगे प्रतिबंध को समाप्त कर दिया। समीक्षा पैनल ने कहा, 'वार्नर जवाबों के सम्मानजनक तथा पश्चाताप भरे लहजे ने समीक्षा पैनल को प्रभावित किया और उन्हें अपने आचरण के लिए अत्यधिक पश्चाताप है। इसके बाद उन्हें सिडनी थंडर का कप्तान बनाये जाने की घोषणा की गई।

वहीं सिडनी थंडर का कप्तान बनाए जाने पर उत्साहित वॉर्नर ने कहा, 'एक बार फिर सिडनी थंडर की कप्तानी करना मेरे लिए बहुत मायने रखता है। मैं शुरुआत से ही इस टीम का हिस्सा रहा हूं। अब अपने नाम के आगे 'सी के साथ वापस आना बहुत अच्छा लग रहा है। वार्नर ने इससे पहले 2011 में एक बार थंडर का नेतृत्व किया था।

### ईडन गार्डन्स में झूलन के नाम पर बनेगा स्टैंड

**कोलकाता।** बंगाल क्रिकेट संघ (कैब) ने कहा है कि अब ईडन गार्डन्स में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी के नाम पर एक स्टैंड बनेगा। कैब के अनुसार ये स्टैंड 'बी ब्लॉक में बनाया जाएगा। इससे



पहले झूलन के सम्मान में 'बी ब्लॉक का नाम बदलने का प्रस्ताव कैब की शीर्ष संस्था के समक्ष रखा गया था जिसे स्वीकार कर लिया गया। अब अगले साल 22 जनवरी को भारत और इंग्लैंड के बीच होने वाले टी20 मैच के दौरान इस स्टैंड का अनावरण होगा। इस महिला क्रिकेटर के नाम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड भी है। अभी ईडन गार्डन्स में अभी पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली और दिवंगत पंकज रॉय के अलावा पूर्व बीसीसीआई अध्यक्ष दिवंगत जगमोहन डालमिया और विश्वनाथ दत्त के नाम पर स्टैंड हैं जिसमें अब झूलन का नाम भी जुड़ जाएगा। गोस्वामी ने अपने करियर के दौरान 12 टेस्ट मैचों में 44 विकेट लिए जबकि 204 एकदिवसीय मैच में उनके नाम 255 विकेट लिए और 68 टी20 मैच में 56 विकेट हैं।



प्रदूषण के बढ़ते स्तर के कारण मेरठ के अस्पतालों में आंखों से संबंधित समस्याएं बढ़ रही हैं। प्रदूषण के कणों से आंखों को नुकसान हो रहा है। हाल ही में यहां की एक स्थानीय टीम ने लाला लाजपत राय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य से बातचीत की। उन्होंने बताया कि आंखों के बीच के संवेदनशील हिस्से में प्रदूषण के कण जा सकते हैं, जिससे आंखों में जलन और खुजली हो सकती है।

# जातीय समीकरण में बंध गया कमल और साइकिल की रेस का रोमांच

## विधानसभा उपचुनाव : हाथी भी इस बार आगे निकलने की होड़ में दिख रहा, मतगणना आज...दोपहर तक नए विधायक का चेहरा हो जाएगा साफ

सत्ता सुधार ■ लखनऊ

सियासी सरजमीं पर सियासत कौन सी करवट बैठेगी इसके लिए शनिवार की दोपहर तक का इंतजार करना होगा। फूलपुर विधानसभा उपचुनाव में हुए मतदान में इस बार कम मत प्रतिशत चर्चा का विषय है। कमल और साइकिल की रेस का रोमांच इस बार जातीय समीकरणों में बंधा दिख रहा है। बसपा का हाथी भी इस बार आगे निकलने की होड़ में है। मतदान के अगले दिन सभी राजनीतिक दलों के सियासी धुरंधर चुनावी गुणा भाग करते नजर आए। इस बार प्रमुख दलों के सामने नई चुनौतियां पेश आईं तो कहीं उन्हें फायदा भी मिला। माहौल ऐसा रहा कि तमाम मतदाताओं ने मौन तोड़कर अपनी बात सफाई से बता दी। तर्क दिया कि वह क्यों किसके साथ हैं। खेमेबंदी अलग तरह की दिखाई दी। सपा और भाजपा के तमाम पदाधिकारी बूथों से मिली रिपोर्ट की समीक्षा करते नजर आए।




### नतीजे से तय होगा सांसद प्रवीण पटेल का कद

विधानसभा उपचुनाव का नतीजा फूलपुर के सांसद प्रवीण पटेल के सियासी कद का भी निर्धारण करेगा। पटेल सांसद बनने के पूर्व इस विधानसभा से लगातार दो बार विधायक रह चुके हैं। उन्होंने वर्ष 2017 में इस विधानसभा सीट पर पहली बार कमल खिलाया, लेकिन 2022 के चुनाव में सपा प्रत्याशी मुजतबा सिद्दीकी ने उन्हें कड़ी टक्कर दी, बाद में प्रवीण मामूली अंतर से चुनाव जीते। हालांकि लोकसभा चुनाव के दौरान फूलपुर विधानसभा सीट पर प्रवीण पटेल सपा प्रत्याशी से काफी पिछड़ गए। विधायक हर्षवर्धन बाजपेयी की शहर उत्तरी विधानसभा सीट ने अगर प्रवीण को बड़ा मार्जिन न दिया होता तो इस लोकसभा सीट पर भी इंडिया गठबंधन का ही कब्जा होता।

### यहां की समीक्षा

कोटवा, जमनीपुर, हनुमानगंज, जलालपुर, अंदावा, सहसों, फूलपुर बाजार, हेता पट्टी आदि के बूथों की गहन समीक्षा हुई। इसमें पाया गया कि साइकिल कहीं बहुत तेज दौड़ी तो कहीं भाजपा के लिए सूखी कही जाने वाली धरती पर कमल की पंखुड़ियां खिलती दिखीं।

### आजाद समाज पार्टी की उपचुनाव में दस्तक

आजाद समाज पार्टी पहली बार यहां उपचुनाव में दस्तक देती दिखाई दी। भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक अशोक बाजपेयी ने बताया कि वर्तमान में फूलपुर और पूर्व में झूंसी विधानसभा चुनाव के नतीजे काफी हद तक जातीय समीकरण के आधार पर ही आते हैं। लोकसभा चुनाव के दौरान यहां कुर्मी, मौर्य, पाल, सवर्ण आदि बिरादरी के वोटरों में बिखराव देखने को मिला, लेकिन इस बार ऐसा नहीं है। यह भी जानकारी मिली है कि यादव और मुस्लिम बहुल बूथों पर भी उपचुनाव की वजह से मत प्रतिशत कम रहा। फूलपुर विधानसभा उपचुनाव के प्रभारी केशव प्रसाद मौर्य ने उपचुनाव को लेकर यहां प्रत्याशी का नाम घोषित होने से पहले ही अपनी बड़ी टीम यहां उतार दी थी।

## ब्रीफ न्यूज

### अब गौतमबुद्ध नगर पुलिस कहेगी हाऊ कैन आई हेल्प यू...

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर पुलिस अब लोगों से इंग्लिश में भी बात करेगी और लोगों से कहेगी हाऊ कैन आई हेल?प यू...। पुलिस की झिझक और तरीके को दुरुस्त करने ट्रेनिंग दी जाएगी। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि अपनी बात सही तरीके से रखने के लिए कम्युनिकेशन होना जरुरी है। मेट्रो सिटी में कई लोग अपनी लोकल भाषा या इंग्लिश में सहज होते हैं, इसको ध्यान में रखकर पुलिस इंग्लिश की ट्रेनिंग करवाने का फैसला लिया गया है। एक्सपर्ट ट्रेनिंग देंगे। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि शहर में साढ़े 400 एसआई के साथ इसकी शुरुआत की जाएगी। ये सभी क्वॉलिफाई हैं, सिर्फ उनकी कम्युनिकेशन स्किल को बेहतर किया जाएगा, ताकि पुलिस की इमेज बेहतर हो सके। जरूरत के हिसाब से अपनी भाषा को स्विच कर सकें, इसलिए यह ट्रेनिंग करवाई जाएगी।

### आनंद भवन के गेट पर लगा 'इंदिरा इज बैक' का बैनर

**प्रयागराज।** नेहरू-गांधी परिवार के पैतृक निवास आनंद भवन के गेट पर इंदिरा गांधी और प्रियंका वाड्रा के चित्र वाला बैनर लगाया गया है। बैनर में इंदिरा इज बैक लिखा है। इसके जरिए प्रियंका को इंदिरा के समतुल्य दिखाया गया है। बैनर के जरिए कांग्रेसियों ने वायनाड लोकसभा उपचुनाव में प्रियंका को जीत की अग्रिम बधाई दी है। कांग्रेस प्रवक्ता हसीब अहमद ने कहा इंदिरा गांधी का अवतार प्रियंका हैं। वह अब राजनीति की मुख्य धारा में आकर सदन में ललकारेंगी। इलाहाबाद के कर्नलगंज रोड पर स्थित आनंद भवन का इतिहास काफी पुराना है। कांग्रेस प्रवक्ता हसीब अहमद ने बताया कि मोतीलाल नेहरू ने आजादी से पहले आनंद भवन को मात्र 2500 रुपए में खरीदा था।

### दुष्कर्म का वीडियो दिखाकर धन उगाही का आरोपः पीड़िता ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार


**बस्ती।** बलरामपुर जनपद से मार्केटिंग का काम करने आई युवती को एक युवक द्वारा कोतवाली थाना क्षेत्र के पटेल चौक स्थित ग्रीन वैली होटल में ले जाकर हवस का शिकार बनाने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने वीडियो दिखाकर ब्लेकमेलिंग करने वाले कलवारी थाना क्षेत्र के कलवारी मुस्तहकम निवासी आलोक पाण्डेय के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराकर न्याय दिलाने की गुहार लगाया है। शुक्रवार को बलरामपुर जनपद निवासिनी पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को पत्र दिया। पीड़िता ने एसपी कार्यालय पहुंचकर की न्याय की गुहार लगाई है।

## वन दरोगा नियुक्ति पत्र वितरण : सीएम योगी आदित्यनाथ बोले-

# सिपाही भर्ती में भी 20 प्रतिशत महिलाकर्मियों की होगी भर्ती

### पहले भर्ती निकलती थी और महाभारत के रिश्ते टपक पड़ते थे

### हमने कहा- भर्ती में किसी के साथ ही भेदभाव नहीं कया जाएगा



सत्ता सुधार ■ लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के लोकभवन में आयोजित समारोह में 701 वन दरोगाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। उन्होंने कहा कि इन वन दरोगाओं में से 140 महिला अभ्यर्थी हैं।

मुख्यमंत्री योगी ने सभी को बधाई और शुभकामनाएं दी। इस दौरान प्रदेश सरकार की तरफ से पर्यावरण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यक्रमों का भी वर्णन किया। मुख्यमंत्री योगी ने वन दरोगाओं से कहा कि इस समय पूरी दुनिया पर्यावरण को लेकर चिंतित है। हाल ये है कि कई शहरों में प्रदूषण के कारण स्कूल-कॉलेज तक बंद करने पड़ रहे हैं। ऐसे समय में आप सभी लोगों को जागरुक करके समाज और देश के लिए योगदान कर सकते हैं। इसके लिए अपने क्षेत्र में नए प्रयोग करें और अपने विभाग को सर्वोत्तम बनाने का प्रयास करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 में प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद हमने सभी बोर्ड और आयोगों को निर्देश दिया था कि भर्ती प्रक्रिया बिना किसी खोट के हो और कहीं भी गड़बड़ी होने पर जवाबदेही सुनिश्चित हो। यही कारण है कि परीक्षा पूरी होकर नियुक्ति पत्र वितरित हो रहे हैं। पहले यूपी में भर्ती निकलती थी और महाभारत के रिश्ते टपक पड़ते थे। हमने कहा कि भर्ती में किसी के साथ ही भेदभाव नहीं कया जाएगा। इसका परिणाम अब दिख रहा है। अभी कल ही पुलिस भर्ती की लिखित परीक्षा का परिणाम जारी हुआ है। आगे के प्रक्रिया पूरी करने के बाद 60 हजार पदों पर पुलिस की भर्ती की जाएगी जिसमें 20 प्रतिशत संख्या महिलाकर्मियों की होगी। हमने बीते साढ़े सात वर्षों में पारदर्शी और शुचितापूर्ण भर्ती की। जब भर्ती इतनी पारदर्शी और शुचिता के साथ सम्पन्न हो रही है तो राज्य की भी अपेक्षाएं आपसे हैं।

### जनता को करना होगा जागरुक

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आमतौर पर होता है कि सरकारी कर्मचारी जनता से दूरी बना लेते हैं। वो जनता से संवाद नहीं करते हैं पर जनता से संवाद कर लोगों को जागरुक करने की आवश्यकता है। लोगों को बताएं कि प्लास्टिक का प्रयोग न करें। लोग प्लास्टिक का उपयोग करके उसे खेतों में और अलग-अलग जगह फेंक देते हैं जिसका दुष्परिणाम पर्यावरण के में क्षय के रूप में आम जनता को ही भुगतना पड़ता है। आप सभी मिलकर जनता को जागरुक करें और अपने विभाग को सर्वोत्तम बनाएं।

# श्रीराम से जुड़ी एक और नगरी को भव्य स्वरूप दे रही सरकार

## महाकुंभ 2025 : विकसित होगी रूरल टूरिज्म की संभावना

एजेंसी ■ प्रयागराज

योगी सरकार प्रयागराज महाकुंभ को दिव्य और भव्य स्वरूप प्रदान कर रही है। प्रयागराज नगरी के साथ ही जिले में गंगा किनारे स्थित निषादराज गुह्य की राजधानी रहे श्रृंगवेरपुर धाम का भी कायाकल्प सरकार कर रही है। श्रृंगवेरपुर धाम में धार्मिक और आध्यात्मिक पर्यटन के साथ रूरल टूरिज्म की भी संभावनाएं विकसित हो रही हैं। राम नगरी अयोध्या में भगवान श्री राम के मंदिर के भव्य निर्माण और गर्भ ग्रह में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अब प्रभु राम के अनन्य भक्त निषादराज की राजधानी श्रृंगवेरपुर को भी भव्य स्वरूप दिया जा रहा है। यूपी की पूर्व की सरकारों में उपेक्षित रहे प्रयागराज के श्रृंगवेरपुर को मुख्यमंत्री योगी ने नई पहचान दी है। सामाजिक समरसता के प्रतीक इस स्थान को धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन के साथ अब रूरल टूरिज्म के साथ भी जोड़ कर विकसित किया जा रहा है।

### जल्द पूरा होगा कायाकल्प का काम

प्रयागराज की क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह बताती हैं कि श्रृंगवेरपुर धाम का कायाकल्प का कार्य समापन के चरण में है। इसके अंतर्गत यहां 3732.90 लाख की लागत से निषादराज पर्यटन पार्क स्थल का निर्माण कार्य दो फेज में किया गया है। निषादराज पार्क (फेज-1) के निर्माण के लिए 1963.01 लाख के बजट से निषादराज एवं भगवान श्रीराम मिलन की मूर्ति की स्थापना व मूर्ति के पैडेस्टल का कार्य, पोडियम का कार्य, ओवर हेड टैंक, बाउंड्रीवाल, प्रवेश द्वार का निर्माण, गार्ड रूम आदि कार्य कराया गया। इसी तरह श्रृंगवेरपुर धाम में निषादराज पार्क (फेज-2) के 1818.90 लाख के बजट से इस भगवान श्रीराम के निषादराज मिलन से संबंधित गैलरी, चित्रांकन, ध्यान केन्द्र, केयर टेकर रूम, कैफेटेरिया, पॉथ-वे, पेयजल व टॉयलेट ब्लॉक, कियास्क, पार्किंग, लैंड स्केपिंग, हॉर्टिकल्चर, आउटर रोड, सोलर पैनल, मुक्ताकाशी मंच आदि कार्य कराए गए हैं। छह हेक्टेयर में बनाए गए इस भव्य पार्क का लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे।



### रूरल टूरिज्म का हब बनेगी निषादराज की नगरी

धार्मिक और आध्यत्मिक पर्यटन के साथ श्रृंगवेरपुर धाम को ग्रामीण पर्यटन के साथ जोड़कर विकसित करने का रोड मैप तैयार किया गया है। अपराजिता सिंह के मुताबिक रूरल टूरिज्म के अन्तर्गत श्रृंगवेरपुर धाम को विकसित किए जाने के लिए सबसे पहले यहां ग्रामीण क्षेत्र में होम स्टे की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। इसके लिए यहां स्थानीय लोगों को अपने यहां मड हाउस या हट बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है ताकि पर्यटकों को कुछ अलग अनुभव हो सके। इन सभी स्थानों पर थीमेटिक पेंटिंग होगी, स्थानीय खानपान और स्थानीय संस्कृति को भी यहां संरक्षित किया जाएगा। पर्यटक भी यहां स्टे करने के दौरान स्थानीय ग्रामीण क्राफ्ट का हिस्सा बन सके ऐसी उनकी कोशिश है।

# निहाल हत्याकांड के दो आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

### पुलिस ने हथियार किए बरामद और बाइक जब्त

एजेंसी ■ देवरिया



देवरिया में हुए निहाल सिंह हत्याकांड में फरार चल रहे तीन नामजद आरोपी में से दो आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ गए। मुखबिर की सूचना पुलिस टीम ने शुक्रवार की भोर में घेराबंदी कर दो नामजद आरोपी को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों के पैर में गोली मारकर घायल कर दबोच लिया और मेडिकल कालेज में पुलिस की सुरक्षा में भर्ती कराया। बीते सात नवंबर को थाना सुरौली इलाके के ग्राम जद्दु परसिया के पास मुख्य मार्ग पर शुभम सिंह उर्फ निहाल सिंह की बाइक सवार बदमाशों ने हत्या कर दी थी। निहाल की हत्या के बाद सुरौली पुलिस ने उसकी मां गायत्री सिंह की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की धडपकड़ में जुट गई। एसपी संकल्प शर्मा ने अभियुक्तों की गिरफ्तारी और घटना के खुलासे के लिए पुलिस टीमों का गठन किया गया था। पुलिस टीम ने बीते 12 नवंबर को पुलिस मुठभेड़ में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इसमें दो शूटर भी शामिल थे जिन्होंने निहाल को गोली मारने की बात स्वीकारी थी।

**आरोपियों से पूछताछ की जा रही:** पुलिस टीम ने घेराबंदी कर नामजद दो आरोपी अनुराग गुप्ता पुत्र विनोद गुप्ता उर्फ डब्बा और आशीष पांडेय पुत्र स्व. सत्या पांडेय निवासीगण-वार्ड नंबर 16 रामनाथ देवरिया थाना कोतवाली को पुलिस मुठभेड़ में दबोच लिया। एक पिस्टल और एक देशी तमंचा और बाइक बरामद हुई है। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

# पुष्पा-2 की एक्ट्रेस श्रीलीला पहुंचीं काशी, की गंगा आरती

### महादेव से मांगा आशीर्वाद, सेल्फी लेने की लगी रही होड़

एजेंसी ■ वाराणसी





अपने शानदार प्रेसेंस और जबरदस्त डांस मूव्स के साथ श्रीलीला हमेशा दर्शकों का दिल जीत लेती हैं। एक्ट्रेस, जो महेश बाबू के साथ गुंटूर करम के पॉपुलर गाने कुर्ची मदथापेट्टी से काफी पॉपुलर हुईं। अब एक और एपिक डांस नंबर के साथ पुष्पा-2 द रूल में वापस आ रही हैं। अब जब, उनकी परफॉर्मेंस को लेकर उम्मीदें और भी बढ़ गई हैं, ऐसे में श्रीलीला ने हाल ही में गाने की रिलीज से पहले वाराणसी का दौरा कर आशीर्वाद लिया। श्रीलीला ने अपनी मां के साथ वाराणसी में गंगा के किनारे आशीर्वाद लिया। भक्ति में रमी हुई, एक्ट्रेस ने अपने मच अवेटेड गाने किसिक की रिलीज से पहले इस पवित्र स्थल की यात्रा की। हाल ही में रिलीज हुआ पोस्टर दर्शकों की उत्सुकता को और बढ़ा चुका है, और अब हर कोई गाने में उन्हें देखने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहा है।

## कवायद — दिल्ली में एमओयू पर हस्ताक्षर, पूर्वांचल के लिए बड़ी बात, सुधरेंगी सुविधाएं

# आईएमएस बीएचयू में अब एम्स जैसी मिलेगी सुविधा

एजेंसी ■ वाराणसी




आईएमएस बीएचयू में एम्स जैसी सुविधा मिलने की दिशा में एक बार फिर नए सिरे से एमओयू की तैयारी पूरी कर ली गई है। इसके लिए संस्थान स्तर पर कागजी प्रक्रिया पूरी हो गई है। नई दिल्ली में स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा की मौजूदगी में शुक्रवार को बैठक हुई। स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की मौजूदगी में एमओयू पर हस्ताक्षर हो गया। इस दौरान कुलपति प्रो.सुधीर जैन, आईएमएस बीएचयू के निदेशक प्रोफेसर एसएन संखवार के साथ ही स्वास्थ्य मंत्रालय और शिक्षा मंत्रालय के अधिकारी मौजूद रहे। इसके लिए जरूरी कागजात के साथ निदेशक समेत विवि के अन्य अधिकारी गुरुवार को दिल्ली के लिए रवाना हुए थे। आईएमएस बीएचयू में एम्स जैसी सुविधा के लिए पांच अगस्त 2018 को बीएचयू के केएन उडुप्पा सभागार में स्वास्थ्य मंत्रालय और मानव संसाधन विकास मंत्रालय (वर्तमान में शिक्षा मंत्रालय) के बीच एमओयू किया गया था। इसके तहत आईएमएस बीएचयू में एम्स जैसी सभी सुविधाएं मिलने की घोषणाएं की गईं थीं। ऐसा इसलिए कि देशभर में एम्स के संचालन में जितनी स्वास्थ्य मंत्रालय की भागीदारी है, अब नए सिरे से एमओयू होने के बाद यहां एम्स जैसी सुविधा में स्वास्थ्य मंत्रालय की भागीदारी ही मुख्य होगी।

**बिहार-झारखंड को भी मिलेगा लाभः** उधर, नई दिल्ली में एम्स जैसी सुविधा पर एमओयू पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बीएचयू ट्रामा सेंटर प्रभारी प्रो. सौरभ सिंह ने कहा कि इस पहल से बीएचयू में आने वाले यूपी के अन्य जिलों के मरीजों के साथ ही बिहार झारखंड आदि जगहों के मरीजों को पहले से यहां मिलने वाली सुविधाओं में भी बढ़ोतरी होगी।

### डॉक्टरों ने जताई खुशी

आईएमएस बीएचयू में एम्स जैसी सुविधा मिलने की सूचना पर हृदय रोग विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. ओमशंकर ने कहा कि यह जनता के अधिकारों की जीत है। इससे पूर्वांचल के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी। स्वास्थ्य के अधिकारों की लड़ाई लंबे समय से लड़ी जा रही थी। 2013 में आईएमएस बीएचयू में एम्स के लिए भूख हड़ताल करने वाले डॉ. ओमशंकर ने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य जनता का मूल अधिकार है। उधर, ईएनटी डिपार्टमेंट के प्रोफेसर विशंभर सिंह ने इस पर खुशी जताते हुए इसे कहा कि इससे मरीजों की सुविधाओं में भी बढ़ोतरी होगी।

# संभल की जामा मस्जिद विवाद से माहौल बिगाड़ने की कोशिश

## मायावती की अपील- संज्ञान ले सुप्रीम कोर्ट और सरकार

सत्ता सुधार ■ लखनऊ



बसपा सुप्रीमो मायावती ने संभल जिले की जामा मस्जिद विवाद पर कहा कि इसके जरिये देश-प्रदेश में माहौल बिगाड़ने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा प्रदेश सरकार और सुप्रीम कोर्ट से मामले पर संज्ञान लेने की अपील की है। उन्होंने सोशल मीडिया साइट एक्स पर जारी किए गए बयान में कहा कि यूपी के संभल जिले की शाही जामा मस्जिद को लेकर अचानक विवाद, सुनवाई और फिर उसके फौरन ही बाद आपाधापी में सर्वे की खबरें राष्ट्रीय चर्चा व मीडिया की सुर्खियों में है, किन्तु इस प्रकार से सदभाव व माहौल को बिगाड़ने का संज्ञान सरकार तथा माननीय सुप्रीम कोर्ट को भी जरूर लेना चाहिए। दरअसल, मंगलवार को चंदौसी स्थित जिला न्यायालय में सिविल जज सीनियर डिवीजन आदित्य कुमार सिंह की कोर्ट में जामा मस्जिद को हरिहर मंदिर होने का वाद दाखिल किया गया था। न्यायालय ने उन्हें कोर्ट कमिश्नर की जिम्मेदारी दी है। मंगलवार को ही मस्जिद में पहुंचकर करीब दो घंटे तक वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी की गई है। इसकी फाइल तैयार की जा रही है। बारीकी से समीक्षा की जाएगी। उसके बाद सर्वे फिर करने जाएंगे। बताया कि न्यायालय ने 29 नवंबर को रिपोर्ट तलब की है। संभल जिले में प्रशासन ने सतर्कता बढ़ा दी है। जिले में डीएम ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएस) की धारा 163 लागू कर दी है। इस धारा के तहत पांच लोग भी एकत्र नहीं हो सकते हैं।

**स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक गोपाल श्रीवास्तव** के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, बाराघाटा इंडस्ट्रीयल एरिया प्लाट नं. 12ए झांसी रोड़ ग्वालियर से मुद्रित एवं रामतलाई हनुमान मंदिर के पास शिवपुरी रोड श्योपुर से प्रकाशित। संपादक - गोपाल श्रीवास्तव। **मोबाईल न. 9893126900, 7869966100,** फोन- फोन- 0751-4922849, भोपाल ऑफिस-0755-4002626, 4939910, आरएनआई नं. एमपीएचआईएन/2006/17513, विधिक सलाहकार श्री राजेंद्र जैन, एडवोकेट। **शिकायत एवं सुझाव हेतु संपर्क करें-6261052058, ई मेल- sattasudhar@gmail.com* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।**